# देशबन्धु

वर्ष – 7 । अंक – 328 । नर्मदापुरम, गुरुवार 6 मार्च 2025 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 2.00 रुपए


बुजुर्ग से हुई 85 हजार रुपए की ठगी — पृष्ठ 2

अंधविश्वासी विचारों का प्रचार करने वालों की साजिशों का पर्दाफाश होना चाहिए — पृष्ठ 4

अभद्र व्यवहार करने पर संभाग आयुक्त ने सीईओ को किया निलंबित — पृष्ठ 6

झाबुआ में डीजे संचालकों ने एनएच 47 पर मचाया बवाल, पुलिस पर किया पथराव — पृष्ठ 8

# केदारनाथ में बनेगा दुनिया का सबसे लम्बा रोप-वे






- मोदी मंत्रिमंडल ने दी मंजूरी
- 9 घंटे का सफर 36 मिनट में
- परियोजना पर खर्च होंगे 4,081 करोड़

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** केंद्र की मोदी सरकार ने बुधवार को कैबिनेट बैठक में अहम फैसले लिए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति ने सोनप्रयाग से केदारनाथ (12.9 किमी) और गोविंदघाट से हेमकुंड साहिब तक 12.4 किलोमीटर तक रोपवे परियोजना के निर्माण को मंजूरी दी गई। इसकी जानकारी केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके दी। केदारनाथ रोपवे प्रोजेक्ट के बारे में जानकारी देते हुए केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया, इसका सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि अभी जो यात्रा 8-9 घंटे में पूरी होती है, वह घटकर 36 मिनट की हो जाएगी। रोपवे में एडवांस्ड ट्राई-केबल डिटेचेबल गंडोला (3एस) टेक्नोलॉजी इस्तेमाल की जाएगी। गंडोला अपने आप में एक मिनी बस है। इसमें 36 लोगों के बैठने की क्षमता होगी। इससे श्रद्धालुओं को बहुत बड़ा फायदा होगा। जो आज 2 महीने की यात्रा है, रोपवे के बाद 6 महीने तक यात्रा करने का सौभाग्य मिलेगा।

केंद्रीय सूचना प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इस रोपवे परियोजना पर करीब 4,081 करोड़ रुपये का खर्च आएगा। इस रोपवे को डिजाइन, निर्माण, वित्त, संचालन और हस्तांतरण (डीबीएफओटी) मोड पर विकसित किया जाएगा। यह दुनिया का सबसे लम्बा रोपवे होगा।

## पशुओं के टीकाकरण के लिए 3880 करोड़ मंजूर

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने 3880 करोड़ रुपए की लागत से खुरपका-मुंहपका और अन्य पशु रोगों के टीकाकरण तथा जेनेरिक दवाओं से संबंधित पशुधन स्वास्थ्य एवं रोग नियंत्रण कार्यक्रम को मंजूरी दी है। वैष्णव ने कहा कि इस योजना के तीन घटक राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम (एनएडीसीपी), एलएचएंडडीसी और पशु औषधि हैं। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के तहत टीकाकरण की मदद से पशुओं के रोग खुरपका-मुंहपका रोग (एफएमडी), ब्रुसेलोसिस, पेस्ट डेस पेटिट्स रूमिनेंट्स (पीपीआर), सेरेब्रोस्पाइनल फ्लूइड (सीएसएफ), लम्पी स्किन आदि से निपटने में मदद मिलेगी। इस योजना में सस्ती और अच्छी गुणवत्ता वाती जेनेरिक पशु दवा की भी बिक्री की जाएगी।

## सार-समाचार

### अबू आजमी मौजूदा सत्र के लिए विधानसभा से निलंबित

**मुंबई, एजेंसी।** मुगल शासक औरंगजेब की तारीफ करने वाले सपा विधायक अबू आजमी को महाराष्ट्र विधानसभा से निलंबित कर दिया गया है। ये निलंबन मौजूदा सत्र के लिए है। महाराष्ट्र के संसदीय कार्य मंत्री चंद्रकांत पाटिल ने सदन के पटल पर अबू आजमी के खिलाफ प्रस्ताव पेश किया, जिसे सदन ने पारित कर दिया। मिली जानकारी के मुताबिक, इस सत्र के दौरान अबू आसिम आजमी के विधानसभा परिसर में घुसने पर भी पाबंदी रहेगी।

### मणिपुर में लगे भूकंप के तेज झटके

**इंफाल, एजेंसी।** मणिपुर में बुधवार को लगातार दो भूकंप आए। इनमें से एक की तीव्रता 5.7 थी। भूकंप के झटके पूरे पूर्वोत्तर में महसूस किए गए। जानकारी के मुताबिक, 5.7 तीव्रता का भूकंप सुबह 11.06 बजे आया। शिलांग में क्षेत्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अधिकारियों के मुताबिक इसका केंद्र इंफाल पूर्वी जिले के याइरीपोक से 44 किलोमीटर पूर्व में और 110 किलोमीटर की गहराई पर था। उन्होंने बताया कि भूकंप के झटके असम, मेघालय और क्षेत्र के अन्य हिस्सों में महसूस किए गए।

### तेजस का अत्यधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में सफल परीक्षण

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) की एक प्रयोगशाला ने स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस के लिए देश में ही विकसित ऑन-बोर्ड ऑक्सीजन जनरेटिंग सिस्टम (ओबीओजीएस) आधारित जीवन रक्षक प्रणाली का अत्यधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में सफल परीक्षण किया है। यह एक अत्याधुनिक प्रणाली है जिसे उड़ान के दौरान पायलटों के लिए सांस लेने योग्य ऑक्सीजन उत्पन्न करने और नियंत्रित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इससे पारंपरिक तरल ऑक्सीजन सिलेंडर-आधारित प्रणालियों पर निर्भरता समाप्त हो जाएगी।

### लखनऊ की अदालत ने राहुल पर लगाया 2 सौ रुपए जुर्माना

**लखनऊ, एजेंसी।** लखनऊ की कोर्ट ने बुधवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर 200 रुपए का जुर्माना लगाया है। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (एसीजेएम) कोर्ट ने लगातार पेशी से गायब रहने पर जुर्माना लगाया। साथ ही चेतावनी दी कि 14 अप्रैल 2025 को अदालत में हाजिर हों, यदि वे इस तारीख को भी पेश नहीं होते हैं तो कठोर कानूनी कार्रवाई हो सकती है।

### ब्लास्ट में 3 जवान घायल

**रांची, एजेंसी।** झारखंड में पश्चिमी सिंहभूम जिले के मनोहरपुर-बाबूडेगा के बीच में आज आईडी ब्लास्ट में तीन सीआरपीएफ जवान घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि सभी घायलों को इलाज के लिए हेलिकॉप्टर से रांची लाया गया है। रांची के राज हॉस्पिटल में घायल जवानों का इलाज चल रहा है। राज्य के पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता ने राज हॉस्पिटल पहुंचकर घायलों का हाल-चाल जाना। उन्होंने कहा कि राज्य में नक्सली अपनी अंतिम सांसें गिन रहे हैं।

# विमानतल पर 15 किलो सोने के साथ पकड़ाई रान्या राव के घर से भी मिला सोना, करोड़ों की नगदी बरामद



**बेंगलुरु, एजेंसी।** कन्नड़ अभिनेत्री रान्या राव को बेंगलुरु विमानतल से 15 किलो सोने की तस्करी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था. इसके बाद बुधवार, बुधवार को उनके घर पर राजस्व खुफिया निदेशालय के अधिकारियों ने घर से 2.06 करोड़ रुपये के गहने और 2.67 करोड़ रुपये की नगदी बरामद की है. अधिकारियों ने पुष्टि की है कि लावेल रोड स्थित रान्या राव के घर की तलाशी ली गई है. यहां वह अपने पति के साथ रहती हैं। अधिकारियों के मुताबिक रान्या से कुल जब्ती 17.29 करोड़ रुपये पहुंच चुकी है. इससे पहले रान्या राव को 3 मार्च को रान्या राव को गिरफ्तार किया गया था. उसी दिन उनको आर्थिक अपराध कोर्ट में पेश किया गया. कोर्ट ने रान्या को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया. अधिकारियों का कहना है कि रान्या राव ने अपने कपड़ों में सोने की छड़ें छिपा रखी थीं. कथित तौर पर उनके जैकेट के अंदर भी सोना मिला है. सोने का वजन 14.2 किलोग्राम मापा गया. इसकी कीमत 12.56 करोड़ रुपये बताई गई. अधिकारियों ने पाया कि वो 15 दिनों के भीतर चार बार दुबई गई थीं. ऐसे में उनके अवैध गतिविधियों में लिप्त होने का शक पैदा हुआ. अधिकारियों का ये भी कहना है कि रान्या ने कस्टम की जांच से बचने की भी कोशिश की. रान्या राव कर्नाटक के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के रामचंद्र राव की सौतेली बेटी हैं. रामचंद्र कर्नाटक के पुलिस आवास निगम में डायरेक्टर जनरल ऑफ़ पुलिस के पद पर तैनात हैं. रान्या राव ने तीन फ़िल्मों में लीड रोल निभाया है. इनमें 2014 की फ़िल्म 'माणिक्य' भी शामिल है. इसमें उन्होंने सुदीप के साथ पहली बार काम किया था.

इंदौर उच्च न्यायालय ने सरकार को दिए निर्देश

# ज्यादा नि:शक्त दिव्यांग जनों को रोजगार में प्राथमिकता दें



**इंदौर, देशबन्धु।** उच्च न्यायालय ने एक अहम फैसले में राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि वह अपने एक परिपत्र का सख्ती से पालन करते हुए अधिक नि:शक्तता वाले दिव्यांग जनों को शासकीय रोजगार में प्राथमिकता प्रदान करे। उच्च न्यायालय ने ज्यादा नि:शक्तता से जूझ रहे पांच लोगों की याचिकाओं का निपटारा करते हुए यह निर्देश दिया। इन याचिकाओं में कहा गया था कि राज्य सरकार दिव्यांग जनों की नियुक्ति में अपने ही परिपत्र की 'पूरी तरह अनदेखी' कर रही है। राज्य सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग के वर्ष 2018 में जारी परिपत्र में कहा गया था, ''प्राय: देखने में आया है कि जिन दिव्यांग जनों की नि:शक्तता का प्रतिशत कम है, उन्हें शासकीय सेवा में आरक्षण दिया जा रहा है। जिन दिव्यांगजनों की निःशक्तता का प्रतिशत अधिक है, उन्हें शासकीय सेवा में नियुक्ति नहीं दी जा रही है। यह कार्यवाही दिव्यांग जन अधिकार नियम 2017 में उल्लेखित प्रावधान की मंशा के विपरीत है। अत: जिन दिव्यांग जनों की निःशक्तता अधिक है, उन्हें प्राथमिकता दी जाए।'' उच्च न्यायालय की इंदौर पीठ के न्यायमूर्ति सुबोध अभ्यंकर ने इस परिपत्र की रोशनी में राज्य सरकार के कौशल विकास विभाग, देवास जिले की कन्नौद नगर पालिका परिषद और रतलाम जिले की जावरा नगर पालिका परिषद द्वारा दिव्यांग कोटा के तहत चतुर्थ श्रेणी पदों पर कुल पांच उम्मीदवारों की भर्ती को 24 फरवरी को निरस्त कर दिया। अदालत ने राज्य सरकार को निर्देशित किया कि वह इन पदों पर दिव्यांगों की भर्ती के लिए फिर से विज्ञापन जारी करे और इस सिलसिले में अपने 2018 के परिपत्र का सख्ती से पालन करते हुए नियुक्ति प्रक्रिया को चार महीने के भीतर पूरा करे।

याचिकाकर्ताओं की वकील शन्नो शगुफ्ता खान ने कहा, कि उच्च न्यायालय का फैसला ऐतिहासिक है। इस फैसले से 100 प्रतिशत दिव्यांगता वाले ऐसे उम्मीदवारों के लिए भी सरकारी रोजगार मिलने की राह खुल सकेगी जिनकी अब तक नियुक्ति में सरासर अनदेखी की जाती रही है।

## कर्मचारियों की पदोन्नति की राह खुली

**भोपाल, देशबन्धु।** नौ वर्ष से मध्य प्रदेश में बंद पदोन्नतियों की राह विधि एवं विधायी विभाग ने खोल दी है। विभाग ने सवा सौ से अधिक कर्मचारियों को विभागीय भर्ती नियम के अनुसार वरिष्ठताक्रम में एक जनवरी 2024 से पदोन्नति के साथ-साथ आर्थिक लाभ भी दे दिया। इसमें महाधिवक्ता कार्यालय के कर्मचारी भी शामिल हैं। ये पदोन्नतियां सुप्रीम कोर्ट में आरक्षण को लेकर विचाराधीन प्रकरण में पारित होने वाले अंतिम निर्णय के अधीन रहेंगी। इसी प्रक्रिया के आधार पर अब अन्य विभागों में भी सशर्त पदोन्नति दी जा सकती है। इसकी ही मांग कर्मचारी लंबे समय से कर रहे थे। मई 2016 में मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने पदोन्नति में आरक्षण नियम 2002 को निरस्त कर दिया था। सरकार ने इस निर्णय को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी, जहां मध्य प्रदेश सहित अन्य राज्यों का मामला विचाराधीन है। इसके कारण पदोन्नतियां बंद थीं।

सुप्रीम कोर्ट ने दिया बड़ा फैसला


# शादी के वादे का उल्लंघन करना बलात्कार नहीं



**नई दिल्ली, देशबन्धु।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एक व्यक्ति के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही खारिज कर दी जिस पर विवाह के झूठे बहाने से एक महिला का यौन शोषण करने का आरोप था। महिला के साथ उसका 16 वर्ष पुराना सहमति से यौन संबंध था। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने आरोपी द्वारा उसकी याचिका खारिज करने के हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ दायर अपील पर सुनवाई के बाद यह कदम उठाया। पीठ ने फिर से पुष्टि की कि विवाह के वादे का उल्लंघन मात्र बलात्कार नहीं माना जाता। जब तक कि यह साबित न हो जाए कि आरोपी ने संबंध की शुरूआत से ही महिला से विवाह करने का कभी इरादा नहीं किया था। न्यायालय ने आश्चर्य व्यक्त किया कि शिकायतकर्ता, जो एक उच्च शिक्षित और सुस्थापित वयस्क है, ने एक दशक से अधिक समय तक कथित यौन उत्पीड़न की रिपोर्ट नहीं की। जिससे उसके दावों की विश्वसनीयता पर संदेह पैदा होता है। अदालत ने नोट किया कि उसने आरोपी द्वारा दूसरी महिला से विवाह करने के बाद ही प्राथमिकी दर्ज कराई। जिससे उसे परेशान करने का एक गुप्त उद्देश्य प्रतीत होता है। हाईकोर्ट के निर्णय को दरकिनार करते हुए न्यायमूर्ति मेहता द्वारा लिखे गए निर्णय में कहा गया कि अपीलकर्ता को विवाह के झूठे बहाने पर बलात्कार के लिए उत्तरदायी नहीं ठहराया जा सकता।

# स्टालिन ने जनसंख्या आधारित परिसीमनका किया विरोध

- बोले, 1971 की जनगणना को आधार बनाया जाना चाहिए
- सर्वदलीय बैठक में कई पार्टियां हुई शामिल



**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन ने सर्वदलीय बैठक में जनसंख्या आधारित परिसीमन का कड़ा विरोध किया गया। वर्ष 1971 की जनगणना को 2026 से 30 वर्षों के लिए लोकसभा सीट के परिसीमन का आधार बनाया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री स्टालिन ने कहा कि अगर संसद में सीट की संख्या बढ़ाई जाती है, तो 1971 की जनगणना को इसका आधार बनाया जाना चाहिए। दरअसल, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने बुधवार को लोकसभा सीटों के परिसीमन पर एक सर्वदलीय बैठक बुलाई। इसमें उन्होंने दक्षिणी राज्यों के सांसदों और पार्टी प्रतिनिधियों वाली एक संयुक्त कार्रवाई समिति का प्रस्ताव रखा। सर्वदलीय बैठक में परिसीमन के मुद्दे पर एक प्रस्ताव पारित होने की उम्मीद है। मुख्य विपक्षी दल एआईएडीएमके , कांग्रेस और वामपंथी दल, अभिनेता-राजनेता विजय की टीवीके सहित अन्य ने बैठक में भाग लिया। भाजपा, तमिल राष्ट्रवादी नाम तमिलर काची और पूर्व केंद्रीय मंत्री जीके वासन की तमिल मनीला कांग्रेस (मूपनार) ने बैठक का बहिष्कार किया।

इसके अलावा स्टालिन ने केंद्र की सत्तारूढ़ पार्टी को तमिलों का दुश्मन करार दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार वोट की खातिर तमिल भाषा के प्रति केवल दिखावटी प्रेम रखती है। 'हिंदी थोपे जाने का विरोध' विषय पर पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित पत्र में स्टालिन ने इस मुद्दे पर द्रविड मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के संस्थापक नेता सीएन अन्नादुरई के विचारों को याद किया।

राहुल ने फिर की कुलियों से मुलाकात, बोले

# भगदड़ में जान बचाने वालों की नहीं सुनी जा रही



**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बुधवार को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर कुलियों से हुई मुलाकात का वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया। उन्होंने कहा कि पिछले महीने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ के दौरान कुलियों ने अपनी जान जोखिम में डालकर लोगों की मदद की, लेकिन उनकी आवाज सुनने वाला कोई नहीं है। वे आर्थिक समस्या से जूझ रहे हैं। हम उनके अधिकारों के लिए लड़ेंगे।

कुलियों से बातचीत का वीडियो साझा करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि कुछ दिन पहले मैं नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पहुंचा और वहां कुली भाइयों से मिला। उन्होंने मुझे बताया कि कैसे सभी ने मिलकर भगदड़ वाले दिन लोगों की जान बचाने के लिए हर संभव प्रयास किया। राहुल गांधी ने कहा कि चाहे लोगों को भीड़ से निकालने की बात हो या घायलों को एंबुलेंस और प्रशासन तक पहुंचाना हो। मृतकों के शवों को बाहर निकालने के लिए शारीरिक क्षमता, ठेले का उपयोग करना हो या अपनी जेब से पैसा खर्च करना हो, उन्होंने हर तरह से यात्रियों की मदद की।

कांग्रेस नेता ने कहा कि मैं दिहाड़ी मजदूरी करने आने वाले इन भाइयों की संवेदना देखकर प्रभावित हूं। वे वित्तीय कठिनाइयों में जी रहे हैं, लेकिन उनमें जोश और सद्भावना की कमी नहीं है। उन्हें मदद की जरूरत है। उन्होंने अपनी मांगें बताई हैं। मैं निश्चित रूप से उनकी मदद के लिए हर संभव प्रयास करूंगा। एक्स पर पोस्ट में कांग्रेस नेता ने एक कुली के हवाले से कहा कि किसी-किसी दिन खाने के भी पैसे नहीं होते। हर घर पर पैसे भेजें या खाना खाएं। हमारे कुली भाई ऐसी ही कठिनाइयों में जीने को मजबूर हैं। मैं उनकी मांगों को सरकार के समक्ष रखूंगा और हम अधिकारों के लिए पूरी ताकत से लड़ेंगे। राहुल गांधी ने रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ के दौरान लोगों की जान बचाने और राहत कार्य में मदद करने के लिए कुलियों का धन्यवाद किया। वीडियो में कुली गांधी से कह रहे हैं कि उनकी मांग है कि उन्हें ग्रुप डी की नौकरी मिले।

16वें वित्त आयोग का प्रदेश दौरा

# आयोग के अध्यक्ष और सदस्य मुख्यमंत्री से मिले, राजनीतिक दलों के साथ की बैठक








**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से आज शाम मुख्यमंत्री निवास में प्रदेश के दौरे पर आए 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया एवं अन्य पदाधिकारियों ने भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्यों का आत्मीयता से स्वागत किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव से आयोग के अध्यक्ष डॉ. पनगढ़िया, सदस्य अजय नारायण झा, सुश्री एनी जॉर्ज मैथ्यू, डॉ. मनोज पांडा, डॉ. सौम्या कांति घोष, सचिव ॠत्विक पांडे और संयुक्त सचिव के.के. मिश्रा ने भेंट कर चर्चा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों को अंगवस्त्रम् ओढ़ाकर सम्मान करते हुए स्मृति चिन्ह भेंट किए।इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री द्वय जगदीश देवड़ा एवं राजेन्द्र शुक्ल, राज्य मंत्रिपरिषद के अन्य सदस्य, मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय डॉ. राजेश राजौरा तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

वित्त आयोग के सदस्यों ने ग्रामीण, स्थानीय निकाय, नगरीय स्थानीय निकाय और राजनीतिक दलों के विभिन्न प्रतिनिधियों के बैठक हुई। बैठक में वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगड़िया और सदस्यों ने सभी से चर्चा की। ग्रामीण स्थानीय निकायों, नगरीय निकायों के जन-प्रतिनिधियों और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने आयोग के समक्ष अपने विचार और सुझाव भी रखे। भाजपा की ओर से अर्चना चिटनिश और कांग्रेस की तरफ से प्रियवृत सिंह और अभय दुबे ने पार्टी का पक्ष रखा। बैठक में प्रदेश की नगरीय निकायों के प्रतिनिधि के रूप में चार नगर निगम के महापौर, इंदौर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव, सतना के महापौर योगेश ताम्रकार, खंडवा की महापौर अमृता यादव तथा भोपाल की महापौर मालती राय एवं 11 अन्य नगर पालिका तथा नगर परिषद के अध्यक्ष बैठक में उपस्थित हुए। प्रदेश के नगरीय निकायों को दिए जा रहे अनुदान में चुकी मध्यप्रदेश में देश की सबसे अधिक जनजातीय जनसंख्या निवास करती है इसलिए उसे संज्ञान में रखकर अनुदान जारी करना और शहरीकरण में जनता को सेवा प्रदाय में तकनीकी उपयोग किए जाने को प्रेरित करने हेतु पृथक से अनुदान जारी किए जाने का अनुरोध किया गया।

## नर्मदा नियरे

### सार-समाचार

#### वाल्मीकि नगर में ट्यूबवेल खराब, पार्षद करा रहे ठीक

**इटारसी, देशबन्धु।** नगर पालिका के वार्ड क्रमांक 6 में वाल्मीकि नगर में नगर पालिका का ट्यूबबेल खराब हो गया है, जिसमें मोटर फस गई है और काफी मशक्कत के बाद भी नहीं निकल रही है। यहां के पार्षद जिमी कैथवास ने यहां पर टीम लगाकर मोटर निकालने की प्रक्रिया प्रारंभ कराई है। जिसे जल्द ही जहां पर पानी की सुचारू सप्लाई प्रारंभ हो सके। नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने भी जल कार्य विभाग से कहा है कि जल्द से जल्द यहां पर ट्यूबवेल ठीक हो ताकि नागरिकों को पानी मिल सके। पार्षद के साथ भाजपा के युवा नेता शुभम डब्बू मैना मौके पर मौजूद थे।

#### सीनियर जनजातीय बालक छात्रावास कोहदा का निरीक्षण

**इटारसी, देशबन्धु।** कलेक्टर के आदेश परिपालन से सीनियर जनजातीय बालक छात्रावास मोहदा का निरीक्षण किया। कुल दर्ज 49 छात्रो में से 26 उपस्थित मिले। कक्षा 9 वी एवं 11 वी की स्थानीय परीक्षा सम्पन्न होने के कारण बच्चे घर जा चुके थे। नवीन शिक्षण सत्र 2025-26 अप्रैल माह में संस्था में कक्षा 10 वी एवं 12 की के बोर्ड परीक्षा के सम्बध में बच्चों से विषयवार चर्चा की गई। इस अवसर पर आवश्यक निर्देश दिये कि बच्चों की बोर्ड परीक्षा संचालित उनको के पेपर 5 वर्षों के हलू कराने एवं करायें। साफ सफाई का ध्यान रखे. जेएल चौरे ने बच्चो के साथ बैठकर भोजन किया. अधीक्षक कुन्दन यादव द्वारा रात्रि में पढ़ाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा. 12 केवी बच्चो रखे कैरियर के सम्बध ने चर्चा की गई।

# डीआरएम ने किया भोपाल-इटारसी खंड का किया फुटप्लेट निरीक्षण

## रेलवे संरक्षा पर विशेष जोर, इटारसी में लोको पायलटों, पॉइंट्स मेन से की चर्चा

**इटारसी, देशबन्धु।** भोपाल मंडल रेल प्रबंधक देवाशीष त्रिपाठी ने आज ट्रेन संख्या 20911 नागपुर वंदे भारत एक्सप्रेस के लोकोमोटिव में भोपाल से इटारसी तक फुटप्लेट निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रेलखंड पर ट्रैक मेंटेनेंस, सिग्नलिंग सिस्टम, कर्व एवं क्रॉसिंग पॉइंट्स की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान गति प्रतिबंधों, संरक्षा मानकों एवं परिचालन से संबंधित विभिन्न पहलुओं की समीक्षा की गई।

इटारसी स्टेशन पहुंचने पर डीआरएम देवाशीष त्रिपाठी ने स्टेशन पर यात्री सुविधाओं, स्वच्छता, सुरक्षा और पुनर्विकास कार्यों का गहन निरीक्षण किया। चूंकि इटारसी स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकास किया जा रहा है, इसलिए उन्होंने निर्माणाधीन संरचनाओं, यात्री सुविधाओं के उन्नयन, वेटिंग हॉल, प्लेटफॉर्म, फुट ओवर ब्रिज, लिफ्ट और एस्केलेटर की प्रगति का मूल्यांकन किया। साथ ही, उन्होंने स्टेशन परिसर में सफाई व्यवस्था की बारीकी से जांच की और संबंधित अधिकारियों को यात्रियों के लिए बेहतर सुविधा एवं स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए।



डीआरएम ने क्रू लॉबी का निरीक्षण किया, जहां उन्होंने लोको पायलटों एवं सहायक लोको पायलटों से संरक्षा व परिचालन संबंधी चर्चाएं कीं। इस दौरान उन्होंने सेफ्टी ऑपरेशंस, ट्रेन संचालन में सावधानियां, सिग्नल पास्ड एट डेंजर की रोकथाम एवं लोको पायलटों के लिए पर्याप्त विश्राम की आवश्यकता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। उन्होंने कर्मचारियों से ड्यूटी शेड्यूल, विश्राम अवधि, सिग्नलिंग नियमों का पालन एवं संरक्षा संबंधी किसी भी प्रकार की समस्याओं पर फीडबैक लिया। इसके बाद डीआरएम ने रनिंग रूम का निरीक्षण किया, जहां उन्होंने क्रू को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, उनके विश्राम कक्षों की स्थिति एवं उन्हें दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता की जांच की। उन्होंने सुनिश्चित किया कि रनिंग स्टाफ को पर्याप्त आराम एवं पौष्टिक भोजन मिले ताकि वे ट्रेन संचालन के दौरान सतर्क और दक्ष रह सकें।

इटारसी स्टेशन पर ट्रैक का निरीक्षण करते हुए डीआरएम ने ट्रैक क्रॉसिंग, इंटरलॉकिंग सिस्टम, पॉइंट्स एवं स्विचों की कार्यक्षमता को जांचा। उन्होंने मालगाड़ियों के संचालन, रेक मूवमेंट, शंटिंग प्रक्रियाओं एवं संरक्षा उपायों पर विशेष ध्यान दिया। इस दौरान उन्होंने पॉइंट्समैन से भी बातचीत की और उनके कार्य से जुड़े संरक्षा संबंधी मुद्दों को समझा। इटारसी स्थित वैगन रिपेयर शेड का निरीक्षण करते हुए डीआरएम ने माल डिब्बों की मरम्मत, ब्रेकिंग सिस्टम, एक्सल लोड और संरक्षा उपकरणों की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने वैगन मेंटेनेंस से जुड़े कर्मियों से बातचीत कर उनकी कार्यप्रणाली को समझा और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उनके साथ वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता पीएस रघुवंशी, वरिष्ठ मंडल अभियंता (दक्षिण) अभिषेक मिश्रा, वरिष्ठ मंडल अभियंता (कर्षण परिचालन) सचिन शर्मा, वाणिज्य प्रबंधक पंकज कुमार दुबे, सहायक मंडल संरक्षा अधिकारी ममलेश यादव सहित अन्य अधिकारी और पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।

निरीक्षण के उपरांत डीआरएम देवाशीष त्रिपाठी ने कहा कि यात्री सुविधाओं में सुधार, संरक्षा सुनिश्चित करने एवं रेलवे कर्मचारियों की कार्य स्थिति को बेहतर बनाने के लिए भोपाल मंडल निरंतर कार्यरत है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन किया जाए और यात्रियों को आवश्यक सुविधाएं प्रदान की जाएं। निरीक्षण पूर्ण करने के बाद डीआरएम ने ट्रेन संख्या 12721 दक्षिण सुपरफास्ट एक्सप्रेस के लोकोमोटिव में इटारसी से भोपाल तक फुटप्लेट निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रेलखंड की संरचना, ट्रैक मेंटेनेंस, सिग्नलिंग प्रणाली, ब्रिज एवं सुरक्षात्मक उपायों की समीक्षा की।

# बुजुर्ग से हुई 85 हजार रुपए की ठगी

## एटीएम बदलकर निकाले रुपए और खरीदा सोना

## आरोपी की तस्वीर आई सामने



**इटारसी, देशबन्धु।** पुरानी इटारसी में एटीएम में रेलवे के रिटायर्ड एक बुजुर्ग से हुई 85 हजार रुपए की ठगी मामले के आरोपी का वीडियो फुटेज सामने आया है। पुलिस फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश कर रही है। बता दें कि इटारसी के 12 बंगला इलाके की वेंकटेश कॉलोनी निवासी रिटायर्ड रेलकर्मी कुंदनलाल मालवीया ने बताया सोमवार सुबह करीब 10:30 बजे बेटी नेहा का एटीएम कार्ड लेकर पुरानी इटारसी के शनि मंदिर के सामने एसबीआई के एटीएम से रुपए निकालने के लिए गए थे। रुपए नहीं निकल नहीं रहे थे। एटीएम में ही पीछे खड़े एक अज्ञात व्यक्ति ने मदद देने की बात कही तो उन्होंने कार्ड उसे दे दिया। ठग ने बातों ही बातों में बुजुर्ग को किसी मनीष भलावी नाम के व्यक्ति का एटीएम कार्ड पकड़ाया और चला गया। आरोपी ठग बुजुर्ग के कार्ड का पिन देख चुका था। उसने बाद उसने नर्मदापुरम जाकर एटीएम से 3 बार में 25 हजार रुपए कैश और एक ज्वेलर्स शॉप में 60 हजार रुपए का गोल्ड (सोना) खरीद लिया। बैंक खाते से रुपए निकले का मैसेज मोबाइल पर आने के बाद बुजुर्ग को ठगी के बारे में पता लगा। इसके बाद तुरंत उन्होंने अपनी बेटी, बैंक और पुलिस को बताया। शिकायत के बाद पुलिस ने पता किया तो पता चला यह राशि नर्मदापुरम के एटीएम से निकाली गई है। तब नर्मदापुरम के एटीएम और ज्वैलरी शॉप में लगे सीसीटीवी कैमरे में ठग दिखाई दिया। आरोपी एक सफेद रंग की एक्टिवा से आया था। पुलिस फुटेज में दिख रहे हुलिए के आधार पर उसकी तलाश कर रही है।

# 3 रिश्तेदारों ने मिलकर युवक की हत्या की

## पहले लात-घूंसों से पीटा, फिर पेट में घोंपा चाकू

## परिजन ने थाने पर किया प्रदर्शन

**भोपाल,देशबन्धु।** गांधी नगर इलाके में एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। मृतक के परिजन ने तीन लोगों पर आरोप लगाया है। तीनों आरोपी आपस में रिश्तेदार हैं। उनकी गिरफ्तारी की मांग को लेकर परिजन और स्थानीय निवासियों ने थाने पर प्रदर्शन किया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी का आश्वासन दिया। इसके बाद ही प्रदर्शन खत्म किया गया। प्रारंभिक जांच में लड़की को लेकर विवाद की बात सामने आई है।

गांधी नगर निवासी महबूब खान ने बताया कि अदनान खान उम्र 22 वर्ष उसका मौसेरा भाई था। वह दोपहिया वाहन मैकेनिक था। हम दोनों सोमवार रात मोहल्ले की मस्जिद में नमाज पढ़ने गए थे। अदनान नमाज के बाद बाहर निकला, जबकि मैं तरावीह पढ़ने लगा था। कुछ देर बाद अदनान के पिता के चीखने की आवाज आने लगी तो मैं और अन्य लोग बाहर पहुंचे। वहां अदनान खून से लथपथ हालत में दिखा। उसे पास के अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग दर्ज कर पोस्टमार्टम के लिए पहुंचाया और मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। महबूब ने पुलिस को बताया कि मोहल्ले में रहने वाले राज सोलंकी, लक्की सोलंकी और शुभम सोलंकी ने अदनान को मस्जिद के पास गली में घेर लिया था। उन्होंने पहले उसके साथ लात-घूंसों से मारपीट की,



इसके बाद राज ने पेट में चाकू घोंप दिया।

एडिशनल डीसीपी मलकीत सिंह ने बताया कि शुरुआती जांच में दोनों पक्षों के बीच लड़की को लेकर विवाद होने की बात सामने आई है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दो टीमें बनाई गई हैं। वे सभी संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं। जल्द उन्हें पकड़ लिया जाएगा। वहीं, सूत्रों की मानें तो पुलिस ने दो आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। उनसे पूछताछ पूरी होने के बाद पुलिस मामले का खुलासा कर सकती है। बताया गया है कि अदनान परिवार का दूसरे नंबर का बेटा था। उसका बड़ा भाई फैजान जबकि छोटा सुबहान है। एक बहन है, जिसकी शादी हो चुकी है।

### अटल पथ पर स्टंट करना पड़ा भारी

# खतरनाक ढंग से चल रही कार को किया जब्त

## चालक और मालिक के खिलाफ कार्रवाई



**भोपाल,देशबन्धु।** अगर आप शहर की सड़कों पर स्टंट करते हैं या आपके कोई दोस्त ऐसा करते हैं, तो ठहर जाइए। चूंकि इन दिनों पुलिस ने ऐसे स्टंटबाजों पर लगाम लगाने के लिए एक अभियान शुरू किया है, इसके तहत थाना टीटी नगर पुलिस ने बीती रात एक कार्रवाई करते हुए एक जुगाड़ के समान से बनाई गई रेसिंग कार को जब्त किया है। यह कार अपने मूल स्वरूप और रंग में बिना अनुमति के परिवर्तन करके खतरनाक ढंग से चलाई जा रही थी। इसके चालक और मालिक के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कानूनी कार्रवाई की गई है। पुलिस के अनुसार इस कार को को खतरनाक ढंग से चलाया जा रहा था।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, अटल पथ पर लंबे समय से मोटरसाइकिल और कार अनियंत्रित गति से दौड़ाने की शिकायतें मिल रही थीं। स्थानीय लोगों ने स्टंटबाजी और तेज रफ्तार से दौड़ती गाड़ियों को लेकर कई बार शिकायत दर्ज कराई थी। इन मामलों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने इलाके में विशेष चेकिंग अभियान शुरू किया। सोमवार देर रात गश्त के दौरान पुलिस ने जवाहर चौक से प्लेटिनम प्लाजा की ओर तेज रफ्तार में आ रही एक पीले रंग की कार को रोका। कार में एक महिला भी सवार थी, जिसने पुलिस की कार्रवाई पर आपत्ति जताई। जांच में पाया गया कि कार का चालक मोहसिन खान उम्र 27 वर्ष वाहन चलाने के लिए अधिकृत लाइसेंस धारक नहीं था। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि कार में जुगाड़ से बनाया गया साइलेंसर लगा था, जिससे तेज आवाज हो रही थी। इसके अलावा, कार की खिड़कियों पर काली फिल्म चढ़ी हुई थी और नंबर प्लेट भी नियमों के अनुसार नहीं थी। साथ ही, गाड़ी के मूल स्वरूप और रंग में बिना अनुमति के बदलाव किया गया था। थाना टीटी नगर पुलिस ने चालक मोहसिन खान और गाड़ी के पंजीकृत मालिक अनस खान के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की और कार को जब्त कर लिया। पुलिस के अनुसार, इस कार की अनुमानित कीमत करीब 3 लाख रुपए है। इस मामले से संबंधित दस्तावेज न्यायालय में प्रस्तुत किए जाएंगे। इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक नर्मदा प्रसाद, प्रधान आरक्षक नारायण मीणा, आरक्षक अविनाश भारती और महिला प्रधान आरक्षक ललिता रघुवंशी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### यातायात नियमों के पालन की अपील

पुलिस ने स्पष्ट रूप से कहा है कि शहर में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने अपील की है कि सभी लोग यातायात नियमों का पालन करें और अवैध रूप से बनाए गए (मोडिफाइड) वाहनों का उपयोग न करें।

## उधर, वीआईपी मार्ग पर स्टंट करने वाले गिरफ्तार



उधर वीआईपी मार्ग पर चलती मोटर साइकिल पर खतरनाक स्टंट करना दो युवकों को महंगा पड़ गया। सोशल मीडिया पर वीडियो प्रसारित होने के बाद पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही, उनका वाहन जब्त कर लिया गया है और चालक के लाइसेंस निरस्तीकरण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस संबंध में पुलिस ने परिवहन विभाग को पत्र भी लिखा है। बता दें कि 28 फरवरी को भोपाल के वीआईपी मार्ग पर मोटर साइकिल क्रमांक एमपी 04 जेड क्यू-1643 पर दो युवकों के बीच खड़ी एक युवती का डांस करते हुए वीडियो सामने आया था। तेज रफ्तार बाइक पर युवती राह चलते लोगों को अश्लील इशारे कर रही थी, जिससे अन्य वाहन चालकों की जान जोखिम में पड़ रही थी। इतना ही नहीं, वीडियो बनाने पर उसके साथी युवकों ने राहगीरों के साथ अभद्रता भी की। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस उपायुक्त रियाज इकबाल ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए थे। जिसके बाद कोहेफिजा थाना और यातायात पुलिस की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए पदमनाम नगर, ओल्ड सुभाष नगर निवासी वाहन चालक रितिक यदुवंशी पिता अजब सिंह उम्र 24 वर्ष और सुमित कुमार पिता नैनीराम उम्र 25 वर्ष को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वहीं, पुलिस युवती साथी की तलाश कर रही है। पुलिस का कहना है कि स्टंट में शामिल युवती की पहचान की जा रही है और जल्द ही उसके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

# 2 शराब दुकानों को हटवाने जनसुनवाई में पहुंचे रहवासी, बोले-घर से निकलना मुश्किल हो गया



**भोपाल,देशबन्धु।** राजधानी भोपाल में पंचशील नगर और राजीव नगर की दो शराब दुकानों की हटाने की मांग उठी है। इसे लेकर रहवासी मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे और अफसरों से शिकायत की। उन्होंने कहा कि दुकानों की वजह से घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। शराब पीने वाले झगड़ा और गाली-गलौच करते हैं।

दरअसल पंचशील नगर में सीनियर एलआईजी है। यही पर शराब की दुकान है। यहां रहवासियों ने बताया कि शाम 5 से रात 10 बजे तक शराबियों का हुजूम लगा रहता है, जो घर के सामने ही शराब पीते हैं। इससे बच्चे भी पढ़ाई नहीं कर पा रहे हैं, जबकि उनकी वार्षिक परीक्षा चल रही है। दुकान को हटाने की मांग पहले भी कर चुके हैं, लेकिन कुछ नहीं हुआ। इसी तरह राजीव नगर सेमराकलां के लोगों ने कहा कि रहवासी इलाके में ही शराब की दुकान हैं। पास में ही स्कूल और धार्मिक स्थल भी है। कई बार शराबी झगड़ा करते हैं। शाम को तो दुकान के सामने से निकलना मुश्किल हो जाता है। बच्चों को लगभग एक हजार मीटर घूमकर स्कूल जाना पड़ता है। इसलिए यह दुकान अन्य जगह शिफ्ट की जानी चाहिए।

वहीं जनसुनवाई में पहुंचे ग्राम भाटनी निवासी किशनलाल ने परिवार के साथ बड़े बेटे लाखन सिंह की ही शिकायत अधिकारियों से की। उन्होंने बताया उन्होंने तीनों बेटों में जमीन का बंटवारा कर दिया है। लाखन को भी उनके हिस्से की जमीन दे दी है। फिर भी वह ज्यादा जमीन की मंशा रखते हुए आए दिन झगड़ा करता है। 7 फरवरी को उनसे लठ से मेरा हाथ तोड़ दिया। उसकी नजीराबाद थाने में शिकायत भी की थी, लेकिन कड़ी कार्रवाई नहीं की गई। वह अब फिर से परेशान कर रहा है। इसी तरह अशोका गार्डन की फिरदोस ने पति मो. आमिन की शिकायत की। फिरदोस ने कहा कि पति के अन्य महिला से नाजायज संबंध है। इस वजह से वह मानसिक प्रताड़ना झेल रही है। पति के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए। वहीं शाहपुरा निवासी कृष्णा ने पति मनीष व्यास की शिकायत की। कृष्णा ने बताया कि उनकी पूर्व में शादी हो चुकी है। साल 2013 में पहले पति की सड़क हादसे में मौत हो गई थी। इसके बाद मैं सिलाई करके दोनों बेटों का भरण-पोषण कर रही थी। इसी बीच मनीष ने प्रेम जाल में फंसाया और 31 जनवरी 2023 को आर्य समाज मंदिर में विवाह कर लिया। लेकिन उसने यह बात छुपाई थी कि उनकी पहली पत्नी का तलाक का मामला अदालत में चल रहा है। इधर, शादी के बाद से ही मनीष मुझसे मारपीट करता आ रहा है। कई बार कहता है कि आत्महत्या कर लूंगा और तुम लोगों को फंसा दूंगा। इससे मैं और बच्चे सदमे में है। इसलिए मनीष के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। इसी तरह अशोका गार्डन की 65 वर्षीय अनीसा बी ने बेटे अखलाक और बहू कौसर की शिकायत की। कहा कि दोनों ने मुझे घर से बाहर निकाल दिया है। बेटा-बहू की थाने में शिकायत भी कर चुकी हूं, लेकिन फिर भी वे सुधरने को तैयार नहीं है। अब दोनों मेरे मकान पर भी कब्जा करना चाह रहे हैं।

### एसडीएम पर कार्रवाई नहीं करने का आरोप

उधर खुशीपुरा के कई लोग कांग्रेस नेता मनोज शुक्ला के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पहुंचे और एडीएम अंकुर मेश्राम से शिकायत की। कांग्रेस नेता शुक्ला ने बताया, खुशीपुरा की 80 वर्षीय धनियाबाई 40 साल पुराने पट्टे पर रहकर जीवन-यापन कर रहीं हैं। धनियाबाई के पड़ोस में रहने वाले बाथम परिवार ने झुग्गी पर जबरदस्ती कब्जा कर दो दुकानों का निर्माण कर लिया है। वे धमकी देते हैं। जिसकी शिकायत एसडीएम गोविंदपुरा के यहां लिखित में की थी, लेकिन इस पर एसडीएम ने कोई कार्रवाई नहीं की। इसी तरह खुशीपुरा निवासी सीताराम कुशवाह का लंबे समय से नपती और बंटान का प्रकरण भी एसडीएम ऑफिस में चल रहा है। इसमें भी सही कार्रवाई नहीं की गई। कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति ही की गई है। इस दौरान कांग्रेस नेता श्री शुक्ला ने कहा कि यदि दोनों मामलों में एक महीने के भीतर कार्रवाई नहीं की गई तो कलेक्टर कार्यालय का घेराव किया जाएगा। इस अवसर पर रविशंकर मिश्रा, मुजाहिद सिद्दीकी, अमित खत्री, विजेंद्र शुक्ला, उल्लास सोनकर, अनूप पांडे, दिनेश माली, उमाशंकर नन्हेटे, संदीप सरवैया आदि मौजूद थे।

## बिजली मीटर से छेड़छाड़ करने पर होगी कार्यवाही

**भोपाल,देशबन्धु।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है कि यदि बिजली के मीटर में अनावश्यक छेड़छाड़ पाई जाती है तो ऐसा करने वालों के विरूद्ध धारा 136 के तहत कार्रवाई होगी। कंपनी का कहना है कि किसी उपभोक्ता को मीटर, उसकी रीडिंग, बिलिंग या बिजली व्यवधान जैसी कोई शिकायत हो तो वे तुरंत कॉलसेंटर के फोन नंबर 1912 पर या ऑनलाइन वेबसाइट अथवा उपाय एप या बिजली वितरण केन्द्र, जोन कार्यालय में शिकायत दर्ज करा सकते हैं। उपभोक्ताओं की शिकायतों के निराकरण की पूरी व्यवस्था की गई है। यदि उपभोक्ता शरारती तत्वों के बहकावे में आकर मीटर में तोड़फोड़ या उखाड़कर अन्यत्र स्थापित करने या सर्विस लाइन को नुकसान पहुंचाने का कार्य करते हैं तो उनके विरूद्ध विद्युत अधिनियम के तहत कार्रवाई होगीं।

# घरेलू गैस सिलेण्डर के दुरूपयोग को रोकने कई प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई



**भोपाल,देशबन्धु।** कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह के निर्देशानुसार जिला आपूर्ति नियंत्रक अजीत कुमार कुजूर द्वारा खाद्य विभाग के संयुक्त जांच दल के सदस्य अशोक कुमार सत्यार्थी, सहायक आपूर्ति अधिकारी एवं प्रबीण दुबे, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी द्वारा मंगलवार को भोपाल नगर के विभिन्न 6 स्थानों पर छापामार कार्यवाही करते हुये घरेलू गैस सिलेण्डरों का दुरूपयोग कर वाहनों में अंतरित करने एवं अवैध रूप से गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी का व्यवसाय करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही की गई।

जांच में मानक विहार, आनंद नगर स्थित मनोज दरयानी पिता बलदेव दरयानी के मकान से 14.2 कि.ग्राम गैस क्षमता के 9 घरेलू गैस सिलेण्डर एवं 30 गैस कन्ज्यूमर डायरी, पीरिया मोहल्ला, खजूरी कलॉ रोड के पास, कृपाल सिंह राजपूत के मकान से 14.2 कि.ग्राम क्षमता के 20 घरेलू गैस सिलेंडर एवं 19 कि. ग्राम गैस क्षमता के 3 व्यवसायिक गैस सिलेण्डर, 1 गैस अंतरण मोटर पम्प मय रेग्यूलेटर पाईप एवं तौल मशीन, प्लेटिनम प्लाजा, माता मंदिर चौराहा के पास अंसार अहमद खान द्वारा संचालित अवैध गैस रिफिलिंग सेंटर से 14.2 कि.ग्राम गैस क्षमता के 13 घरेलू गैस सिलेंडर तथा 1 गैस अंतरण मोटर पम्प मय रेग्यूलेटर पाईप तथा प्लेटिनम प्लाजा के पीछे पानी की टंकी के पास स्थित एक जर्जर मकान से 14.2 कि.ग्राम गैस क्षमता के 10 घरेलू गैस सिलेंडर एवं 1 नग गैस अंतरण मोटर पम्प मय रेग्यूलेटर पाईप इस प्रकार कुल 55 नग गैस सिलेण्डर 3 नग गैस अंतरण मोटर अनाधिकृत भंडारण, विक्रय एवं अंतरण करने पर जप्त किये गये। इस प्रकार कार्यवाही में कुल जप्त गैस सिलेण्डर मोटर,पाईप एवं तौल मशीन इत्यादि सामग्री की कुल कीमत रूपये 1 लाख 55 हजार है। आरोपियों के विरूद्ध द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (प्रदाय और वितरण विनियमन) आदेश, के प्रावधानों का उल्लंघन पाये जाने पर, आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

# नर्मदा नियरे

## सार-समाचार

### एमपी. ट्रांसको में मनाया गया राष्ट्रीय लाइनमैन दिवस

#### इटारसी में लाइनमैन किये गये सम्मानित



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश में विषम परिस्थितियों में भी भरोसेमंद विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित रखने वाले पावर सेक्टर की महत्वपूर्ण कड़ी लाइनमैन के योगदान को मान्यता देकर आदर-भावना प्रकट करने मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) में 4 मार्च को राष्ट्रीय लाइनमैन एवं राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर इटारसी सहित एम.पी. ट्रांसको के 40 ट्रांसमिशन लाइन मेंनटेनेंस कार्यालयों में कार्यक्रम आयोजित कर प्रदेश के लाइनमैनों को सम्मानित किया गया और सभी ने जीरो हार्म थीम पर सुरक्षा शपथ ली। टीएलएम. मुख्यालय इटारसी में आयोजित कार्यक्रम में एम.पी. ट्रांसको के अधीक्षण अभियंता श्री पी.एस. राघव की उपस्थिति में लाइनमैनों को सम्मानित किया गया। एम.पी. ट्रांसको के प्रबंध संचालक इंजी. सुनील तिवारी ने अपने संदेश में कहा कि संपूर्ण प्रदेश में एम.पी. ट्रांसको की ट्रांसमिशन लाइनों के देखरेख के लिये लाइन मेंटेनेन्स कर्मी 24ङ्म7 सजगता से अपना कार्य निष्पादित करते हैं। पूरे प्रदेश में सतत् रूप से निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित रखने का परिणाम है कि म.प्र. पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी देश की सर्वश्रेष्ठ कंपनियों में से एक बनी हुई है। उन्होंने लाइनमैनों को प्रथम पंक्ति में रखा और कहा कि वे जटिल भौगोलिक और विपरीत जलवायु परिस्थितियों की चुनौतियों को सहज भाव से स्वीकार करते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन करते हैं।

### नर्मदा परिक्रमा का नर्मदापुरम में प्रवेश 7 को

नर्मदापुरम, देशबन्धु। विगत 4 वर्ष से अधिक निराहारी अवधूत सिद्ध महायोगी दादागुरु की नर्मदा सेवा परिक्रमा यात्रा जमात के साथ 7 मार्च को शाम 4 बजे चक्कर रोड से नर्मदापुरम में प्रवेश करेगी। परिक्रमा यात्रा मीनाक्षी चौक, रामजी बाबा, सतरास्ता , इंदिरा चौक, मोरछली चौक, सराफा से काली मंदिर जुमेराती होती हुई दादाकुटी बसंत टॉकीज के बाजू में रात्रि पड़ाव करेगी। नगरवासी भक्त जनसमूह द्वारा परिक्रमा यात्रा एवं दादागुरु के दर्शन एवं स्वागत यात्रा मार्ग पर विविध स्थानों पर किया जाएगा। यात्रा में साधु संत गणमान्य नागरिक व विशिष्ट अथिति उपस्थित रहेंगे। यात्रा शाम लगभग 6 बजे साहू धर्मशाला के पास दादा कुटी प्रांगण पहुंचेगी। यहाँ भजन संध्या, दादागुरु का संवाद आशीर्वचन महाआरती एवं भंडारा महाप्रसादी आयोजित की गई है। यात्रा समिति ने सभी धर्म प्रेमियों से माँ नर्मदा के भक्त सिद्ध महायोगी के दर्शन के लिए यात्रा स्वागत में शामिल होकर व श्री दादाकुटी पहुंचने का आग्रह किया है।

### भाई ने की भाई से मारपीट

इटारसी, देशबन्धु। बंगलिया निवासी एक युवक के साथ उसी के भाई द्वारा मारपीट की गई। जिसकी शिकायत घायल ने सिटी थाने में की है। शहर के दक्षिण बंगलिया निवासी 35 वर्षीय विजय मेहरा के साथ उसी के भाई चैन सिंह द्वारा मारपीट की गई। बताया जा रहा है कि पारिवारिक मामले को लेकर दोनो के बीच झगडा हो गया था। उसी के चलते फरियादी विजय के साथ चैन सिंह ने गाली गलौज करते हुए मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने इस मामले में घायल की शिकायत पर आरोपी भाई के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### अटल पार्क के सामने से बाइक चोरी

**इटारसी, देशबन्धु।** अटल पार्क के गेट के पास खडी एक बाइक चोरी होने का मामला सामने आया है। जिसकी शिकायत बाइक चालक ने सिटी थाने में की है। शहर में एक बार फिर बाइक चोर सक्रिय हो चुके हैं। ऐसे ही बीते दिनों अटल पार्क के गेट के सामने खडी भागीरथ पटेल की बाइक पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया। बताया जा रहा है कि उसने अपनी बाइक अटल पार्क के सामने खडी किया था। जब वह वापस लौटा तो बाइक गायब मिली। जिसकी काफी तलाश करने के बाद भी कोई सफलता नहीं मिली तब उसने सिटी थाना पहुंचकर शिकायत की। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात चोरों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### चलती ट्रेन से गिरकर यात्री की मौत

**इटारसी, देशबन्धु।** गुर्रा के पास चलती ट्रेन से गिरकर किसी यात्री की मौत हो गई। उसकी पहचान नहीं हो पाई है। होली को लेकर ट्रेनो में भीड बढने के साथ ही यात्रियों के गिरने की भी घटनाए सामने आने लगी है। ऐसे ही गुर्रा के पास जबलपुर रेलवे ट्रेक पर 40 वर्षीय युवक का शव रामपुर पुलिस ने बरामद किया है। म्रतक के पास से ऐसी कोई वस्तु नहीं मिली जिसके आधार पर उसकी पहचान हो सके। आशंका जताई जा रही है कि उसकी मौत किसी चलती ट्रेन से गिरने के कारण हुई होगी। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात मर्ग कायम कर परिजनों की तलाश शुरू कर दी है।

# पिपरिया मेरी जन्मभूमि मेरा यहां से भावनात्मक लगाव है : पटेल

## प्रत्येक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में महिला चिकित्सक की नियुक्ति होगी



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** मेरा जन्म सेमरी तलाई मैं हुआ। सेमरी तलाई पूर्व में पिपरिया विधानसभा के अंतर्गत आता था। इसलिए मेरा पिपरिया एवं बनखेड़ी से भावनात्मक लगाव है। उदयपुरा मेरी कर्मभूमि तो पिपरिया मेरी जन्मभूमि है। उक्त बात लोक स्वास्थ एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने बुधवार को बनखेड़ी में 30 बिस्तरों के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के लोकार्पण अवसर पर कही।

श्री पटेल ने कहा कि मुझे पिपरिया बनखेड़ी के विकास की विशेष रूप से चिंता है और मेरा पूरा प्रयास है कि मैं अपनी जन्मभूमि में विकास के कार्य करा सकूं। उन्होंने पिपरिया एवं बनखेड़ी क्षेत्र की जनता की सभी मांगों को गंभीरता पूर्वक विचार कर पूर्ण करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि अब शासन यह प्रस्ताव तैयार कर रही है कि यदि कोई गर्भवती महिला को सोनोग्राफी करानी हो तो जिला चिकित्सालय से एक पर्ची जारी होगी उस पर्ची के आधार पर निजी चिकित्सालय में गर्भवती महिला अपने सोनोग्राफी की जांच करा सकेगी। जांच में होने वाला संपूर्ण राशि का वहन शासन करेगी। श्री पटेल ने कहा कि शासन यह प्रावधान भी कर रही है कि सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में महिला चिकित्सक और विशेष रूप से स्त्री रोग विशेषज्ञ की नियुक्ति की जाए। मध्य प्रदेश में 10 वर्ष में 30 मेडिकल कॉलेज खोले गए हैं और 12 मेडिकल कॉलेज खोलने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। शासन यह प्रयास कर रही है कि हर लोकसभा क्षेत्र में एक मेडिकल कॉलेज अनिवार्य रूप से खोल जाए। श्री पटेल ने कहा कि इन मेडिकल कॉलेज से जब चिकित्सक निकलेंगे तब सभी चिकित्सालय में, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एवं उप स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों की कमी पूरी कर दी जाएगी। श्री पटेल ने कहा किशासन स्वास्थ्य केंद्र एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तेजी से बना रही है। आने वाले समय में 46 हजार पदों की भर्ती की जाएगी। इससे युवाओं को रोजगार भी प्राप्त होगा। इसके पूर्व स्वास्थ्य राज्य मंत्री श्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने मां सरस्वती एवं भगवान धन्वंतरि की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चन कर विधिवत लोकार्पण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। शुभारंभ की पश्चात मंत्री श्री पटेल ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के ओपीडी एवं अन्य वार्डो का निरीक्षण किया एवं निर्माण कार्य की सराहना की।

इस अवसर पर सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने कहा कि कोरोना काल में जब सभी सेवाएं बंद थी तब केवल स्वास्थ्य सेवाएं चालू थी। उस दौरान सरकारी अस्पतालों में चिकित्सकों ने जनता की जो सेवा की वह अद्भुत थी। सांसद श्री सिंह ने बताया कि देश में 15 हजार जन औषधि केंद्र खोले गए हैं और आने वाले समय में इसकी संख्या बढ़कर 25 हजार की जाएगी। उन्होंने बताया कि जन औषधि केंद्र में 25 रुपए की दवा 12 रुपए में मरीज को दी जाती है। श्री सिंह ने कहा कि भारत विश्व की सबसे तेजी से बढ़ाने वाली अर्थव्यवस्था है। बनखेड़ी क्षेत्र को पहले पिछड़ा क्षेत्र माना जाता था लेकिन अब बनखेड़ी में भी तेजी से विकास कार्य हुए हैं। राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया ने बनखेड़ी में 30 बिस्तरों के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की सौगात देने पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एवं स्वास्थ्य राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल का आभार व्यक्त किया और कहा की बनखेड़ी क्षेत्र में तेजी से विकास के कार्य किये जा रहे हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की सभी लोग स्वस्थ एवं निरोगी रहे।

पिपरिया के विधायक ठाकुरदास नागवंशी ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टर एवं कर्मचारी अपनी अमूल्य सेवाएं देते हैं जो की एक महत्वपूर्ण सेवा है। उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने 30 बिस्तरों का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनखेड़ी क्षेत्र को दिया है। उन्होंने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। श्री नागवंशी ने मंत्री श्री पटेल से पिपरिया एवं बनखेड़ी क्षेत्र के लिए डायलिसिस सुविधा उपलब्ध कराने, सिटी स्कैन मशीन प्रदान करने, एक्सरे मशीन एवं सोनोग्राफी मशीन प्रदान करने की मांग की। साथ ही कहा की पिपरिया में ब्लड बैंक है उसके विस्तारीकरण की आवश्यकता है उसकी मात्रा और बढ़ाई जाए। उन्होंने पिपरिया में 10 आईसीयू वार्ड के लिए ट्रेड स्टाफ देने की मांग की। नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष हरीश मालानी ने प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि अस्पताल परिसर के आसपास के क्षेत्र को शौरगुल से मुक्त कराया जाए, उन्होंने कहा कि शासकीय कन्या शाला में एक वैकल्पिक दरवाजा लगाया जाए। अस्पताल में मरीजों के परिजनों के विश्राम के लिए विश्राम भवन भी बनाया जाए। उन्होंने महिला चिकित्सक की नियुक्ति की भी मांग की। साथ ही कहा की जन औषधि केंद्र अस्पताल परिसर में ही स्थापित किया जाए। लोकार्पण कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती पूनम पटेल, एसडीएम पिपरिया श्रीमती अनीशा श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर दिनेश देहलवार, जनप्रतिनिधि गण एवं स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक एवं स्टाफ उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने भादूगांव, कायागांव, झाड़पा नवीन, खेड़ा व रातातलाई का किया दौरा

### स्कूल, आंगनबाड़ी व उचित मूल्य दुकान का निरीक्षण किया





**हरदा, देशबन्धु।** कलेक्टर आदित्य सिंह ने बुधवार को जिले के ग्राम भादूगांव, कायागांव, झाड़पा नवीन, खेड़ा व रातातलाई का दौरा कर वहां के स्कूल, अस्पताल, आंगनबाड़ी केन्द्र, उचित मूल्य दुकान, अमृत सरोवर व गौशाला का निरीक्षण किया। इस दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी संजय त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

कलेक्टर श्री सिंह ने ग्राम झाड़पा नवीन में भ्रमण के दौरान निर्माणाधीन आंगनवाड़ी भवन का निरीक्षण किया और आर.ई.एस. के सहायक यंत्री विश्वजीत पाटीदार को इस माह के अंत तक आंगनवाड़ी भवन पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होने भ्रमण के दौरान ग्राम झाड़पा नवीन में अनुपस्थित पटवारी की एक वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिये। ग्राम खेड़ा में माध्यमिक शाला के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने डीपीसी बलवन्त पटेल व जिला शिक्षा अधिकारी डी.एस. रघुवंशी से बच्चों की अपार आईडी बनाने के कार्य की प्रगति की जानकारी ली, और कैम्प लगाकर इस कार्य में आ रही समस्याओं का निराकरण करने के निर्देश भी दिये। कलेक्टर श्री सिंह ने भ्रमण के दौरान पटवारियों को निर्देशित किया कि फार्मर रजिस्ट्री, उपार्जन संबंधी पंजीयन व ई-केवायसी के कार्य में प्रगति लायें। ग्राम भादूगांव में निरीक्षण के दौरान उन्होने तहसीलदार हंडिया को निर्देश दिए कि सपेरा समुदाय के लोगों की राजस्व विभाग से संबंधित समस्याओं के निराकरण के लिए विशेष शिविर आयोजित करें। ग्राम रातातलाई में गौशाला के निरीक्षण के दौरान उन्होने गौशाला में चारे की उपलब्धता की जानकारी ली। उन्होने पंचायत सचिव को गौशाला में विद्युत व्यवस्था कराने के निर्देश दिये। कलेक्टर श्री सिंह ग्राम रातातलाई के उप स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण कर दवाईयों की उपलब्धता की जानकारी ली।

कलेक्टर श्री सिंह ने ग्रामीण क्षेत्रों के भ्रमण के दौरान प्राथमिक व माध्यमिक शालाओं के विद्यार्थियों से चर्चा कर परीक्षा की तैयारियों व अध्यापन कार्य की जानकारी ली। उन्होने विद्यार्थियों को परीक्षा के लिये शुभकामनाएं दी। उन्होने शालाओं के किचन शेड का निरीक्षण कर उपस्थित स्वसहायता समूह की महिलाओं को निर्धारित मीनू अनुसार मध्यान्ह भोजन तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने मध्यान्ह भोजन बनाने के लिये उपलब्ध संसाधनों की जानकारी भी इस दौरान ली। उन्होने उपस्थित प्राचार्य से विद्यार्थियों को साइकिल वितरण की जानकारी भी ली। कलेक्टर श्री सिंह ने ग्रामीण क्षेत्रों के आंगनवाड़ी केन्द्रों के निरीक्षण के दौरान बच्चों को टॉफी व बिस्किट के पैकेट वितरित किये। इस दौरान उन्होने उपस्थित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता से बच्चों की उपस्थिति व पोषण आहरण वितरण के संबंध में जानकारी भी ली। उन्होने गर्भवती, धात्री महिलाओं, टीकाकरण व पोषण आहार संबंधी जानकारियां पोषण ट्रेकर एप पर अपलोड करने के निर्देश भी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को दिये।

कलेक्टर श्री सिंह ने भ्रमण के दौरान ग्राम कायागांव व खेड़ा में अमृत सरोवर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने तहसीलदार को ग्राम कायागांव में अमृत सरोवर का सीमांकन कर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिये। उन्होने आरईएस के सहायक यंत्री को जनभागीदारी के माध्यम से तालाब गहरीकरण, साफ-सफाई व सौन्दर्यीकरण कराने के निर्देश भी दिये। उन्होने खेड़ा के अमृत सरोवर की तार फेंसिंग कराने के निर्देश भी दिये। कलेक्टर श्री सिंह ने भ्रमण के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों की उचित मूल्य दुकानों का निरीक्षण कर दुकान संचालकों से उपलब्ध स्टॉक की जानकारी ली। उन्होने इस दौरान सहायक आपूर्ति श्रीमती अमृता भट्ट को ई-केवायसी कार्य पूर्ण कराने के निर्देश भी दिये।

## कलेक्टर ने विस्थापित ग्रामों के मामलों के निराकरण में तेजी लाने के निर्देश दिए



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना की अध्यक्षता में बुधवार को वन एवं राजस्व विभाग के जिला अधिकारियों की अंतर्विभागीय समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में वन भूमि, विस्थापित ग्रामों, राजस्व रिकॉर्ड सुधार, वेटलैंड सर्वेक्षण, और अवैध उत्खनन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई।

कलेक्टर ने डीएफओ को निर्देश दिए कि विस्थापित वन एवं वन ग्राम के मामले में विस्तृत रूप से मांग एवं नामांतरण की संशोधित रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। कलेक्टर ने कहा कि विस्थापित ग्रामों एवं वन ग्रामों में अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जाए तथा यह भी सुनिश्चित किया जाए की जिस व्यक्ति को भूमि उपलब?ध कराई गई है वे इनकी फेंसिंग करें। इसी प्रकार यदि वन भूमि सामान्य वन मंडल अथवा एसटीआर अधिकृत क्षेत्रांतर्गत आति हो तो विभाग भी यह सुनिश्चित करे कि भूमि अधिग्रहण के उपरांत अधिग्रहित भूमि की बाड़ाबंदी की जाए। कलेक्टर ने नजूल प्रभारी को अपास्त होने योग्य मामलो में प्रकरणों की जांच करते हुए उन्हें निर्देशित किया कि मामले का यथाउचित समाधान किया जाए। बैठक के दौरान कलेक्टर ने यह भी निर्देश दिए कि विस्थापित ग्रामों के नजूल एवं राजस्व रिकॉर्ड दुरुस्त करवाएं जाएं। कलेक्टर ने कहा कि डीएफओ एवं उपसंचालक एसटीआर भी एसटीआर एवं सामान्य वन मंडल वन खंड के वन व्यवस्थापन के लंबित प्रकरणों की जानकारी उपलब्ध करवाए।

कलेक्टर ने निर्देश दिए की उपसंचालक एसटीआर विस्थापित ग्रामों को प्रदाय की गई भूमि, कृषि भूमि आदि की जानकारी उपलब्ध करवाऐं जिससे विस्थापित ग्रामों के कृषकों को किसान सम्मन निधि किसान क्रेडिट कार्ड तथा मुख्य रूप से उपार्जन प्रक्रिया में भूमि से प्राप्त होने वाली उपज को सम्मिलित किया जा सके तथा उसके संबंध में आवश्यक कार्रवाई के लिए प्रस?ताव शासन स्तर तक प्रेषित किया जा सके। उन्होंने नया झालई एवं नया सांकई में तालाब निर्माण किए जाने के संबंध में निर्देश दिए की उक्त प्रक्रिया को अगले स्तर तक ले जाने के लिए सीईओ जनपद पंचायत तथा संबंधित शाखा के प्रभारी संयुक्त रूप से साइट विजिट कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। कलेक्टर ने वन मंडल एवं एसटीआर क्षेत्र में आने वाले वेटलैंड के सर्वे को पूरा किए जाने के लिए भी डीएफओ एवं उपसंचालक एसटीआर को निर्देश दिए। उन्होंने कहा की इस प्रक्रिया को सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर संपन्न करवाया जाए। समीक्षा बैठक के दौरान कलेक्टर ने कहा की जिले में हो रहे अवैध उत्खनन के विरुद्ध और अधिक सख्त कार्यवाही की आवश्यकता है। कलेक्टर जिला खनिज अधिकारी को निर्देशित किया कि वर्तमान में हो रही कार्यवाहियों को और अधिक गति दें तथा अवैध उत्खनन के विरुद्ध संतोषप्रद कार्यवाही भी सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक डॉ गुरकरन सिंह, डीएफओ मयंक गुर्जर, उपसंचालक एसटीआर पूजा नागले, संयुक्त कलेक्टर अनिल जैन सही अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## नेशनल लोक अदालत में विद्युत प्रकरणों में छूट का अवसर

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** उप महाप्रबंधक (संचा./संधा) म.प्र.म.क्षे.वि.वि.कं.लि. नर्मदापुरम ने बताया कि जिला न्यायालय परिसर नर्मदापुरम में 8 मार्च को प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। नेशनल लोक अदालत में विद्युत अधिनियम 2003 के तहत लंबित प्रकरणों में घरेलू, कृषि और छोटे उद्योगों के लिए छूट दी जाएगी। लिटिगेशन और प्री-लिटिगेशन प्रकरणों में सिविल दायित्व और ब्याज पर छूट दी जाएगी। यह छूट आंकलित सिविल दायित्व की राशि 10 लाख रुपये तक के प्रकरणों में सीमित रहेगी। उपभोक्ता अपने लंबित विद्युत प्रकरणों के बारे में जानने के लिए अपने स्थानीय बिजली कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। सामान्य विद्युत देयकों के विरुद्ध बकाया राशि पर कोई छूट नहीं दी जाएगी।

## रेलवे स्टेशन पर लंबे समय से बंद पड़ी लिफ्ट, बुजुर्गों की फजीहत

**इटारसी, देशबन्धु।** रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधा के लिए लगाई गई लिफ्ट मशीन लंबे समय से तकनीकी खराबी के चलते बंद पड़ी है। ऐसी व्यवस्था की वजह से अन्य यात्रियों के साथ ही बुजुर्गों की फजीहत हो रही है। शहर में स्थित रेलवे जंक्शन में यात्रियों को सुविधा देने के नजरिए से अनेक सुविधाएं




लिफ्ट बंद होने से बुजुर्ग यात्रियों की दिक्कतें बढ़ चुकी हैं, क्योंकि रेलवे स्टेशन के भीतर प्लेटफार्म पर पहुंचाने और बाहर आने के लिए विशेष कर लिफ्ट मशीन बुजुर्गों के लिए मददगार साबित होती है। इसके लंबे समय से बंद हो जाने के कारण सीढ़ियों से आवागमन करने में बुजुर्ग यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इतना ही नहीं जब से रेलवे जंक्शन के प्रवेश द्वार पर लिफ्ट की सुविधा प्रारंभ हुई है तब से लेकर अभी तक अनेक बार लिफ्ट में तकनीकी खराबी आ चुकी है और कई दिनों तक लिफ्ट के बंद रहने का रिकॉर्ड सा बन चुका है। लेकिन अब रेलवे स्टेशन पर रिनोवेशन का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। इसके बावजूद भी लिफ्ट सुविधा का लंबे समय तक बंद रहने से प्रतिदिन अपने गंतव्य स्थान की यात्रा करने वाले यात्रियों को लगेज के साथ परिवार के बुजुर्गों को लेकर यात्रा करते समय प्लेटफॉर्म पहुंचने से लेकर बाहर आने तक सीढ़ियों का सहारा लेना पड़ रहा है। जिससे बुजुर्ग यात्रियों की दिक्कत बढ़ चुकी है।

# रोजगार मेले का आयोजन, 461 युवाओं को मिला रोजगार

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** जिला प्रशासन, कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के निर्देशानुसार और जिला रोजगार कार्यालय के सहयोग से शासकीय कुसुम महाविद्यालय सिवनी मालवा में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले का उद्घाटन विधायक प्रेम शंकर वर्मा और महाविद्यालय जनभागीदारी अध्यक्ष राजेंद्र पालीवाल ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय पूर्व छात्र समिति के अध्यक्ष दीपक पालीवाल, जनप्रतिनिधि के रूप में वीरेंद्र मिश्रा विधायक प्रतिनिधि ग्रुप में उपस्थित रहे, एवं कार्यक्रम में क्षेत्र की अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्रीमती सरोज परिहार, जिला रोजगार अधिकारी डॉ. ए बी खान, जिला रोजगार प्लेसमेंट श्री धर्मेश तिवारी उपस्थित रहे। श्री धर्मेश तिवारी के कुशल नेतृत्व में संपूर्ण रोजगार मेले में व्यवस्था संपन्न हुई।



रोजगार मेले में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आरके रघुवंशी द्वारा सभी आने वाले अतिथियों एवं जिला रोजगार अधिकारियों को शुभकामनाएं दी और उन्होंने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि महाविद्यालय में इतने बड़े स्तर पर प्रदेश की बड़ी-बड़ी कंपनियों ने आकर हमारे युवाओं को रोजगार ऑफर देकर महाविद्यालय के युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किया। रोजगार मेले में लगभग 2700 युवाओं ने ऑनलाइन पंजीयन कराया और 22 कंपनियों एवं 8 विभागों ने अपने काउंटर लगाए। मेले में 836 विद्यार्थियों ने रजिस्ट्रेशन किया और 461 विद्यार्थियों का प्राथमिक स्तर पर चयन किया गया। इसके अलावा, 8 विभागों ने शासकीय काउंटर लगाकर लगभग 161 विद्यार्थियों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित कराया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. एसके अग्रवाल के द्वारा तथा आभार डॉ. सुनील सोनी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के कैरियर गाइडेंस सेल के प्रभारी डॉ. रमाकांत सिंह, एनएसएस अधिकारी मोहन गुर्जर, स्पोर्ट्स अधिकारी अनुराग पाठक, प्रशांत चौरसिया, अतुल गौड़, डॉक्टर कल्पना स्थापक विजय श्री मालवी, रश्मि सोनी, जय श्री चौहान, कनक कुमरावत, योगिता रघुवंशी एवं समस्त शैक्षणिक एवं शैक्षणिक स्टाफ उपस्थित रहा।


इंडियन बैंक Indian Bank
इलाहाबाद ALLAHABAD

अंचल कार्यालय, सिविल लाइंस, जबलपुर - 482001
Ph: 0761-2624977. Email: zojabalpur@indianbank.co.in
परिशिष्ट - IV-A {( नियम- 9(1 )} अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिये बिक्री सूचना

**प्रतिभूति हित ( प्रवर्तन )नियम, 2002 के नियम 9 ( 1 ) के प्रावधान के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण और प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन अधिनियम , 2002 के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।** यह नोटिस आम जनता एवं उधारकर्ता ( ओं )/गारंटीकर्ता ( ओं ) के लिए नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो कि सुरक्षित लेनदार को गिरवी /चार्ज की गई है, जिसका कब्जा इंडियन बैंक शाखा द्वारा ले लिया गया है, सुरक्षित लेनदार द्वारा राशियों और देय ब्याज की वसूली के लिए "जैसा है जहां है", "जैसा है जो है" और "जो कुछ भी है" के आधार पर आम जनता से निविदा का आमंत्रण कर ई नीलामी द्वारा विक्रय करने का निर्णय लिया गया है। ई-नीलामी मोड के माध्यम से बिक्री के लिए लाई जाने वाली संपत्ति का विशिष्ट विवरण नीचे दिया गया है।

ई-निलामी की तिथि एवं समय
26-03-2025 11.00 AM TO 4.00 PM

| क्र. | शाखा का नाम<br>खाते का नाम<br>ऋणि का नाम/ प्रोप./निदेशक/पार्टनर<br>गारंटर / गिरवी रखने वाला | ई-निलामी हेतु<br>संपत्ति का विस्तृत विवरण | बकाया राशि<br>सम्पत्ति पर अन्य ऋण भार<br>कब्जे का प्रकार | आरक्षित मूल्य<br>ई.एम.डी. राशि<br>बिड बढ़ाने राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | रायपुर होशंगाबाद शाखा<br>1. श्री सुनील कुमार सराठे पुत्र लाल चंद सराठे<br>2. सरिता सराठे पत्नी श्री सुनील कुमार सराठे<br>(उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता)<br>Contact Person - Ms. Anjana Minz (BM) - 9146370206 | एक आवासीय मकान नं 03 क्षेत्रफल 360 वर्ग फीट अर्थात 35.45 वर्ग फीट। प्लॉट नंबर 137 से हटकर खसरा नंबर 60/1 मौजा रसूलिया में स्थित है, जिसे लोकप्रिय रुप से "आशुतोष नगर" के नाम से जाना जाता है, वार्ड नंबर 25 नया नंबर 22 पीसी नंबर 17 निपटान नंबर 270, नर्मदापुरम तहसील और जिला होशंगाबाद (नर्मदापुरम) म.प्र.<br>संपत्ति मालिक- सुनील कुमार सराठे और सरिता सराठे<br>सीमाएँ:- उत्तर: सड़क, दक्षिण: शिव परिवार शंकर मंदिर का भूखंड, पूर्व: विक्रेता का क्षेत्र, पश्चिम: लालचंद यादव का घर<br>Prop. Id. - IDIB3252558579 | Rs. 10,30,702 /- (as on 10.12.2019) + interest and other expenses<br>ज्ञात नहीं<br>भौतिक कब्जा | Rs 12,00,000/-<br>Rs 1,20,000/-<br>Rs 10,000/- |

बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे हमारे ई-नीलामी सेवा प्रदाता पीएसबी एलायंस प्राइवेट लिमिटेड की वेबसाइट **(https://baanknet.com)** पर जाएं। लिमिटेड ऑनलाइन बोली में भाग लेने के लिए। तकनीकी सहायता के लिए कृपया 8291220220 पर कॉल करें। पंजीकरण स्थिति और ईएमडी स्थिति के लिए कृपया **support.baanknet@psballiance.com** पर ईमेल करें।
संपत्ति के विवरण और संपत्ति की तस्वीर और नीलामी के नियमों और शर्तों के लिए कृपया देखें: **https://baanknet.com** और इस पोर्टल से संबंधित स्पष्टीकरण के लिए, कृपया **पीएसबी एलायंस प्राइवेट लिमिटेड**, संपर्क नंबर 8291220220 से संपर्क करें। बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे **https://baanknet.com** वाली वेबसाइट पर संपत्ति खोजते समय ऊपर उल्लिखित संपत्ति आईडी नंबर का उपयोग करें।

दिनांक : 06/03/2025

प्राधिकृत अधिकारी, इंडियन बैंक


## जुआ खेलते दो गिरप्तार

इटारसी, देशबन्धु। गैरिज लाइन क्षेत्र के पीछे पुलिस ने जुआ खेलते हुए दो जुआरियों को पकडा है। जिनके पास से नगदी एवं ताश के पत्ते बरामद किए गए। ग्रामीण अंचलो के साथ शहरी क्षेत्र में भी जुआरी सक्रिय है। पुलिस ने गैरिज लाइन के पीछे 18 बंगला क्षेत्र में जुआ खेल रहे ब हनगांव निवासी रितिक पटेल और सूरजगंज निवासी अंश कुमार पटेल को गिरप्तार किया है। बताया जा रहा है कि उनके पास से ताश के पत्ते और पांच सौ रूपए नगदी बरामद किए गए है। पुलिस ने इस मामले में आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

देशबन्धु

नर्मदापुरम, गुरूवार 6 मार्च 2025

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



## 'हू आफ्टर औरंगज़ेब?'

एक बड़ा वर्ग एक ओर जहां इस बात को मानकर गदगद है कि भारत में हिन्दू राष्ट्र की स्थापना हो चुकी है क्योंकि लगभग एक हजार वर्षों के बाद कोई हिन्दू शासक दिल्ली के सिंहासन पर बैठा है, तो वहीं उसे यह देखकर दुख भी होता है कि देश के सियासी गलियारे में अब भी मुगलिया शासकों की उपस्थिति बनी हुई है। जिस प्रकार से इस्लामी शासकों द्वारा हिन्दुस्तान पर राज किये जाने की एक ऐतिहासिक क्रोनोलॉजी है, वैसे ही जैसे-जैसे नरेन्द्र मोदी प्रवर्तित वर्तमान हिन्दू शासनकाल आगे बढ़ रहा है, वैसे-वैसे मुस्लिम शासकों की शामत आ रही है। इस्लामोफोबिया को रंग व हवा देने के लिये बाबर से शुरु कर भारतीय राजनीति को इन दिनों औरंगज़ेब की याद ज़ोरों से आ रही है। सवाल यह है कि इस कथित 'जल्लाद' और 'हिन्दू विरोधी' के बाद किस शासक का नम्बर आयेगा क्योंकि उनके बाद से मुगलिया सल्तनत लगातार कमजोर हो चली थी जो बहादुरशाह ज़फ़र के बाद पूरी तरह खत्म हो गयी? औरंगज़ेब से ज़फ़र के बीच कोई भी उल्लेखनीय बादशाह तो हुआ नहीं, हुए भी तो इतने कमज़ोर कि उनके नाम भी किसी को मालूम नहीं। शुक्र है कि मुगलों के वारिस कोलकाता की झोपड़पट्टियों में जीवन बिता रहे हैं, वरना वे भी आज आलोचना के केन्द्र में होते- ध्रुवीकरण के उपकरण के रूप में।

वैसे तो मुस्लिमों को लेकर होने वाली सियासत का दौर आजादी के पहले से ही शुरू हो गया था। यह सर्वज्ञात तथ्य है कि हिन्दू महासभा और मोहम्मद अली जिन्ना की मुस्लिम लीग के कारण देश विभाजित हुआ। फिर भी जब देश दो हिस्सों में बंट ही गया और जिन्ना पाकिस्तान के गवर्नर जनरल बनकर चले गये तो यहां रह गये महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू तथा कांग्रेस जिन्हें देश को बांटने का जिम्मेदार माना गया। गांधी को इसी कारण से मार डाला गया तथा नेहरू की न केवल उनके जीवन पर्यंत वरन अब तक मुसलमानों के कथित तुष्टिकरण के लिये निंदा होती है। 2014 के बाद, यानी नरेन्द्र मोदी के शासनकाल में नेहरू-मुसलमान सम्बन्धों की पुस्तक में नया अध्याय यह जुड़ गया कि नेहरू के पुरखे मुसलमान थे। यानी वे ऐसे परिवार के हैं जो पहले मुस्लिम था। भारतीय जनता पार्टी के आईटी सेल द्वारा रचित एवं वाट्सएप विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम के जरिये लोगों को ज्ञात हुआ कि उनका वंश किसी गियासुद्दीन ग़ाज़ी से सम्बद्ध है। जिस देश में ज्यादातर हिन्दुओं की कई पुश्तों का विवरण प्रयागराज और हरिद्वार में उन घाटों के पंडितों के सैकड़ों वर्षों से लिखे जा रहे बही-खातों में दर्ज़ हैं जहां पितरों का अस्थि विसर्जन होता है, उसी देश के लोगों ने नेहरू के मुस्लिम कनेक्शन को सच मान लिया। इंदिरा गांधी के पारसी पति फिरोज़शाह को भी मुस्लिम साबित करने में कोई दिक्कत नहीं आई। चूंकि राहुल व प्रियंका की मां सोनिया ईसाई परिवार से आती हैं तो इस तड़के में एक और जायका मिलाकर विमर्श आगे बढ़ा जिसके कई आयाम खुलते हैं।

1991 में देश की राजनीति में बाबर का प्रवेश गाजे-बाजे के साथ भाजपा द्वारा किया गया- अयोध्या के रामजन्मभूमि मंदिर को मुद्दा बनाकर। देश में मुगल सल्तनत की नींव रखने वाले बाबर के सेनापति मीर बाक़ी द्वारा इसे तुड़वाकर (1528-29) बाबरी मस्जिद बनवाई गयी थी। इसे लेकर भाजपा का रामजन्मभूमि आंदोलन हुआ। लालकृष्ण आडवाणी की सोमनाथ से लेकर निकली रथयात्रा ने देश की राजनीति का विमर्श कुछ यूं बदला कि पहले अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में 3 बार (क्रमश: 13 दिन, 13 माह व पूर्णकालिक) सरकारें बनीं। इस दौरान किसी को बाबर याद नहीं आया। कभी-कभार उसका उल्लेख इन शब्दों में ही होता था कि 'काबुल में उसके मकबरे पर कोई नहीं जाता पर भारत में उसकी पूछ-परख बनी हुई है।' इस तंज के निशाने पर कांग्रेस होती थी। संविधान की भावना के अनुरूप अल्पसंख्यकों की सरकार की ओर से देखरेख को 'तुष्टिकरण' बतलाया जाता रहा।

2014 के बाद से यह विमर्श सघन तो हुआ ही, बहुस्तरीय भी बन गया। एक तरफ भाजपा ने खुद को हिन्दुओं की पार्टी बना डाला तो वहीं सरकार ऐसे कानून बनाने लग गयी जिसके निशाने पर किसी न किसी तरह से मुस्लिम ही होते हैं। फिर चाहे वह नागरिकता कानून हों या जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 की समाप्ति, तीन तलाक का खात्मा या वक्फ़ बोर्ड में बदलाव। स्वयं मोदी चुनावी सभाओं से लेकर संसद के भीतर अपने भाषणों में मुस्लिम विरोधी विमर्श के सूत्रधार बने हुए हैं। एक तीसरा वर्ग है जो ट्रेनों-बसों में किसी मुस्लिम को देखकर हनुमान चालिसा का पाठ करने लगता है या फिर हिन्दू त्यौहारों पर मंदिरों की बजाये मस्जिदों या चर्चों के सामने (घुसकर भी) धार्मिक नारे लगाता है। उसे किसी मुसलमान के घर की छत पर इस्लामी झंडा फहराने से लेकर किसी मज़ार को खोदने अथवा ताजमहल में पूजा करने में कोई उज्र नहीं है। किसी पुस्तक को हाथ भी न लगाने वालों को वर्षों पहले नालंदा विश्वविद्यालय के जलाये जाने का दुख अब जाकर साल रहा है।

इसी के तहत फिलहाल भारत की राजनीति में औरंगज़ेब तहलका मचाये हुए हैं। दो साल पुराना एक वीडियो वायरल हुआ है जिसमें एक युवा सार्वजनिक शौचालय में औरंगज़ेब की तस्वीर चस्पां कर रहा है तो वहीं मुम्बई में समाजवादी पार्टी के विधायक अबू आजमी के खिलाफ़ इसलिये एफआईआर हो रहा है क्योंकि वे औरंगज़ेब की शासन प्रणाली की तारीफ़ कर देते हैं। उन्होंने चाहे अपना बयान वापस ले लिया हो लेकिन उन्हें विधानसभा के जारी बजट सत्र से निलम्बित कर दिया गया है। राजद्रोह का मामला चलाने की मांग भी हो रही है।

बाबर द्वारा मुगल साम्राज्य की स्थापना का गुस्सा, अकबर के हरम के किस्से, शाहजहां द्वारा कथित रूप से महातेजालय मंदिर को तोड़कर ताजमहल बनाने के आरोपों के बाद औरंगज़ेब भी निपट गये हैं। अब आगे कौन? आश्चर्य नहीं होना चाहिये कि 'हू आफ्टर इंदिरा?' या 'हू आफ्टर मोदी?' की तर्ज़ पर अब पूछा जाने लगे- 'हू आफ्टर औरंगज़ेब?'

# अंबानी के जंगल में मोदी

नरेन्द्र मोदी ने अपने आलोचकों को कड़ा जवाब दे दिया है। पिछले 11 सालों से वे सुन-सुन कर तंग आ गए थे कि मोदी साक्षात्कार से घबराते हैं, मोदी चीन को लाल आंखें नहीं दिखाते, मोदी ये नहीं करते, मोदी वो नहीं करते। अब मोदी ने कुछ ऐसा कर दिखाया कि सबकी बोलती बंद हो गई। इस काम में उनके मित्र मुकेश अंबानी बड़े मददगार साबित हुए। हर कोई ट्रंप जैसा नहीं होता, जिनका नाम लेकर कांग्रेस ने तंज कसा था कि दुश्मन न करे, दोस्त ने वो काम किया है..। मुकेश भाई ने कैसेट पलट कर ये दोस्ती हम नहीं छोड़ेंगे, बजा दिया। मोदी के दुश्मनों को आईना दिखाने के लिए उनसे अपने निजी जंगल वनतारा का उद्घाटन करवा दिया। वनतारा को दुनिया का सबसे बड़ा वन्यजीव बचाव और पुनर्वास केंद्र बताया जा रहा है। एक निजी जमीन पर बना जंगल और उसमें रखे गए जानवरों पर कई गंभीर सवाल उठ रहे हैं, लेकिन उसकी चर्चा बाद में। पहले देख लेते हैं कि मोदीजी ने कैसे बुरी नजर वालों को अपनी टेढ़ी नजरें दिखा दीं।

सोशल मीडिया में प्रधानमंत्री मोदी ने जानवरों के साथ अठखेलियां करते, लाड़ करते-दुलारते, निहारते कई तस्वीरें और वीडियो डाले हैं। मैन वर्सेज वाइल्ड की शूटिंग हुए छह साल बीत गए, लेकिन पिक्चर अभी बाकी है। वाइल्ड लाइफ का एडवेंचर जैसे आजकल नवधनाढ्यों के सिर पर सवार रहता है, उसकी झलक मोदी के वनतारा एडवेंचर में देखने मिली। यहीं उन्हें अपने आलोचकों का मुंह बंद करने का भी मौका मिला, जो उन्हें डरपोक कहते थे, तंज कसते थे कि मोदी पत्रकारों का सामना नहीं कर सकते। लेकिन आलोचकों को ये नहीं पता था कि मोदी उनका सामना कर सकते हैं, जिसे दुनिया बब्बर शेर कहती है। मोदी अब कह सकते हैं कि जाओ जाकर राहुल के बब्बर शेरों को कह दो कि मैं असली बब्बर शेरों से मिलकर आया हूं। जाओ जाकर मुझसे सवाल पूछने के उत्सुक लोगों को कह दो, मैंने शेर और चीते का साक्षात्कार किया है। अब ये अलग बात है कि मोदी जब शेर, चीते, सिंह सब से साक्षात मिल रहे थे तो बीच में एक कांच की दीवार थी। इधर से शेर अपना हाथ मारता, उधर से मोदी अपना हाथ देते, दे ताली। अगर पत्रकार भी इसी तरह कांच की दीवार के आर-पार साक्षात्कार लेने की कला सीख जाएं, तो फिर मोदी एक क्या सौ सवालों पर इसी तरह दे ताली कर देंगे। हाथों की कला तो उन्हें वैसे भी खूब आती है। अमेरिका में पत्रकार ने अडानी पर सवाल पूछा था तो उस वक्त दे ताली नहीं कर पाए, मगर हाथ नचा कर अच्छे से जवाब दे ही दिया था।

वनतारा में मोदी को गोदी मीडिया वाले पत्रकारों को खिलाने जैसा आनंद भी आया। एक वीडियो आया है जिसमें मोदी शेर और सिंह शावकों को गोद में बिठाकर पुचकार रहे हैं, बोतल से दूध पिला रहे हैं। एक नन्हा सिंह तो दहाड़ने की कोशिश करता भी दिखा। नादान है उसे नहीं मालूम कि जिसकी गोद में बैठते हैं, उसके सामने न दहाड़ते हैं, न दहाड़ने का दिखावा करते है। इस मामले में अपनी मौसी बिल्ली से सीखने की जरूरत है। मोदी ने मेडागास्कर में पाए जाने वाले दुर्लभ लेमूर को भी अपनी गोद में बिठाकर खाना खिलाया। लेमूर वानर कुल का ही प्राणी है। कुशल मदारी अच्छे से जानता है कि अपने बंदर को कैसे नचाना है, कब उसे खिलाना है, कब उसके जरिए खिलवाड़ करके दिखाना है। वो तो मेनका गांधी ने अगर भालुओं और बंदरों की रक्षा का स्वघोषित जिम्मा नहीं उठाया होता तो आज सड़कों पर कई मदारी वनतारा से बेहतर मनोरंजन लोगों का कर के दिखाते, लेकिन एक को विजेता बनाने के लिए सारों को रास्ते से हटा दिया गया।

### दुनियादारी

■ सर्वमित्रा सुरजन

> वनतारा में मोदी को गोदी मीडिया वाले पत्रकारों को खिलाने जैसा आनंद भी आया। एक वीडियो आया है जिसमें मोदी शेर और सिंह शावकों को गोद में बिठाकर पुचकार रहे हैं, बोतल से दूध पिला रहे हैं। एक नन्हा सिंह तो दहाड़ने की कोशिश करता भी दिखा। नादान है उसे नहीं मालूम कि जिसकी गोद में बैठते हैं, उसके सामने न दहाड़ते हैं, न दहाड़ने का दिखावा करते है।

खैर, करीब साढ़े तीन हजार एकड़ में बने अंबानी के इस जंगल में मोदी ने ढेर सारे जीव जंतुओं से मुलाकात की। थलचर, जलचर, नभचर सारे प्राणी परमात्मा के साक्षात अंश से मिलकर गदगद हुए होंगे, ऐसा मान लेना चाहिए। वर्ना जानवरों तो अपने जंगलराज में ही मगन रहते हैं, उन्हें कहां मौका मिलता है कि वो लोक राज के मुखिया से भी मिलें। हो सकता है मोदीजी ने उनकी भाषा में बताया भी हो कि अब बिहार में चुनाव होने हैं, और वहां हमें बार-बार जंगलराज की बात करनी पड़ती है। इसलिए आप लोग मुझे सीधे फर्स्ट हैंड जानकारी दें कि आपके असली जंगलराज में आखिर होता क्या है। जैसे बिल गेट्स से एआई और एलन मस्क से सीधे एक्स और टेस्ला की जानकारी मोदी ले चुके हैं, वैसे ही अबकी बार जंगलराज से सीधा साक्षात्कार, का नारा वनतारा में उन्होंने बुलंद किया होगा। यहां मोदी को अजगर, ऊदबिलाव, ओरंगुटान, दरियाई घोड़ा, फ्लेमिंगो और शायद गिद्ध या बाज से भी मिलने का मौका मिला। सुअर शायद वनतारा में नहीं हैं या होंगे भी तो उनके साथ मोदी की तस्वीर देखने नहीं मिली। वैसे भी योगीजी ने तो बताया है कि गिद्ध और सुअर महाकुंभ पर नजर रखे थे।

मोदीजी ने शीशे के पुल पर खड़े होकर नीचे पानी में घड़ियालों को भी देखा। इस मुलाकात के वीडियो को देखकर समझना कठिन था कि कौन किसको देखकर चुनौती महसूस कर रहा है। हाल-फिलहाल कोई चुनाव नहीं है, न ये कोई विदेशी दौरा था, जहां सबके सामने आंसू बहाने की जरूरत पड़े। अगर ऐसी नौबत आती, तब तो घड़ियाल सोचते कि अच्छा है हम पानी में ही ठीक हैं, कम से कम यहां मुंह छिपा कर अपने आंसू भी छिपा लेंगे, बाहर रहते तो आंसू बहाने की प्रतियोगिता में हार ही जाते। मोदीजी को वनतारा के फ्लेमिंगों के बीच जाकर अपनेपन का खासा अहसास हुआ होगा। नारंगी फ्लेमिंगों को क्या पता कि उनका रंग देश में कितना सियासी रसूख रखता है। वैसे कानपुर के चिड़ियाघर में रखे गए सारस को बेहद अफसोस हो रहा होगा कि अंबानी की मेहरबान नज़रें उस पर क्यों नहीं पड़ीं। आरिफ ने तो उस सारस के साथ खूब दोस्ती निभाई, लेकिन यहां पशु पक्षियों के संरक्षण और बचाव के लिए बनाए गए कठिन वन्य कानून आड़े आ गए और आरिफ से उस सारस को न केवल अलग कर दिया गया, बल्कि अब आरिफ को सारस से मिलने की भी इजाज़त नहीं है, क्योंकि पिंजरे में कैद सारस आरिफ को देखकर मिलने के लिए तड़पने लगता है। दो साल पहले उसे वन अधिकारियों ने आरिफ से अलग कर दिया था, अब तो न जाने किस हाल में होगा।

मालूम नहीं मोदीजी की वनतारा में किसी जानवर से ऐसी ही पक्की वाली निस्वार्थ दोस्ती हुई या नहीं, क्योंकि अगर वहां कोई जानवर मोदी से मिलने तड़पे तो उसमें तो कोई वन्य कानून आड़े नहीं आएगा। वैसे भी जब दुनिया भर से चुन-चुन कर जानवरों को वनतारा में रखा जा सकता है, तो क्या राष्ट्रीय, क्या अंतरराष्ट्रीय किसी कानून के बारे में पूछने का मतलब ही नहीं रह जाता। छोटे, बड़े, शाकाहारी, मांसाहारी, लुप्तप्राय, दुर्लभ तमाम तरह के जानवर गुजरात ऐसे ही तो नहीं पहुंचे होंगे, इन्हें अंतरराष्ट्रीय सीमाओं से गुजारते हुए लाया गया, रखा गया, पाला गया। यह सब करने के लिए किस तरह राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सरकारों की स्वीकृति मिली, यह बड़ा सवाल है। अब मोदी वहां अपनी पूरी कैमरा टीम के साथ पहुंचे, तरह-तरह से फोटो शूट हुए। क्या हम किसी राष्ट्रीय अभयारण्य में इतनी मनमर्जी से टहल सकते हैं। वैसे जंगली जानवर इंसानों से घुलना-मिलना पसंद नहीं करते, लेकिन यहां पालतुओं की तरह उन्हें हाथ से खिलाया-पिलाया गया और वीडियो भी बनवाए गए, क्या इसमें नियमों का उल्लंघन नहीं हुआ। बहुत से जानवरों का इलाज यहां हो रहा है, जिनका मुआयना भी मोदी ने किया। किसी की जान बचाना सही है, लेकिन क्या जब ये जानवर ठीक हो जाएंगे तो क्या उन्हें वापस उनके अपने घर में छोड़ा जाएगा या ये वनतारा की ही संपत्ति कहलाएंगे। इस संपत्ति का क्या कोई व्यापारिक लाभ भी आगे लिया जाएगा, क्योंकि दुनिया में जानवरों की खाल, हड्डी, नाखून, सींग, फर सबकी बड़ी मांग है, इसलिए इनका शिकार होता है और इनकी रक्षा के लिए ही तमाम कानून बने हैं। अब उन कानूनों का क्या होगा, वनतारा की निगरानी का हक क्या सरकार के वन मंत्रालय को होगा। ऐसे कई सवाल हैं, जो मोदी जी से साक्षात्कार में पूछे जा सकते हैं। पर इसके लिए शीशे की दीवार का इंतजाम करना होगा, मोदी तभी सामने आएंगे।

# अंधविश्वासी विचारों का प्रचार करने वालों की साजिशों का पर्दाफाश होना चाहिए

■ डॉ. अरुण मित्रा

प्रयागराज में कुंभ स्थल पर गंगा नदी के पानी में उच्च स्तर के प्रदूषण की केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्ट के बाद अब बिहार आर्थिक सर्वेक्षण ने एक रिपोर्ट जारी की है जिसमें कहा गया है कि बिहार में अधिकांश स्थानों पर गंगा नदी का पानी स्नान के लिए भी उपयुक्त नहीं है, क्योंकि इसमें जीवाणुओं की मात्रा बहुत अधिक है। यह अध्ययन बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा किया गया है, जो नियमित रूप से गंगा नदी में प्रदूषण के स्तर की निगरानी करता है।

प्रयागराज में बड़ी संख्या में लोगों के एकत्र होने का संज्ञान लेते हुए, राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने पहले चेतावनी दी थी कि कुंभ स्थल प्रयागराज का पानी अत्यधिक प्रदूषित है। उन्होंने बताया कि प्रदूषण की मात्रा अनुमेय सीमा से कहीं अधिक है और प्रदूषकों में मल का उच्च स्तर शामिल है। 16 फरवरी, 2025 को एनजीटी ने उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (यूपीपीसीबी) को उसकी खराब कार्रवाई के लिए फटकार लगायी, जिसके कारण 50 करोड़ लोगों ने न केवल अत्यधिक प्रदूषित पानी में स्नान किया, जो कई बीमारियों का कारण बन सकता है, बल्कि इससे भी बदतर यह कि लोगों को वह पानी पीना भी पड़ा। एनजीटी ने यह भी आशंका जतायी कि शायद यूपीपीसीबी किसी तरह के दबाव में है। कोई अश्चर्य नहीं कि एनजीटी की टिप्पणियों के बाद उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रयागराज का पानी पीने योग्य है।

यह तब है जब केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) ने पाया कि 12 जनवरी और उसके बाद 23 जनवरी, 2025 को निरीक्षण के दौरान कई निगरानी स्थलों पर पानी की गुणवत्ता घटिया पायी गयी। सीपीसीबी की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि कई स्थानों पर बायोकेमिकल ऑक्सीजन डिमांड (बीओडी) का स्तर सामान्य मानक तीन मिलीग्राम (एमजी) प्रति लीटर से अधिक पाया गया। उच्च बीओडी प्रदूषण के उच्च स्तर को इंगित करता है, क्योंकि सूक्ष्मजीवों को पानी में कार्बनिक अपशिष्ट को विघटित करने के लिए अधिक ऑक्सीजन की आवश्यकता होती है। फेकलकोलीफॉर्म बैक्टीरिया का स्तर बहुत अधिक था, जो मुख्य रूप से मानव और पशु मलमूत्र से आते हैं। इन बैक्टीरिया की मौजूदगी से पता चलता है कि पानी सीवेज से दूषित है, जिससे टाइफाइड, डायरिया और हैजा जैसी जलजनित बीमारियों के फैलने की संभावना है।

यह देखा गया कि कई स्थानों पर नालों से अनुपचारित अपशिष्ट जल सीधे गंगा में बह रहा था। जबकि कुछ नालों को टैप करके उपचारित किया जा रहा था, लेकिन उपचार प्रक्रिया या तो आंशिक या अप्रभावी थी।

एनजीटी की रिपोर्ट लोगों को उस प्रदूषित पानी में डुबकी लगाने से पहले सावधानी बरतने की चेतावनी थी। यह एक विरोधाभास है कि वैज्ञानिक चेतावनी के बावजूद लोग अत्यधिक प्रदूषित पानी में नहाने और पीने के लिए उमड़ पड़े। लेकिन इस विश्वास के बिना कि कुंभ के दौरान डुबकी लगाने से उन्हें देवताओं का आशीर्वाद मिलेगा, इनमें से अधिकांश लोग ऐसे प्रदूषित जल स्रोतों के पास भी नहीं खड़े होंगे।

ऐसी आस्था और विश्वास जो पहले एक व्यक्तिगत मामला हुआ करता था, अब राज्य द्वारा कायम रखा जा रहा है। ऐसे आयोजनों का प्रबंधन आज तक धार्मिक संस्थाओं द्वारा किया जाता रहा है, जबकि राज्य केवल सहायक सेवाएं ही प्रदान करता रहा है। लेकिन पिछले एक दशक में राज्य न केवल इन आयोजनों को बढ़ावा देने में शामिल रहा है, बल्कि उन्हें मजबूत करने के लिए कथा-कथन भी गढ़ रहा है। इतना अधिक कि कई बार संवैधानिक संस्थाओं के लिए दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करना मुश्किल हो जाता है।

12 अप्रैल 2017 को टाइम्स ऑफ इंडिया में प्रकाशित एक समाचार में चार सदस्यीय समिति ने सिफारिश की थी कि तथाकथित धर्मगुरु श्री श्री रविशंकर के आर्ट ऑफ लिविंग (एओएल) फाउंडेशन को यमुना नदी तट को हुए 'व्यापक और गंभीर नुकसान' के लिए मरम्मत लागत के रूप में 100-120 करोड़ रुपये का भुगतान करना चाहिए। यह क्षति 2016 में दिल्ली में यमुना के तट पर एओएल द्वारा आयोजित सामूहिक उत्सव के कारण हुई थी। लेकिन एओएल ने इस आदेश का पालन नहीं किया, क्योंकि उन्हें केंद्र सरकार का संरक्षण प्राप्त था।

सत्ता में बैठी सरकार द्वारा बार-बार अवैज्ञानिक कथा-कथन गढ़कर लोगों को मिथकों में उलझाए रखने का एक सूक्ष्म प्रयास किया जाता है। उदाहरण के लिए, गोमूत्र को कैंसर सहित विभिन्न बीमारियों के इलाज के रूप में प्रचारित किया जाता है। भाजपा सांसद प्रज्ञा ठाकुर ने कहा था कि गाय के मूत्र से उनका स्तन कैंसर ठीक हो गया। गाय के गोबर और पंचगव्य को कई बीमारियों के लिए पसंदीदा उपचार माना जाता है। साथ ही, गाय के गोबर में परमाणु विकिरणों से बचाने की शक्ति भी होती है, उन्होंने कहा था।

उत्तराखंड के सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत ने जुलाई 2019 में कहा था कि गाय एक मात्र ऐसा जानवर है जो ऑक्सीजन सांस लेता और छोड़ता है और इस हवा को सांस के साथ लेने से लोगों की सांस की समस्या ठीक हो सकती है क्योंकि गाय 'प्राण वायु' देती है।

> आस्था और विश्वास जो पहले एक व्यक्तिगत मामला हुआ करता था, अब राज्य द्वारा कायम रखा जा रहा है। ऐसे आयोजनों का प्रबंधन आज तक धार्मिक संस्थाओं द्वारा किया जाता रहा है, जबकि राज्य केवल सहायक सेवाएं ही प्रदान करता रहा है। लेकिन पिछले एक दशक में राज्य न केवल इन आयोजनों को बढ़ावा देने में शामिल रहा है, बल्कि उन्हें मजबूत करने के लिए कथा-कथन भी गढ़ रहा है।

राजस्थान उच्च न्यायालय के एक न्यायाधीश ने कहा था कि मोरनी मोर के आंसू चाटने पर संतानों को जन्म देती है। जालंधर में आयोजित भारतीय विज्ञान कांग्रेस में आंध्र प्रदेश विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. नागेश्वर राव ने कहा था कि-100 कौरव इसलिए पैदा हुए क्योंकि हमारे पास इतना उन्नत विज्ञान था कि हम प्राचीन भारत में प्रत्यारोपण के लिए स्टेम सेल का इस्तेमाल करते थे। आरोग्य भारती रति क्रीड़ा के दौरान विशिष्ट श्लोकों का जाप करके अनुकूलित शिशुओं के जन्म को बढ़ावा दे रही है।

वास्तव में इस तरह की अवैज्ञानिक कथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा के केंद्र में सत्ता में आने के तुरंत बाद गढ़ी गयी थी। अक्टूबर 2014 में मुंबई के एक अस्पताल के उद्घाटन के अवसर पर उन्होंने दावा किया था कि हाथी के सिर वाले हिंदू देवता गणेश प्राचीन भारत के प्लास्टिक सर्जरी के ज्ञान का प्रमाण थे। यह उनके बैंड वैगन को झूठी कहानियों का महिमामंडन करने का संकेत था। यह सब लगातार प्रयास लोगों को तर्कसंगत सोच से दूर रखने के लिए है।

लेकिन इस तरह के मिथकों और झूठ को हमेशा समय-समय पर चुनौती दी जाती रही है। प्राचीन भारत में एक ऋषि चार्वाक ने ब्रह्मांड और सामाजिक संबंधों के निर्माण की प्रचलित अवधारणा को चुनौती दी थी। उन्हें उनके विचारों के लिए जलाकर मार दिया गया था। गैलीलियो ने पृथ्वी के चारों ओर सूर्य के घूमने के मिथक को चुनौती दी, भले ही उन्हें इसके लिए सताया गया था। सूफी संतों ने भी मिथकों के खिलाफ बात की। गुरु नानक देव ने उस समय मिथकों को चुनौती दी जब ऐसा करना बहुत मुश्किल था। अब जब हमारे पास आसपास हो रही घटनाओं के पर्याप्त वैज्ञानिक प्रमाण हैं, तो यह हमारा कर्तव्य है कि हम निडर होकर उन लोगों के नापाक इरादों को उजागर करें जो विज्ञान का पूरा लाभ तो लेना चाहते हैं, लेकिन समाज में तर्कहीन और रूढ़िवादी विचारों को बढ़ावा भी देना चाहते हैं।

### आपके पत्र

## पर्देदारी से कब निकलेंगी महिलाएं?

पर्देदारी से मेरा आशय घूंघट या बुर्खा से कतई नहीं है। वह तो काफी हद तक घट चुका है। मेरा आशय उस वीभत्स और डरावनी पर्देदारी से है जिसका साया तकरीबन हर महिला को ढके हुए है। जिसने उसकी अपनी तमन्नाएं और जज़्बात पर पितृ सत्ता का आवरण डाल रखा है। इसके साथ ही उसकी जुबान पर ताला लगा रखा है। स्त्रियों को समझना होगा कि जब तक वे चुप रहेंगी उनके साथ और आगत पीढ़ियों का इसी तरह दमन होता रहेगा। परसाई जी ने तो साफ़-साफ़ दिख दिया था कि- स्त्री घर से बाहर महंगाई की वजह से निकली है क्योंकि एक से अब परिवार का पोषण नहीं होता। वाकई स्त्री की हालत स्वावलंबन के बाद और बुरी हो गई क्योंकि उसका संपूर्ण समय दफ्तरों और घरु तनावों में ही गुज़र जाता है। उसकी अपनी इच्छाएं दबी ही रह जाती हैं।

यह स्थितियां सिर्फ मध्यम वर्ग की महिलाओं की नहीं है। बराबरी के पदों पर बैठे पति-पत्नी का भी कमोवेश यही हाल है। एक लेखिका ने बहुत पहले लिखा था कि उसे सबके सो जाने के बाद ही अपनी नींद को खोकर ही अपनी अभिव्यक्ति के लिए समय मिल पाता है।

यह स्थितियां चिंताजनक हैं। अफसोसनाक है वह फिर भी ख़ामोश है। वह किसी लड़की के साथ हुए दुष्कर्म पर भी नहीं बोलती। आज़ाद भारत की तकरीबन 90फीसदी महिलाओं की ख़ामोशी निरंतर उसे रसातल में लिए जा रही है। एक महिला के राष्ट्रपति, वित्त मंत्री, मुख्यमंत्री, जज, बड़ी अधिकारी और जिला पंचायतों , पालिकाओं में पहुंचने से कुछ भी हासिल नहीं हुआ क्योंकि वह अपनी जगह सीखें हुए पाठ पढ़ती हैं। यह लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए अभिशाप ही कहा जाएगा।

आज महिलाओं पर बढ़ते अपराधों की वजह उनकी सहनशीलता और चुप्पी ही जिम्मेदार है। क्योंकि संविधान ने उन्हें जो हक दिए हैं उसे प्राप्त करने में उसकी दिलचस्पी नहीं है। महिलाओं का दूसरी महिला के प्रति नकारात्मक रुख बड़ी खामी है। तीसरे समाज से उपेक्षित महिला जब अपनी कोशिश और साहस से आगे आती है उसके प्रति भी सम्मान भाव नहीं रहता। न्याय व्यवस्था की हीला सवाली और बलात्कार जैसे घृणास्पद कार्य करने वालों को जब सम्मान मिल जाता है तब तो महिलाओं की एकजुटता से ही काम बन सकता है।अब तक पर्दे दारी बहुत हुई,खूब सहा अब नहीं सहेंगे।इस कारावास को तोड़ेंगे के भाव महिलाओं के दिल में आने चाहिए और खुलकर अपनी बात सार्वजनिक मंच पर साहसपूर्ण तरीके से रखने का सलीका भी आ जाए ,तभी संभावना बनती है एक सशक्त नारी की।

-सुसंस्कृति परिहार



### ललित सुरजन की कलम से

## इस चेतावनी को सुनें

*'अभी कुछ साल पहले तर्क दिया जाता था कि जब पूंजी एक देश से दूसरे देश जा सकती है तो कामगारों का आवागमन भी उतना ही सुलभ क्यों न हो। जाहिर है कि यह तर्क खोखला सिद्ध हुआ। इस स्थिति में समाजचिंतकों के समक्ष नए सिरे से अपनी भूमिका तय करने का वक्त आ गया है। जितने भी राजनीतिक दर्शन हैं वे आज तक उन्होंने ही स्थापित और परिभाषित किए हैं, सुकरात और अरस्तू से लेकर मार्क्स और गांधी तक। आज विश्व की जो परिस्थितियां हैं उनकी नए सिरे से व्याख्या करना आवश्यक है। यह विडम्बना है कि एक ओर प्रौद्योगिकी ने देशकाल की बहुत सी सीमाओं को तोड़ दिया है, दूसरी तरफ समाज खुद को सीमाओं में बांधते जा रहा है। उसका भय और संकोच कैसे समाप्त हो, उसमें उदात्त भावों का विकास कैसे हो, इसके लिए एक नई योजना, एक नया रोड मैप तैयार करना समय की न टाली जा सकने वाली मांग है। अन्यथा हम लकीर पीटते रहेंगे और प्रतिगामी, पुनरुत्थानवादी ताकतें विजय घोष के साथ आगे बढ़ती जाएंगी। इतिहास गवाह है कि हिटलर के उदय को समय रहते नहीं समझा गया, जिसकी भारी कीमत विश्व समाज को चुकानी पड़ी। वे खौफनाक दिन दुनिया के किसी भी देश में कभी भी नई शक्ल लेकर लौट सकते हैं। इस चेतावनी की अनसुनी करेंगे तो आने वाली पीढ़ियां हमें अपराधी मानकर धिक्कारेंगी।'*

**(अक्षर पर्व फरवरी 2017 अंक की प्रस्तावना)**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2017/02/blog-post_8.html

### पावन प्रसंग

## नव-सृजन ही जीवन की सार्थकता

परिवर्तन की इस महा प्रक्रिया का साइकल स्वयं इस बात का साक्ष्य है की परिवर्तन खुद ही नवीनता की एक बड़ी खोज है और परिवर्तन का सीधा अर्थ है जड़ता का नाश है। जो हमारी पुरानी परंपराएं जड़ तथा जंगम हो चुकी है या जो स्वयं को नई परिस्थितियों के अनुसार ढाल पाने में सक्षम नहीं है उसका अंत ही परिवर्तन का प्रस्थान बिंदु होता है और इसका अंत एक बड़े शून्य को जन्म देता है और यह नवीन तथा प्राचीनता के बीच की एक समन्वय की कड़ी होती हैं। और इसमें वह सारे और अवसर निहित होते हैं जिनका चयन ही भविष्य की बुनियाद तय करता है और इस शून्य के काल में किया गया प्रयत्न और प्रयास भविष्य के बड़े भाग्य को तय करता है और किसी समय चक्र के बार-बार परिवर्तन को ही जीवन की संज्ञा दी गई है। गीता में कृष्ण ने इस परिवर्तन वह उसमें अंतर्निहित मौके की तलाश करने का संकेत दिया है। मानवीय इतिहास में भी यदि नजर दौड़ाई तो पहला परिवर्तन 1215 में नागरिक अधिकार पत्र यानी मैग्नाकार्टा की प्राप्ति हुई थी। 12वीं और 13वीं सदी का समय सामंती प्रथा व क्रूरता से भरा समय था जहां मनुष्य एक साधन मात्र था। और उसी समय जब सदियों से भरी जनता को ललकारते हुए परिवर्तन का महत्व तथा सपना मनुष्य के दिमाग में पैदा हुआ, परिवर्तन की इस घड़ी ने एक अवसर को जन्म दिया था और उसी अवसर का उपयोग करते हुए मानव को नागरिक अधिकार पत्र प्रदान किया था। अब मनुष्य स्वयं का कर्ताधर्ता था और उसी नागरिक अधिकार पत्र में किए उल्लेख का परिणाम है कि आज हर समाज को सभ्यता का प्रमाण उसी अधिकार पत्र के आधार पर दिया जाता है। बीसवीं सदी ने जड़ता पर चोट की, मशीनों के शोर, हथियारों की होड़ के बीच कैलिफोर्निया क्रांति ने विश्व को सूचना प्रौद्योगिकी का उपहार दिया था। इस बड़े परिवर्तन ने संपूर्ण मानव समाज को एक बड़ा अवसर प्रदान किया पूरी कार्यप्रणाली को सरल बनाने और संपूर्ण सामाजिक व्यवस्था को पारदर्शी बनाने का उपहार भी दिया था। यह तो तय है कि जब जब जनता ने समाज की गति को रोकने का प्रयास किया तब मानवीय उद्यम और साहस ने उसे चुनौती दी और नए नए अवसरों की तलाश कर उसका नवीन परिवर्तन का सकारात्मक उपयोग किया।

परिवर्तन सदैव धीरे-धीरे होते हैं यह अचानक नहीं होते प्राकृतिक व्यवस्था अनुसार हर परिवर्तन का एक बड़ा उद्देश्य होता है हर परिवर्तन अपने साथ एक बड़ा अवसर लेकर आता है यह अवसर नवीन लक्ष्यों के आपूर्ति का और उद्देश्य की ओर बढ़ती आकांक्षा को नवीन सृष्टि के निर्माण को संभव बनाने का प्रयास होता है। परिवर्तन का चक्र स्वयं इस बात का प्रमाण है कि परिवर्तन स्वयं की नवीनता का एक बड़ा स्रोत है। बढ़ती जनसंख्या के लिए उत्पादन की ना तो मात्रा पूरी हो पा रही थी और नाही उत्पादन उसकी गति में भी विराम लग गया था।

-संजीव ठाकुर

# खेल जगत

## कोहली अब तक के सबसे महान वनडे क्रिकेटर हैं : माइकल क्लार्क

**नई दिल्ली।** 'चेज मास्टर' विराट कोहली ने एक बार फिर भारत के लिए शानदार जीत की नींव रखी, जिसमें उन्होंने दुबई में असहज परिस्थितियों में अपनी टीम को चार विकेट से जीत दिलाई, ऑस्ट्रेलिया के महान खिलाड़ी माइकल क्लार्क ने उनके शानदार प्रदर्शन की सराहना की और उन्हें अब तक का सबसे महान वनडे क्रिकेटर करार दिया। कोहली आईसीसी नॉकआउट में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सबसे बड़े लक्ष्य का पीछा करने के लिए क्रीज पर उतरे और शानदार स्ट्रोक प्ले और बुद्धिमानी से स्ट्राइक रोटेशन के साथ जीत के अंतर को कम किया, अंत में उनके नाम केवल पांच चौके थे, जिससे मुश्किल सतह पर रन बनाने की उनकी क्षमता का पता चलता है। क्लार्क ने जियो हॉटस्टार से कहा कि एक बार फिर, उन्होंने परिस्थितियों का शानदार ढंग से आकलन किया।



# सेमीफाइनल और फाइनल जैसे बड़े मैचों के फैसले में सबसे अहम है दबाव झेलना: विराट

- लक्ष्य का पीछा करते हुए आपके हाथ में विकेट रहते हैं तो प्रतिद्वंद्वी टीम हार मान लेती है
- प्रतिद्वंद्वी टीम केवल आपके विकेट चटका ही मैच में वापसी कर सकती है



■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 5 मार्च (देशबन्धु)। मैन ऑफ द' मैच चेज मास्टर विराट कोहली की 84 रन की बेहतरीन पारी की बदौलत भारत ने विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को मंगलवार को दुबई में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में चार विकेट से हरा उससे 2023 के वन डे क्रिकेट विश्व कप फाइनल में छह विकेट की हार का हिसाब चुकता कर दिया। मुश्किल पिच पर विराट कोहली की यह पारी भारत के बाकी बल्लेबाजों के लिए भी सबक है। विराट कोहली ने 98 गेंद पर अपनी 84 रन की पारी में 56 सिंगल दौड़ कर बनाए और अपनी पारी में मात्र पांच चौके जड़े। भारत को सेमीफाइनल जिताने के बाद विराट कोहली ने कहा, 'क्रिकेट में खासतौर पर सेमीफाइनल और फाइनल जैसे बड़े मैचों के फैसले में सबसे अहम है दबाव को झेलना। लक्ष्य का पीछा करते हुए आप यदि आखिर तक टिके रहते हैं और आपके हाथ में विकेट बाकी रहते हैं तो अपनी प्रतिद्वंद्वी टीम आमतौर पर हार मान लेती है और आपके लिए मैच आसान हो जाता है। जब तक मैच चलता है तब आपके लिए जरूरी है कि आप खुद पर काबू रखें। यदि मैं शतक बनाता हूं तो बढ़िया है लेकिन मेरे लिए सबसे अहम है जीत और अब बाकी चीजें मेरे लिए मायने नहीं रखतीं। उन्होंने कहा, 'मेरे लिए लक्ष्य का पीछा करते हुए यह यह जानना अहम होता है कि कितने ओवर बाकी हैं और यदि अंतर 25-30 रन का है और हमें छह रन प्रति ओवर छह रन बनाने हैं और हमारे हाथ में छह सात विकेट बाकी है तो मैं चिंतित नहीं होता हूं। ऐसे इसलिए क्योंकि तब आप जानते हैं कि क्रीज पर दो जमे हुए बल्लेबाज हैं और खेल का रुख बदल सकते हैं। ऐसे में आपकी प्रतिद्वंद्वी टीम केवल आपके विकेट चटका ही मैच में वापसी कर सकती है। मेरी मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बल्लेबाजी करते हुए योजना यही थी। मेरी मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल की पारी बहुत हद मेरी पाकिस्तान के खिलाफ खेली पारी की थी जिसमें मैंने अपने शतक में मात्र सात चौके जड़े थे। मेरे लिए यह पारी हालात को समझ कर उसी के मुताबिक खुद को ढाल कर खेलने वाली पारी थी। मैंने मंगलवार को क्रीज पर रह कर बस स्ट्राइक को रोटेट किया दुबई की पिचपर सबसे अहम था भागीदारियां करना। पाकिस्तान के खिलाफ मैच की तरह मंगलवार को सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भी मेरी कोशिश बस पर्याप्त भागीदारियां करने की ही थी। यह सब कुछ पिच के मिजाज पर निर्भर करता है। पिच का मिजाज ही मुझश यह बताता है कि इस पर किस तरह की क्रिकेट खेलनी है और मैं बस उसी के मुताबिक खुद को ढाल कर खेलता हूं।

### व्यक्तिगत उलब्धियां मेरे लिए मायने नहीं रखती: कोहली

**दुबई।** भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज और चैंपियंस ट्रॉफी के पहले सेमीफाइनल के 'प्लेयर ऑफ द मैच' विराट कोहली ने कहा कि व्यक्तिगत उपलब्धियां मेरे लिये मायने नहीं रखती। ऑस्ट्रेलिया को हराने के बाद संवाददाता सम्मेलन में विराट कोहली ने कहा कि पाकिस्तान के खिलाफ पिछले मैच जैसा ही प्रदर्शन था। उन्होंने कहा कि मैं बस परिस्थिति के हिसाब से खेलना चाहता था क्योंकि इस पिच पर साझेदारी बेहद जरूरी थी।मैंने हड़बड़ी नहीं दिखाई। मैंने जो सिंगल्स लिए, वही मेरे लिए सबसे संतोषजनक हिस्सा था। मैं अपने खेल से खुश था। उन्होंने कहा कि जब एक बल्लेबाज के तौर पर गैप निकालने में सक्षम होते हैं तब बात कुछ और होती है। अगर हाथ में विकेट शेष हों तो रन रेट मायने नहीं रखता क्योंकि विपक्षी टीम को भी पता होता है कि मैच जीतने के लिए विकेट ही जरूरी है। विराट ने अपनी फॉर्म को लेकर सवाल के जवाब में कहा कि मुझे नहीं पता। यह आप लोगों पर निर्भर करता है कि आप इसे किस तरह आंकते हैं। मैंने कभी इन चीजो पर ध्यान नहीं दिया। टीम के लिए मैच जीतना सबसे जरुरी है, व्यक्तिगत उपलब्धियां मेरे लिए मायने नहीं रखतीं और मैंने अपने पूरे करियर में यही किया है।


# विराट भारत के लिए बरसों ऐसी बढ़िया पारियां खेलते रहे हैं : रोहित

- पिच की बाबत सोचने की बजाय ध्यान बढ़िया क्रिकेट खेलने पर था
- हमारे बल्लेबाजों ने शांत रह बड़े संयम से बल्लेबाजी की



**नई दिल्ली,** 5 मार्च (देशबन्धु)। भारत की विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया पर दुबई में मंगलवार को आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी क्रिकेट सेमीफाइनल में चार विकेट से जीत से कप्तान रोहित शर्मा ने राहत की सांस ली। कप्तान रोहित शर्मा ने भारत के फाइनल में पहुंचने के बाद कहा,'यह क्रिकेट है और इसमें जब तक आखिरी गेंद नहीं फेंक जाती तब तक कुछ भी निश्चित नही होता है। मैच के अधबीच तक हमें लगा कि ऑस्ट्रेलिया ने एक अच्छा स्कोर बनाया है और इसे पार करने के लिए हमें वाकई बढ़िया बल्लेबाजी करनी होगी। हमारे बल्लेबाजों ने शांत रह बड़े संयम से बल्लेबाजी की। हमने बहुत शांत और संयमित थे। पिच बेहतर दिखी और और दुबई की पिचों का मिजाज ऐसा ही है। हम मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में जिस पिच पर खेले बल्लेबाजी के लिए कुछ बेहतर थी । पिच के मिजाज के मिजाज की बाबत सोचने की बजाय हम बजाय ध्यान बढ़िया क्रिकेट खेलने। मैं हमेशा ही अपनी एकादश में छह गेंदबाजी विकल्प तो चाहता ही था। साथ ही मैं चाहता था कि आठवें नंबर तक हमारे पास बल्लेबाज हों। हमने चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अपनी टीम को अंतिम रूप देते हुए इसी बात को जेहन में रखा। टीम प्रबंधन और चयनकर्ता सहित जो भी इसमें शामिल हैं, मैं हरेक को श्रेय देना चाहूंगा। जब आपके पास छह गेंदबाजी विकल्प होते हैं तो तब आप इनमें से किसी को भी चुन सकते हैं। जहां तक विराट कोहली की ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मंगलवार को सेमीफाइनल में खेली पारी की बात है तो वह भारत के लिए बरसों ऐसी बढ़िया पारियां खेलते रहे हैं। हमारी टीम बेहद शांत होकर खेली।हम शुरू के दो झटकों के बाद एक बड़ी भागीदारी चाहते थे और यह काम विराट कोहली और श्रेयस अय्यर ने ऐसा किया भी। साथ ही पारी के आखिर में हार्दिक द्वारा खेले शॉट बेहद अहम रहे। मैं अपनी टीम की बल्लेबाजी से बेहद खुश हूं । जब आप फाइनल खेलना चाहते हैं तो आप यह भी चाहते हैं कि आपके सभी खिलाड़ी रंग मे रहे। हमारे सभी खिलाड़ी रंग में हैं और हमें इससे बहुत आत्मविश्वास मिलता है। हम फाइनल की बाबत नहीं सोचेंगे जब जैसा होंगे, वैसा ही देखेंगे। दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड दोनों ही बढ़िया टीम है। मैं चाहता हूं कि हमारी टीम के खिलाड़ी सहज रहे।

# जो हमेशा बस शिकायत ही करते है, उन्हें जरूरत बड़प्पन दिखाने की: गंभीर



- गंभीर ने चैम्पियंस ट्रॉफी में भारत के मैच दुबई में कराने को अनुचित लाभ बताने की बात खारिज की

**नई दिल्ली,** 5 मार्च (देशबन्धु)। भारत के पाकिस्तान के साथ कड़वे सियासी रिश्तों के चलते आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी क्रिकेट में भारत के सभी मैच तटस्थ दुबई में कराने को खासतौर पर इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइक एथरटन व नासिर हुसैन, कुछ पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटरों और ऑस्ट्रेलिया के नियमित चोट के चलते फिलहाल बाहर कप्तान पैट कमिंस(बाद में बयान से पलटी मारने वाले) ने इसे भारत को अनुचित लाभ बताया। भारत के इन आलोचकों का कहना था कि इससे भारत को चैंपियंस ट्रॉफी में शिरकत कर रही किसी भी अन्य टीम की बजाय खुद को दुबई की पिचों के मुताबिक खेलने के लिए ढालने और एक ही जगह डेरा डाल कर खेलने का लाभ मिला है। भारत के चीफ कोच गौतम गंभीर ने चैंपियंस ट्रॉफी में भारत के मैच दुबई में कराने को भारत को अनुचित लाभ बताने की बात खारिज की । गंभीर ने भारत के इन आलोचकों को आड़े हाथों लिया है। भारत के चीफ कोच गंभीर ने हमेशा से शिकायत करने वालों पर निशाना साधते हुए कहा,अब तो बड़प्पन दिखाओ। गंभीर ने कहा, 'सबसे पहले भारत के इन आलोचकों को मालूम होना चाहिए दुबई हमारे लिए किसी भी अन्य टीम की तरह तटस्थ स्थान है। हम दुबई में इससे पहले बराबर नहीं खेले हैं। मुझे याद नहीं पड़ता कि हम चैंपियंस ट्रॉफी से दुबई में आखिरी बार कब खेले थे। हकीकत तो यह है कि हमने दुबई में चैंपियंस ट्रॉफी के अपने मैच खेलने की कोई योजना नहीं बनाई थी। हमारी योजना पाकिस्तान अथवा अन्य किसी भी अन्य जगह खेलने पर अपनी 15 सदस्यीय टीम में दो खालिस स्पिनरों को चुनने की ही थी क्योंकि चैंपियंस ट्रॉफी उपमहाद्वीप मे हो रही है। ऐसा नहीं था कि हम स्पिनरों का जाल बुनना चाहते थे। आप यदि देखें तो हमने अपने शुरू के दो मैचों में एक ही खालिस स्पिनर को चुना। हमने न्यूजीलैंड के खिलाफ पिछले और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच में दो खालिस स्पिनरों को चुना। यह कहा गया कि ऐसे मे हमें इसका अनुचित लाभ और इस तरह की अन्य बातों पर बहस शुरू हो गई। हमें किस तरह का अनुचित लाभ? हमने दुबई में एक दिन भी अभ्यास नहीं किया। हम आईसीसी एकेडमी में अभ्यास कर रहे हैं। आईसीसी एकेडमी और दुबई की स्थितियां एकदम अलग हैं। कुछ लोग जो हमेशा बस शिकायत ही करते रहते हैं और उन्हें वाकई बडप्पन दिखाने की जरूरत है। मुझे लगता है कि ऐसा कुछ नहीं था कि दुबई में खेलने का हमें कोई अनुचित लाभ मिला।'

### दुबई में हर मैच खेलने का कोई `अनुचित लाभ' नहीं मिला : भारतीय कोच

**दुबई।** राजनीतिक मुद्दों के कारण भारत चैंपियंस ट्रॉफी के लिए मेजबान देश पाकिस्तान नहीं गया और अपने सभी मैच दुबई में खेले। इस कारण अन्य टीमों को पाकिस्तान की यात्रा करनी पड़ी और फिर भारत के खिलाफ खेलने के लिए दुबई भी आना पड़ा। अब यह कहा जा रहा है कि इससे भारत को दो तरह से फायदा हुआ- उनके खिलाड़ियों को कम यात्रा करनी पड़ी और उनके सभी मैच एक ही मैदान पर हुए। कोच गौतम गंभीर ऐसे आरोपों से जरूर चिढ़े हुए दिखे और उन्होंने सीधे पूछे बिना भी ऐसी बातों को जोर देकर नकार दिया। गंभीर से पूछा गया कि क्या भारत को दुबई की परिस्थितियों के बारे में पता था, जब उन्होंने अपने 15-सदस्यीय दल में पांच स्पिनरों को चुना। हालांकि इनमें से तीन ऑलराउंडर हैं। गंभीर ने जवाब में 'हमेशा शिकायत करने वालों' पर निशाना साधा। गंभीर ने कहा कि देखिए, सबसे पहले, यह हमारे लिए उतना ही सामान्य मैदान है, जितना किसी और टीम के लिए। हमने यहां नहीं खेला है। मुझे याद नहीं कि हमने आखिरी बार यहां कब खेला था। और सच कहूं तो हमने ऐसी कोई योजना नहीं बनाई थी। योजना यह थी कि अगर आप 15 खिलाड़ियों की टीम में दो मुख्य स्पिनर चुनते हैं, तो चाहे हम पाकिस्तान में या कहीं भी खेलते, हम दो मुख्य स्पिनर ही चुनते क्योंकि यह उपमहाद्वीप में होने वाली एक प्रतियोगिता थी। इसलिए ऐसा नहीं है कि हम स्पिनरों का जाल बिछाना चाहते थे। अगर आप देखें तो हमने पहले दो मैचों में सिर्फ एक मुख्य स्पिनर को खेलाया। हमने इस मैच और पिछले मैच में दो मुख्य स्पिनर खेलाए। जहां तक 'अनुचित फ़ायदे' की बात है और इसके बारे में बहुत बहस हो रही है तो कैसा अनुचित फ़ायदा? हमने यहां एक दिन भी अभ्यास नहीं किया है, हम आईसीसी अकादमी में अभ्यास कर रहे हैं। वहां और यहां की परिस्थितियां बिल्कुल अलग हैं। कुछ लोग सिर्फ हमेशा शिकायत करते रहते हैं यार, उन्हें समझदार होना चाहिए। मुझे लगता है कि ऐसा कुछ नहीं था कि हमें कोई अनुचित फायदा मिला हो। यह कहना सही होगा कि हारे हुए कप्तान स्टीव स्मिथ उन शिकायत करने वालों में से नहीं हैं। उन्होंने मैच से पहले भारत के किसी भी फायदे को कम करके आंका और बाद में भी जब उनसे इसके बारे में दोबारा पूछा गया तो उन्होंने कहा कि देखिए, मैं इसमें नहीं पड़ना चाहता। मुझे लगता है कि यह जैसा है, वैसा ही है।

## सार संक्षेप

### सचिन तेंदुलकर ने वडोदरा का दौरा किया

**वडोदरा।** इंटरनेशनल मास्टर्स लीग (आईएमएल) 2025 के मैच वर्तमान में चल रहे हैं, जिसमें वडोदरा के कोटांबी स्टेडियम में पांच प्रमुख मैच निर्धारित हैं, जिसके लिए सचिन तेंदुलकर, युवराज सिंह और पठान बंधुओं सहित कई दिग्गज क्रिकेटर शहर में आए हैं। टूर्नामेंट के दौरान, सचिन तेंदुलकर को अक्सर अभ्यास करते हुए देखा गया है, जो प्रशंसकों का ध्यान आकर्षित करता है। तेंदुलकर का एक वीडियो अब सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसमें वह वडोदरा में अपने शुरुआती क्रिकेट के दिनों को याद करते हैं। वीडियो में, वह 14 साल की उम्र में पहली बार शहर आने की एक खास याद साझा करते हैं। माना जाता है कि यह वीडियो मोतीबाग क्रिकेट ग्राउंड में अभ्यास सत्र के दौरान रिकॉर्ड किया गया था, जिसमें सचिन अपने पिछले अनुभवों को याद करते हुए दिखाई दे रहे हैं। क्लिप में वे कहते हैंः कि मैं अभी वडोदरा में हूं। मेरे पीछे क्रिकेट का मैदान (मोतीबाग) है, जहां मैं पहली बार आया था, जब मैं सिर्फ 14 साल का था और अपनी रणजी टीम के साथ आया था।

### इटलीः 7 से 17 मार्च तक होंगे विशेष ओलंपिक विश्व शीतकालीन खेल

**नई दिल्ली।** खेल मंत्री मनसुख मांडविया बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में विशेष ओलंपिक विश्व शीतकालीन खेलों के लिए 49 सदस्यीय भारतीय टीम के आधिकारिक विदाई समारोह में शामिल होंगे। विशेष ओलंपिक विश्व शीतकालीन खेल 7 से 17 मार्च तक इटली के ट्यूरिन में आयोजित किए जाने हैं। भारतीय टीम में 30 एथलीट, तीन अधिकारी और कोच सहित 16 सहायक कर्मचारी शामिल हैं, जो सबसे बड़ा दल है। विशेष एथलीट छह खेलों -अल्पाइन स्कीइंग, क्रॉस कंट्री स्कीइंग, फ्लोरबॉल, शॉर्ट स्पीड स्केटिंग, स्नोबोर्डिंग और स्नो शूइंग में प्रतिस्पर्धा करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के तहत केंद्रीय खेल मंत्रालय ने दिव्यांग एथलीटों को समर्थन देने पर जोर दिया है।

# राहुल हमेशा दबाव में रहते हैं, लेकिन यह पारी उनका आत्मविश्वास बढ़ाएगी : कुंबले



**नई दिल्ली,** 5 मार्च (एजेंसियां)। भारत के पूर्व कप्तान अनिल कुंबले का मानना है कि केएल राहुल की गलत तरीके से जांच की जा रही है, लेकिन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत के आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल में उनकी संयमित पारी से उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा।

265 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए छठे नंबर पर आए राहुल 34 गेंदों पर 42 रन बनाकर नाबाद रहे और विराट कोहली और हार्दिक पांड्या के साथ महत्वपूर्ण साझेदारियों के साथ भारत को जीत दिलाई। ईएसपीएनक्रिकइन्फो मैच डे पर बोलते हुए कुंबले ने कहा कि राहुल को अक्षर पटेल से पहले बल्लेबाजी करनी चाहिए थी, जिन्होंने महत्वपूर्ण क्षण में आउट होने से पहले उपयोगी योगदान दिया कि मुझे पता है कि अक्षर ने विराट कोहली के साथ साझेदारी करने में अच्छा काम किया, लेकिन केएल राहुल जैसा कोई खिलाड़ी उस समय बल्लेबाजी के लिए आता है - वह यही कर सकता है। अगर वह 30 रन बना लेता है, तो वह सुनिश्चित करेगा कि आप लाइन पार करें। वह ऐसा करता है और वह लगातार ऐसा करता है। पूर्व लेग स्पिनर ने राहुल पर लगातार दबाव को भी उजागर किया। अगर वह अच्छा प्रदर्शन करता है, तो यह अपेक्षित है। अगर वह एक बार भी विफल होता है, तो अचानक पूरी दुनिया उसके पीछे पड़ जाती है। वह दबाव में था, पिछले गेम में अपनी कीपिंग के साथ भी, लेकिन आज उसने दिखाया कि वह क्या करने में सक्षम है। राहुल उस मुश्किल मोड़ पर आए जब भारत को अभी भी 90 गेंदों पर 87 रन चाहिए थे। कोहली ने अपने सामान्य नियंत्रण के साथ पारी को संभाला, लेकिन लक्ष्य अभी भी पूरा नहीं हुआ था। राहुल ने इरादे के साथ खेला, कुशलता से स्ट्राइक रोटेट की और आक्रमण करने के लिए अपने मौकों का चयन किया। उनकी पारी ने सुनिश्चित किया कि भारत ने कभी लय नहीं खोई, और वह नाबाद रहे और टीम को जीत दिलाई। जबकि राहुल अक्सर शीर्ष क्रम के बल्लेबाज के रूप में खेलते हैं, टीम प्रबंधन ने हाल के वर्षों में उन्हें मध्य क्रम के फिनिशर के रूप में इस्तेमाल किया है।

# चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 : आप कोहली पर दबाव नहीं बना सकते : एगर

**नई दिल्ली,** 4 मार्च (एजेंसियां)। गेंदबाज अक्सर वनडे क्रिकेट में विराट कोहली को बांधने में संघर्ष करते हैं, और ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर एश्टन एगर के अनुसार, इसका एक मुख्य कारण स्ट्राइक रोटेट करने की उनकी बेजोड़ क्षमता है। चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की सेमीफाइनल जीत के बाद, एगर ने कोहली की 84 रनों की पारी को खेल प्रबंधन में 'मास्टरक्लास' बताया, इस बात पर प्रकाश डाला कि कैसे गैप खोजने और स्कोरबोर्ड को चालू रखने की उनकी क्षमता दबाव बनाना लगभग असंभव बना देती है। एगर ने ईएसपीएनक्रिकइन्फो के मैच डे शो में कहा कि उनके खिलाफ गेंदबाजी करने में यही सबसे निराशाजनक बात है।यह सिर्फ बाउंड्री के साथ उनके द्वारा किए गए नुकसान की बात नहीं है - यह तथ्य है कि आप उन पर दबाव नहीं बना सकते। जब तक गेंद वास्तव में स्पिन नहीं कर रही होती है, तब तक आपको कभी भी ऐसा महसूस नहीं होता है कि आप उनके ऊपर हावी हैं। और आपको वनडे क्रिकेट में ऐसी बहुत सी पिचें नहीं मिलती हैं। कोहली ने 98 गेंदों पर 84 रन बनाए, जो भारत के लिए अहम साबित हुए। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के 264 रन को चार विकेट रहते ही जीत लिया। स्ट्रोकप्ले से ज्यादा, स्कोरबोर्ड को आगे बढ़ाने की उनकी क्षमता ने ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों को निराश किया। कोहली की पारी विकेटों के बीच दौड़ने में एक मास्टरक्लास थी। उनके 84 रनों में से 64 रन सिंगल और दो से आए, जो अनावश्यक जोखिम उठाए बिना पारी को आगे बढ़ाने की उनकी क्षमता का प्रमाण है। एगर ने बताया कि स्पिन के खिलाफ कोहली की तकनीक, खासकर गेंद को सही जगह पर रखने की उनकी क्षमता, उन्हें गेंदबाजी करने वाले सबसे मुश्किल बल्लेबाजों में से एक बनाती है।



# स्टीव स्मिथ ने लिया वनडे क्रिकेट से संन्यास



**दुबई,** 5 मार्च (एजेंसियां)। चैंपियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल में भारत के हाथों मिली ऑस्ट्रेलिया की हार के बाद स्टीव स्मिथ ने वनडे क्रिकेट से संन्यास ले लिया है, हालांकि वह टेस्ट और टी20 क्रिकेट के लिए उपलब्ध रहेंगे। 35 वर्षीय स्मिथ ने भारत के हाथों मिली हार के तुरंत बाद ही अपनी टीम के साथियों को अपने संन्यास के बारे में सूचित कर दिया था कि उन्होंने अपना अंतिम वनडे मैच खेल लिया है, जिसका मतलब है कि वह 2027 के वनडे वर्ल्ड कप के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। स्मिथ चैंपियंस ट्रॉफी में पैट कमिंस की अनुपस्थिति में ऑस्ट्रेलिया के कार्यवाहक कप्तान थे।

स्मिथ ने कहा कि यह एक बेहतरीन यात्रा रही है और मैंने हर एक क्षण को भरपूर जिया है। इस यात्रा की कई सुनहरी यादें जिसमें दो वर्ल्ड कप भी शामिल हैं। अब 2027 के वर्ल्ड कप की तैयारी करने का समय है तो मुझे ऐसा लगता है कि यह मेरी विदाई का सही समय है। टेस्ट क्रिकेट अभी भी मेरी प्राथमिकता है और मैं वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की ओर देख रहा हूं। इसके बाद सर्दियों में वेस्टइंडीज के खिलाफ और घर पर इंग्लैंड के खिलाफ भी सीरीज है। टेस्ट क्रिकेट में योगदान देने के लिए अभी मेरे अंदर काफी खेल बाकी है। स्मिथ को टी20 वर्ल्ड कप 2024 में ऑस्ट्रेलिया के दल में जगह नहीं मिली थी, वह इस समय ऑस्ट्रेलिया की टी20 योजनाओं का हिस्सा नहीं हैं लेकिन उन्होंने कहा है कि 2028 में होने वाले लॉस एंजेलिस ओलंपिक में ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व करना चाहेंगे। स्मिथ ने वनडे क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक बल्लेबाज के रूप में संन्यास लिया है। वह इस प्रारूप में ऑस्ट्रेलिया के लिए सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों में 12वें स्थान पर हैं।

### 280 रन से ज्यादा बनाए होते तो नतीजा शायद कुछ ओर होता : स्मिथ

कप्तान स्टीव स्मिथ ने अपनी ऑस्ट्रेलियाई की टीम से सेमीफाइनल में भारत के हाथों हार के बाद कहा, 'हमारे गेंदबाजों ने वाकई बहुत बढ़िया काम किया। स्पिनरों ने भारत पर और दबाव बनाया और सेमीफाइनल को आखिर तक ले गए। शुरू में इस पिच पर बल्लेबाजी मुश्किल थी और हमने अच्छा प्रदर्शन किया। यह पिच बल्लेबाजी के लिए आसान नहीं थी। हम कुछ और रन बना सकते थे। हमने यदि 280 रन से ज्यादा बनाए होते तो सेमीफाइनल का नतीजा शायद कुछ ओर होता। हम एक विकेट खोने के बाद पिच पर बहुत विकेट गंवाए। हमारी गेंदबाजी में अनुभव की बहुत कमी थी। हमारे कई बल्लेबाज जीवट दिखा आगे आए। इंग्लैंड के खिलाफ हमारे बल्लेबाजों ने दमदार बल्लेबाजी की थी। आगे हमारे बल्लेबाज बेहतर होते जाएंगे।

### अर्शदीप ने किया चंडीगढ़ विश्वविद्यालय का दौरा

# कमल टेबल टेनिस से लेंगे संन्यास

**चेन्नई,** 5 मार्च (एजेंसियां)। पांच बार के ओलंपियन और भारत के सबसे मशहूर पैडलर अचंत शरत कमल ने टेबल टेनिस से संन्यास की घोषणा की है, चेन्नई में होने वाला आगामी डब्ल्यूटीटी स्टार कंटेंडर भारत के लिए उनका आखिरी मैच होगा। 42 वर्षीय शरत, जो रिकॉर्ड 10 बार राष्ट्रीय चैंपियन रह चुके हैं, वर्तमान में भारत के शीर्ष रैंक वाले पुरुष एकल खिलाड़ी हैं, जिन्हें नवीनतम डब्ल्यूटीटी रैंकिंग सूची में 42वां स्थान मिला है। शरत ने चेन्नई में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि चूंकि मैंने चेन्नई में अपना पहला अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट खेला था और मैं अपना आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच भी चेन्नई में ही खेलूंगा। मेरे पास राष्ट्रमंडल खेलों के पदक, एशियाई खेलों के पदक हैं, लेकिन ओलंपिक पदक कुछ ऐसा है जो मेरे पास नहीं है। मुझे उम्मीद है कि मैं युवा प्रतिभाओं के माध्यम से उस सपने को जी पाऊंगा। शरत ने अपने दो दशक लंबे करियर में 13 राष्ट्रमंडल खेलों के पदक (सात स्वर्ण सहित) और दो एशियाई खेलों के कांस्य पदक, पांच ओलंपिक खेलों में भाग लिया और दो आईटीटीएफ प्रो टूर खिताब जीते हैं। उन्होंने 2003 में अपना पहला राष्ट्रीय खिताब और 2004 के राष्ट्रमंडल टेबल टेनिस चैंपियनशिप में अपना पहला अंतरराष्ट्रीय पदक जीता। 2004 के एथेंस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने पर उनका करियर ग्राफ एक नई ऊंचाई पर पहुंच गया। 2004 में, शरत को अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया और उन्होंने लगातार पांच राष्ट्रीय खिताब जीते। मेलबर्न में 2006 के राष्ट्रमंडल खेलों में ऐतिहासिक एकल स्वर्ण पदक और पुरुष टीम स्पर्धा में एक और स्वर्ण पदक ने एक सफल वर्ष का समापन किया।



# क्षमता से अधिक सवारिया बिठाकर बे ख़ौफ़ दौड़ रही टैक्सियों पर मेहरबान पुलिस



## जान जोखिम में डालकर सफर करने को मजबूर मुसाफिर

**जतारा, देशबन्धु।** । पुलिस द्वारा लगातार दो पहिया वाहनों की चेकिंग सुबह शाम करके कार्रवाई की जा रही हो, लेकिन थाने के सामने से गुजरने वाली ओवर लोड टैक्सियां पुलिस को नजर नही आ रहीं छोटे वाहन यातायात नियमों को दरकिनार कर नियमों की धज्जियां उड़ा रहे है, छात्राये और मुसाफिर टैक्सी में चालक की जगह बैठकर सफर करने को मजबूर है। इस सम्बंध में यात्री रामदीन कुमार ने बताया कि टीकमगढ़-जतारा मार्ग पर करमौरा की ओर से आने वाली टैक्सी में क्षमता से अधिक सवारियां बैठी हुई थीं उसी टैक्सी में जतारा आने वाली छात्राओं को भी ड्राइवर ने आगे बिठा लिया, जबकि ऐसे सफर में किसी भी दुर्घटना की आशंका बनी रहती हैं। गौरतलब है कि स्थानीय पुलिस प्रशासन द्वारा लगभग प्रतिदिन ही दुपहिया वाहनों की चेकिंग की जाती है। इतना ही नहीं कई बार दुपहिया वाहन चालको का चालान भी काटा जाता हैं, लेकिन ताज्जुब की बात यह हैं कि क्षमता से अधिक सवारियां बिठाकर रोज ही थाने के सामने से निकलने वाले टैक्सी चालकों पर पुलिस आखिर इतनी मेहरबान क्यों है कि छात्राओं को अपनी जान जोखिम में डालकर सफर करना पड़ रहा है। यहां बता दें कि नगर में लगभग 200 से अधिक टैक्सियां चल रही है। जिन्हें चलाने वाले अधिकांश से अधिक चालकों के पास लाइसेंस भी नहीं है, लेकिन पुलिस क्षमता से अधिक सवारियां ले जाने वाले वाहनों पर कोई कार्रवाई करती नजर नहीं आ रही है, जिससे पुलिस की भूमिका पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। अब थाना प्रभारी के समक्ष ओवरलोड वाहन एवं क्षमता से अधिक सवारियां ले जाने वाली बसों और टैक्सियों पर कार्रवाई करने की चुनौती है। ऐसे में व्यवस्थाओ मे भी सुधार जरूरी है।

### इनका कहना है-

पुलिस रोज वाहन चौकिंग कर रही हैं ओवर लोड टैक्सियों बसों ट्रको को भी कार्रवाई के दायरे में आना चाहिए। समय-समय पर पुलिस कार्रवाई करती भी है, क्षमता से अधिक सवारियां ले जाना गैर कानूनी है। इस ओर निश्चित रूप से कार्रवाई की जाएगी।

अभिषेक गौतम
एसडीओपी जतारा

## अरिहंत पब्लिक स्कूल के प्रमुख पर 25 हज़ार का जुर्माना, शासकीय जमीन पर कर रखा था कब्जा

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** नगर समीपस्थ ग्राम कुंवरपुरा स्थित अरिहंत पब्लिक के संचालक पर तहसीलदार ने 25 हज़ार का अर्थदंड लगाया है। वहीं सात दिन के भीतर कब्जा हटाकर जमीन को मूल स्थिति में किए जाने का आदेश जारी किया है। हल्का पटवारी रविकांत गर्ग के अनुसार विमल कुमार जैन ने ग्राम कुंवरपुरा स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 107,108,109 है, इसका रकवा क्रमशः 0.376,0.437,0.129 हेक्टेयर है। वहीं 0.150,0.075,0.021 हेक्टेयर पर अतिक्रमण किया गया है। जिस पर मैदान, भवन सहित बाउंड्री बनाकर कब्जा पाया गया। जांच में पाया गया कि जिस भूमि पर अतिक्रमण वह गौचर सहित भूमि है। उक्त शासकीय जमीन पर अरिहंत पब्लिक स्कूल संस्था के प्रमुख विमल कुमार जैन द्वारा बेजा कब्जा कर अतिक्रमण कर रखा है। गौरतलब है कि विमल कुमार जैन जो अरिहन्त पब्लिक स्कूल संस्था प्रमुख है। जिन्होंने घर के लोगों के साथ मिलकर सोसायटी बनाई और 30 वर्ष पूर्व सरकारी जमीन ढेड़ एकड़ पर कब्जा कर लिया। एडीएम संजय दुबे ने बताया है कि धारा 248 के तहत तहसीलदार ने अतिक्रमण हटाने का आदेश जारी किया है। साथ ही उन्होंने बताया कि जहां जहां लोगों ने शासकीय जमीनों पर कब्जा कर रखा है। उन पर भी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी



# अभद्र व्यवहार करने पर संभाग आयुक्त ने सीईओ को किया निलंबित


**टीकमगढ़,देशबन्धु।** संभागायुक्त डॉ. वीरेंद्र सिंह रावत ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी दिलीप पाठक को रामलाल प्रजापति (बड़ागांव धसान) को गली गलौच करने, अभद्र व्यवहार एवं पैर काटने की धमकी देने के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग सागर संभाग सागर द्वारा जाँच प्रतिवेदन प्रस्तुत के अनुसार रामलाल प्रजापति ने थाना प्रभारी पुलिस थाना बडागाँव धसान को दिलीप पाठक प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा गाली गलोच, अभद्र व्यवहार तथा हाथ पैर काटने की धमकी दिये जाने संबंधी आवेदन पत्र की छायाप्रति प्रेषित की गई है एवं उक्त उल्लेखित वार्तालाप के संबंध में श्री प्रजापति द्वारा ऑडियों भी प्रस्तुत किया गया है, जो अमर्यादित एवं सिविल सेवा आचरण नियमों के विपरीत है। संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा प्रतिवेदन में श्री पाठक द्वारा वरिष्ठ कार्यालय के संज्ञान में लाये वगैर नगर पालिका के समस्त कर्मचारियों को अध्यक्ष के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने के लिए आवेदन, थाना बड़ागाँव धसान में प्रस्तुत करने की कार्यवाही की गई है। उक्त प्रतिवेदन के परिशीलन उपरांत दिलीप पाठक द्वारा अपने पदीय दायित्वों के निर्वहन में घोर लापरवाही, स्वेच्छाचारिता व अनियमितता बरती गई है, उक्त कृत्य मप्र सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम-3 के उपनियम का उल्लघंन है। प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी दिलीप पाठक को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

# गेहूं के बीच छिपाकर की जा रही थी अफीम की खेती, 2 गिरफ्तार




**जतारा, देशबन्धु।** थानाक्षेत्र के मुहारा गांव में अवैध अफीम खेती के आरोप में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 2 करोड़ कीमत की अफीम भी जब्त की है। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीसी एक्ट में केस दर्ज किया गया है। आरोपियों को पकड़ने के लिए एसडीओपी जतारा अभिषेक गौतम समेत 4 थानों की पुलिस टीमें गठित की गईं। टीमों ने आज मुहारा गांव के चुराऊ वाले खेत पर छापेमारी की। पुलिस ने मौके से 4100 किलो अफीम के पौधे जब्त किए। आरोपी की पहचना आशाराम कुशवाहा और देवेंद्र तिवारी निवासी मुहारा गांव के रूप में हुई है। आरोपी तीन बीघा जमीन में गेहूं की फसल के बीच अफीम की खेती कर रहे थे। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से पूरी फसल को जब्त किया। विशेषज्ञों से पौधों की जांच करवाने के बाद उनका वजन किया गया।

# जामनी नदी के फिल्टर प्लांट में सफाई अभियान, सौ से ज्यादा कर्मचारी जुटे



टीकमगढ़, देशबन्धु। **बारीघाट स्थित जामनी नदी** के फिल्टर प्लांट में बड़े पैमाने पर सफाई अभियान शुरू किया गया है। नगर पालिका परिषद ने स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत यह कदम उठाया है। वर्षों से प्लांट की सफाई नहीं होने के कारण नलों में गंदा पानी आ रहा था। नवनियुक्त सीएमओ ओमपाल सिंह भदौरिया ने लोगों की शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए यह अभियान शुरू किया। एक दिन पहले ही शहरवासियों को अनाउंसमेंट के जरिए सूचित कर दिया गया था। सुबह से शाम तक 100 से अधिक कर्मचारी टैंकों की सफाई में लगे हुए हैं। सीएमओ स्वयं मौके पर उपस्थित रहकर सफाई कार्य की निगरानी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए यह सफाई आवश्यक थी। सफाई के कारण आज पानी की सप्लाई बंद रहेगी और कल से नियमित आपूर्ति शुरू हो जाएगी। अभियान में जल शाखा प्रभारी, वार्ड पार्षद और सफाई कर्मचारी भी मौजूद हैं। इस कदम से शहरवासियों को अब स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी।

## पुरानी बुराई पर परिवार के दो पक्षों जमकर मारपीट, 6 लोग घायल

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** दिगौड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम धामना में पुरानी बुराई को लेकर परिवार के दो पक्षों में लाठी डंडों से मारपीट हो गई। इस घटना में दोनों पक्षों के 6 लोग घायल हो गए। रिपोर्ट पर पुलिस ने दोनों पक्षों के कुल 7 आरोपियों के खिलाफ मारपीट करने के आरोप में मामला दर्ज किया है। दिगौड़ा पुलिस ने बताया है कि आज बुधवार को पुरानी बुराई पर परिवार के दो पक्षों में विवाद हो गया। इस विवाद में एक पक्ष के फरियादी रामानंद कुशवाहा व उनके परिजनों के साथ दामोदर, सुरेश व दिनेश कुशवाहा ने लाठी डंडे से मारपीट कर दी। वहीं दूसरे पक्ष के फरियादी सुरेश कुशवाहा व उनके परिजनों के साथ काशीराम, हरिशंकर, रामानंद व रामबगस कुशवाहा ने लाठी डंडे से मारपीट कर दी। इस घटना में दोनों पक्षों के कुल 6 लोग घायल हो गए। दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर पुलिस ने घायलों का उपचार करा कर 7 लोगों के खिलाफ मारपीट करने के आरोप में मामला दर्ज किया है।

# सफाई का जायजा लेने पहुंचे नेता प्रतिपक्ष



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** बरीघाट स्थित फिल्टर प्लांट में बड़े पैमाने पर सफाई अभियान जारी है। नगर पालिका परिषद ने स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत यह कार्य किया जा रहा है। वर्षों से प्लांट की सफाई नहीं होने के कारण नलों में गंदा पानी आ रहा था। बुधवार को नेता प्रतिपक्ष अभिषेक खरे, सांसद प्रतिनिधि अनुराग वर्मा भाजपा पार्षदों के साथ मौके पर पहुंचे। जहां उन्होंने प्लांट की हो रही सफाई का निरीक्षण किया। इस अवसर पर सीएमओ ओमपाल सिंह भदौरिया ने बताया कि लोगों की शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए यह अभियान शुरू किया। एक दिन पहले ही शहरवासियों को अनाउंसमेंट के जरिए सूचित कर दिया गया था। सुबह से शाम तक 100 से अधिक कर्मचारी टैंकों की सफाई में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि वह स्वयं मौके पर उपस्थित रहकर सफाई कार्य की निगरानी कर रहे हैं। क्यों कि शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए यह सफाई आवश्यक थी। सफाई के कारण आज पानी की सप्लाई बंद रही।अभियान में जल शाखा प्रभारी सहित सफाई कर्मचारी भी मौजूद हैं। नेता प्रतिपक्ष अभिषेक खरे ने बताया कि प्रदेश की मोहन सरकार में जनहित से जुड़ी योजनाओ को धरातल पर उतरा जा रहा हैं। उन्होंने बताया कि उन्होंने इस संबंध में उन्होंने कलेक्टर सहित जिले की प्रभारी मंत्री को इस विषय को लेकर चर्चा की थी। जिसके बाद अब लोगों को स्वच्छ पेयजल मुहैया होगा।

# कृषकों की बस को भाजपा जिलाध्यक्ष ने दिखाई हरि झंडी




**टीकमगढ़, देशबन्धु।** कृषक प्रशिक्षण सह भ्रमण कार्यक्रम उद्यानिकी तथा खाध्य प्रसंस्करण प्रभाव टीकमगढ़ द्वारा राज्य पोषित योजना में मप्र राज्य के अंदर कृषक प्रशिक्षण तथा खाद्य प्रसंस्करण द्वारा कृषकों को भ्रमण में दतिया जाने वाली बस को भाजपा जिला अध्यक्ष सरोज राजपूत ने हरि झंड़ी दिखाई। इस अवसर पर सरोज राजपूत ने कहा देश में नरेन्?द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा किसान की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और गेहूँ पर समर्थन मूल्य वढ़ाये जाने पर सरकार की योजनाओं का स्वागत किया। इस अवसर पर तकनिकी शाखा प्रभारी ओमप्रकाश मालवीय सहित विभा श्रीवास्तव, मीरा खरे, जन्मेजय तिवारी, प्रशांत चतुर्वेदी, आंनद कुशवाहा, संध्या सोनी, ॠषि राजपूत, सोनू सहित जिले के किसान मौजूद रहे।

# प्रचार रथ को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना




**टीकमगढ़, देशबन्धु।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार 8 मार्च को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए प्रधान जिला न्यायाधीश श्रीमती प्रवीणा व्यास द्वारा प्रचार रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान प्रधान जिला न्यायाधीश ने कहा कि नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण कर, लोक अदालत का सफल बनाये। लोक अदालत में राजीनामा करने से ना किसी की हार होती है, न ही किसी की जीत होती। आपसी वैमनुष्यता खत्म होकर भाईचारा बना जाता है। प्रचार रथ के द्वारा न्यायिक क्षेत्र के अंतर्गत शहर के प्रमुख स्थानों एवं ग्रामों में नेशनल लोक अदालत का व्यापक प्रचार प्रसार किया गया। कार्यक्रम में प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय शमरोज खान, विशेष न्यायाधीश संजय कुमार गुप्ता, जिला एवं अतिरिक्त न्यायाधीश एनके गुप्ता, अनिल करौरिया, प्रणयदीप ठाकुर, नोडल ऑफीसर, नेशनल लोक अदालत वरूण पुनासे, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती सुनीता गोयल, न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती कविता सिंह संगम, संगम सिंह, मुदित लटोरिया, सुश्री रिशु भगत, श्रीमती नूतन रावते, श्रीमती जया दीक्षित, पुष्पेन्द्र मोहन गर्ग, कु. गरिमा अलावा, शुभम डहेरिया, बृजेन्द्र सिह भदौरिया, जिला विधिक सहायता अधिकारी, एलएडीसीएस के पदाधिकारी सहित विधिक सेवा प्राधिकरण का स्टाफउपस्थित रहे।

# कांग्रेस आज जलाएगी मंत्री प्रहलाद पटेल का पुतला, विधानसभा को होगा घेराव



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल के राजगढ़ जिले के सुठालिया में दिए भिखारी वाले बयान का मुद्दा कांग्रेस ने लपक लिया है। इस मामले को लेकर कांग्रेस 6 मार्च को प्रदेशभर में पटेल का पुतला जलाएगी। साथ ही विधानसभा का घेराव किया जाएगा। बुधवार को नगर के एक निजी होटल में पत्रकारों से रूबरू हुए कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता अजीत सिंह भदौरिया ने कहा कि भाजपा नेता अखंड अहंकार में डूबे हैं। कांग्रेस सालों साल सत्ता में रही लेकिन उसने अहंकार नहीं पाला और गरीब , शोषित, वंचित वर्ग के लिए काम किया। उन्होंने कहा कि भाजपा के राज में जनता की बदहाली की भयानक तस्वीर सामने आ रही है। एक आरटीओ आरक्षक के पास से 100 किलो सोना के साथ करोड़ों रुपए निकलते है। मंत्री गोविंद सिंह राजपूत की क्या स्थिति है आप सबको पता है। प्रदेश में 12000 हजार करोड़ के घोटाले हुए हैं। लेकिन सरकार अपने मद में डूबी हुई है। अगर हम बात करें तो टीकमगढ़ सांसद के द्वारा बनाए गए प्रतिनिधियों पर लगातार बलात्कार की घटना जैसे मामलों में शामिल होने के आरोप लगे है। पुलिस भाजपा के एजेंट के तौर पर काम कर रही है। वहीं महिलाओं का अपमान कर उनका अधिकार छीनने की साजिश की जा रही है। सत्ता पाने के लिए लाड़ली बहना योजना के तहत 3000 रुपए देने का वादा करने वाली भाजपा ने लालच देकर उन्हें पहले 1,250 रुपए दिए। अब धीरे-धीरे योजना से अपात्र बताकर महिलाओं को वंचित किया जा रहा है। श्री भदौरिया ने कहा कि लोकतंत्र में जनता ही जनार्दन होती है। उन्होंने याद दिलाया कि चुनाव के समय प्रहलाद पटेल खुद वोट मांगने जनता के दरवाजे गए थे। उन्होंने सवाल किया कि क्या देश के 27 करोड़ राशन कार्ड धारक और मध्य प्रदेश की लाडली बहना योजना की लाभार्थी भी भिखारी हैं। कांग्रेस विधायक यादवेंद्र सिंह बुंदेला ने भाजपा नेताओं पर जबरन वसूली और अवैध कारोबार के आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि इन आरोपों पर कार्रवाई नहीं हो रही। इस अवसर पर कार्यकारी जिला अध्यक्ष गौरव शर्मा, संजय नायक, सूर्य प्रकाश मिश्रा, प्रणव जायसवाल, रानू मिश्रा, देवीदयाल अहिरवार आदि शामिल थे।

# नर्मदा नियरे

## सार-समाचार

### मंत्री प्रहलाद पटेल के इस्तीफे की उठी मांग

**● पिछड़ा वर्ग कांग्रेस ने कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन**

**बैतूल, देशबन्धु।** भाजपा सरकार के पंचायती मंत्री प्रहलाद पटेल के विवादित बयान को लेकर पिछड़ा वर्ग कांग्रेस ने कड़ा विरोध जताया है। बैतूल जिला कांग्रेस कमेटी के पिछड़ा वर्ग विभाग के जिला अध्यक्ष नारायणराव धोटे के नेतृत्व में कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री मोहन यादव के नाम ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस ने इस बयान की निंदा करते हुए मुख्यमंत्री से मांग की कि मंत्री प्रहलाद पटेल को तत्काल मंत्रिमंडल से बर्खास्त किया जाए।

उन्होंने कहा मंत्री पटेल ने जनता द्वारा सरकार से की जाने वाली मांगों को 'भीख मांगना' करार दिया था, जिसे कांग्रेस ने घोर निंदनीय बताया है। इस बयान से जनता के आत्मसम्मान को ठेस पहुंची है और कांग्रेस ने इसे सीधे-सीधे आमजन का अपमान करार दिया है। इस विरोध प्रदर्शन और ज्ञापन सौंपने के दौरान कांग्रेस के कई पदाधिकारी मौजूद रहे, जिनमें नारायणराव धोटे, राकेश गुप्ता, प्रशांत राजपूत, सुभाष पवार, गोविंद साहू, ऋषि नरवरे, संतोष आर्य, विलेंद्र आर्य, प्रदीप डिगरसे, राजू चौबे, संतोष बारस्कर, मारुति बारस्कर, ज्ञानू अडलक, ज्ञानराव प्रभाकर, मारुति बारस्कर शामिल थे। कांग्रेस ने कहा कि वह जनता के आत्मसम्मान की रक्षा के लिए हर संभव कदम उठाएगी और भाजपा सरकार की नीतियों का विरोध जारी रहेगा।

### रामकथा के अंतिम दिन उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब, भक्तिभाव से हुआ समापन



**बैतूल, देशबन्धु।** ग्राम ससाबड़ में आयोजित नौ दिवसीय श्री रामकथा का भव्य समापन हुआ। यह आयोजन पुंडे परिवार द्वारा किया गया था। कथा वाचक अनूप शास्त्री महाराज कामदगिरी चित्रकूट धाम ने भगवान श्रीराम की लीलाओं का विस्तार से वर्णन किया। रामकथा के अंतिम दिन विशेष रूप से स्वामी रामस्वरूपाचार्य महाराज भी पहुंचे और श्रद्धालुओं को आशीर्वचन दिए।

समापन अवसर पर बड़ी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे। कथा समाप्ति के बाद महाप्रसादी वितरण किया गया, जिसमें ग्रामीणों और भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष विजय पारधी ने इस पावन अवसर पर गुरुजी का सम्मान कर आशीर्वाद लिया और आयोजकों की सराहना की। पूरे नौ दिन तक चली इस रामकथा में श्रद्धालुओं ने बड़ी आस्था और श्रद्धा के साथ भाग लिया। भजन-कीर्तन और प्रवचनों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। समापन समारोह में स्थानीय ग्रामीणों के अलावा आसपास के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी ऐसे धार्मिक आयोजन करते रहने की बात कही।

### थाना प्रभारी पर अपराधियों को बचाने का आरोप, कलेक्टर से शिकायत

**बैतूल, देशबन्धु।** 100 डायल में तैनात प्रधान आरक्षक को बर्खास्त करने और उनके ड्राइवर को हटाने की मांग की जा रही है। इस संबंध में आवेदक पवन मालवी ने कलेक्टर से शिकायत की है और शहीद भवन के सामने अनिश्चितकालीन धरने की अनुमति मांगी है। पवन मालवी के अनुसार, टीयाराम पटेल अपने पद का दुरुपयोग कर जनता को परेशान कर रहे हैं और गंज थाने के प्रभारी उन्हें समर्थन दे रहे हैं। आरोप है कि पुलिस प्रकरण दर्ज करने के बजाय अपराधियों को बचाने का खेल खेल रही है। शिकायत में कहा गया है कि गंज थाना प्रभारी ने कई मामलों में अपराधियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज नहीं की। इस मामले में एसडीओपी और एडीशनल एसपी के निर्देशों की भी अनदेखी की गई है। पवन मालवी ने आरोप लगाया कि रिश्वतखोरी और अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने वालों को ही प्रताड़ित किया जा रहा है। उन्होंने मांग की है कि दोषी पुलिसकर्मियों पर सख्त कार्रवाई हो। पवन मालवी ने आरोप लगाया है कि धरना प्रदर्शन के लिए दिए गए आवेदन को एसडीएम ने एसडीओपी को भेज दिया, लेकिन एसडीओपी ने फोन पर बात करने पर कहा कि उन्हें अब तक आवेदन नहीं मिला है, जबकि धरना आज से शुरू होना था। इसे प्रशासन की लापरवाही और पुलिस की जिम्मेदारी से बचने की कोशिश करार देते हुए उन्होंने जिलेवासियों से अपील की है कि अगर वे किसी भी अन्याय, अत्याचार या शोषण का सामना कर रहे हैं, तो 9981385161 पर संपर्क करें।

### निजी नलकूप खनन पर प्रतिबंध

**बैतूल, देशबन्धु।** कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1986 एवं संशोधन अधिनियम 2002 की धारा-3 के अनुसार जिले में निजी नलकूप खनन पर प्रतिबंध लागू किया गया है। विशेष परिस्थिति में अनुमति उपरांत की निजी नलकूप खनित किये जा सकेंगे। शासकीय, पेयजल प्रयोजन हेतु नलकूप खनन में प्रतिबंध शिथिल होगा। कार्यपालन यंत्री पीएचई ने बताया कि सम्पूर्ण जिले में आज से निजी नलकूप पर प्रतिबंध लागू किया गया है। यदि किसी व्यक्ति द्वारा बिना अनुमति के बोरिंग मशीन लगाकर नलकूप खनन अथवा अन्य कार्य किया जाता है, तो दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी।

# यवतमाल ने ठोके 366 रन, भोपाल हुआ ध्वस्त

**अखिल भारतीय लेदर बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट**




**बैतूल, देशबन्धु।** अखिल भारतीय लेदर बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट राजीव कप में बुधवार को एक नया रिकॉर्ड बन गया। दक्कन बुल्स यवतमाल ने 35 ओवरों में 366 रनों का पहाड़ खड़ा कर बैतूल क्रिकेट इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर बना दिया। भोपाल क्रिकेट क्लब के गेंदबाज इस तबाही के सामने बेबस नजर आए, जबकि उनके क्षेत्ररक्षक भी पूरी तरह से फेल रहे। खराब क्षेत्ररक्षक का आलम यह रहा कि टीम ने 10-12 कैच छोड़ दिए, जिसका फायदा उठाकर यवतमाल के बल्लेबाजों ने रनों की झड़ी लगा दी।

यवतमाल की पारी की शुरुआत धमाकेदार रही। टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए आक्रामक रुख अपनाया। अनुज लांडे ने 53 गेंदों पर 85 रन, वेदांत दिहाड़े ने 50 गेंदों पर 72 रन और विश्वदीप ने 42 गेंदों पर 56 रन की धुआंधार पारी खेली। भोपाल के गेंदबाज विकेट लेने के लिए तरसते रह गए और दक्कन बुल्स के बल्लेबाजों ने मैदान के चारों ओर चौकों-छक्कों की बौछार कर दी। 366 रनों का विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी भोपाल क्रिकेट क्लब की टीम शुरू से ही दवाब में दिखी। कोई भी बल्लेबाज टिककर नहीं खेल पाया और पूरी टीम सिर्फ 169 रनों पर सिमट गई। यवतमाल के गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए भोपाल को कभी भी मैच में वापसी का मौका नहीं दिया। राजसिंह, अनुज, संजय और अथर्वा ने 2-2 विकेट झटके और विरोधी टीम की कमर तोड़ दी। शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए अनुज लांडे को मैन ऑफ द मैच का खिताब दिया गया, जो जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हेमंत वागद्रे ने प्रदान किया।

आयोजन समिति के अध्यक्ष राजकुमार दीवान ने बताया कि इस मैच में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ पत्रकार नवनीत गर्ग, मयंक भार्गव, अरविंद राठौर, संजय शुक्ला, सुनील पलेरिया और अरुण चौबे, कृष्णा नाईक शामिल थे। समिति के ऋषि विश्वास दीक्षित ने बताया कि कमेंट्री की जिम्मेदारी अभिजीत राठौर और हरमीत कौशल ने बहुत ही शानदार तरीके से संभाली। मैच की ऑनलाइन स्कोरिंग हर्षित पंडाग्रे और ऑफलाइन स्कोरिंग आयुष चढ़ोकर ने की, जबकि ग्राउंड मैनेजमेंट की जिम्मेदारी बॉबी भाई ने निभाई। आयोजन में विशेष योगदान देने वालों में प्रदीप गुजरे और सौरभ विश्वकर्मा का नाम शामिल रहा।

## महर्षि वाल्मीकि की मूर्ति स्थापना को लेकर नपा अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन



**बैतूल, देशबन्धु।** शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे के जिला बैतूल प्रमुख प्रदीप जायसवाल के नेतृत्व में शिवसेना कार्यकर्ताओं ने नगर पालिका अध्यक्ष पार्वती बाई बारस्कर से मुलाकात की। इस बैठक में बैतूल नगर कार्यकारिणी अध्यक्ष अमित कोसे और जिला तहसील प्रमुख कमल उईके ने मुर्गी चौक का नाम बदलकर श्री महर्षि वाल्मीकि चौक करने और वहां महर्षि वाल्मीकि की मूर्ति स्थापित करने के संबंध में चर्चा की। इस मांग को लेकर शिवसेना ने नगर पालिका को ज्ञापन सौंपा और अधिकारियों को इस विषय में अवगत कराया।

शिवसेना कार्यकर्ताओं का कहना है कि बैतूल नगर में कई चौक और चौराहों के नाम महापुरुषों के नाम पर रखे गए हैं, लेकिन वाल्मीकि समाज के लिए कोई विशिष्ट स्थान नहीं है। उन्होंने मांग की कि मुर्गी चौक का नाम परिवर्तित कर श्री महर्षि वाल्मीकि चौक किया जाए, जिससे समाज में समानता का संदेश जाए और सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा मिले। साथ ही, वाल्मीकि समाज के लिए एक भवन निर्माण हेतु भूमि आवंटित करने और श्री महर्षि वाल्मीकि जी की प्रतिमा स्थापित करने की अनुमति देने की मांग की गई। इस ज्ञापन की प्रतियां कलेक्टर नरेंद्र सिंह सूर्यवंशी, केंद्रीय मंत्री दुर्गादास उईके और मुख्यमंत्री मोहन यादव को भी भेजी गई हैं। इसके पूर्व भी शिवसेना जिलाध्यक्ष प्रदीप जायसवाल द्वारा शहर के हर चौके चौराहो पर महापुरूषो की प्रतिमा स्थापित करने के लिए मुख्यमंत्री गृह मंत्री के नाम जिला कलेक्टर और नपा बैतूल को ज्ञापन प्रेषित किया गया था। जिसमें चौक चौराहा की संख्या 15 से 20 के अंतराल में थी। इस अवसर पर विशाल विश्वकर्मा, ओम बाथरी, रुप नागले, नवीन कापसे, हर्षित गाडवे, राहुल कुमरे, अविनाश पांसे, अंकित चौकिकर, उमेश इवने और कैलाश कापसे प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## कर्मा जयंती पर होगा रक्तदान शिविर का आयोजन

**बैतूल, देशबन्धु।** युवा साहू समाज सेवा संगठन जिला बैतूल के तत्वावधान में साहू समाज की अधिष्ठात्री देवी भक्त शिरोमणि मां कर्मा जयंती एवं संगठन की स्थापना के 25 वर्ष पूरे होने पर 25 मार्च दिन मंगलवार को धूमधाम से मनाई जाएगी। गोपाल साहू एवं अजय जीतपूरे ने बताया कि इस अवसर पर सेवा गतिविधियों के आयोजन किए जाएंगे। 25 मार्च दिन मंगलवार को पापमोचनी एकादशी के अवसर पर जिला चिकित्सालय बैतूल में दोपहर 1 बजे से 2 बजे तक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। भक्त शिरोमणि मां कर्मा जयंती पर श्री कृष्ण मंदिर बैतूल में सुबह आठ बजे भगवान श्री कृष्ण को भोग अर्पित किया जाएगा। सुबह 8.30 बजे जिला चिकित्सालय बैतूल में अंकुरित आहार का वितरण किया जाएगा। सुबह 10 बजे उड़दन स्थित वृद्ध आश्रम में वृद्ध जनों को स्वल्पाहार वितरण किया जाएगा। दोपहर 12 बजे भोजन शाला में मरीजों के परिजनों को भोजन खिलाया जाएगा। दोपहर 3 बजे से पापमोचनी एकादशी समारोह का आयोजन विनोबा वार्ड बैतूल में किया जाएगा। 25 मार्च को साहू समाज के विवाह योग्य युवक युवतियों की पत्रिका का विमोचन किया जाएगा। विवाह योग्य युवक युवतियां अपने बायोडाटा 15 मार्च तक संस्था पदाधिकारी के पास जमा कर सकते हैं।

## संस्कार भारती कला के माध्यम से राष्ट्र की चेतना को जागृत कर रही: गोखले

**बैतूल, देशबन्धु।** संस्कार भारती के अखिल भारतीय संगठन मंत्री अभिजीत गोखले भोपाल में लोक कला संयोजकों की दो दिवसीय कार्यशाला के बाद बैतूल पहुंचे, जहां उन्होंने संगठन के सदस्यों से चर्चा की। इस अवसर पर



संस्कार भारती बैतूल द्वारा भरत मुनि स्मृति दिवस के निमित्त लोक कला, गुदड़ी कला, भरेवा कला, बांस कला, कला धरोहर और पांचजन्य स्वर्ण जयंती चित्रकला की दुर्लभ प्रदर्शनी विनायक शिशु मंदिर परिसर में आयोजित की गई।

कार्यक्रम में संस्कार भारती के अखिल भारतीय संगठन मंत्री अभिजीत गोखले ने कहा कि संस्कृति की रक्षा में वनवासी समाज का महत्वपूर्ण योगदान है। भोपाल में लोक कला पर चर्चा हुई थी, लेकिन उसकी वास्तविक झलक बैतूल में देखने को मिली। उन्होंने संघ के पंच परिवर्तन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि परिवर्तन अपने घर से प्रारंभ करना चाहिए, जिसमें कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी रहन-सहन, खान-पान और आचार्य विचार प्रमुख हैं।

इस अवसर पर विभिन्न कलाओं में उत्कृष्ट योगदान देने वाले कलाकारों का सम्मान किया गया। भरेवा कला के लिए बलदेव वाघमारे, भजन गायन के लिए मोतीराम जवणे, लोक गायन के लिए ओम प्रधान, गुदड़ी कला के लिए शकुन पाटील, गीता उबनारे और सुनीता को सम्मानित किया गया। कला धरोहर के लिए अंबादास सूने का शाल और श्रीफल देकर सम्मान किया गया। सागर उइके नृत्य समूह ने शानदार लोक नृत्य प्रस्तुत किया, जिसे अभिजीत गोखले ने सराहा और कलाकारों को सम्मानित किया।

कार्यक्रम में संस्कार भारती मध्य भारत प्रांत के प्रांतीय महामंत्री मोतीलाल कुशवाह, जिला अध्यक्ष श्यामराव महस्की, डॉ. अरुण भदौरिया, राघवेन्द्र सिसोदिया, प्रताप धुर्वे, यश कुशवाह, संतोष प्रजापति, अमित सल्लाम, पी.एन. बारंगे, पुष्पलता बारंगे, पवन मेहरा, हरिओम कुशवाहा, संजय पाल सहित बड़ी संख्या में संस्कार भारती के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री योगेन्द्र ठाकुर ने किया।

# लकीरें नाटक में शहीद की पत्नी के दर्द ने भिगोई आंखें



**बैतूल, देशबन्धु।** बालाघाट में आयोजित 14वें राष्ट्रीय नाट्य समारोह में बैतूल की प्रसिद्ध सांस्कृतिक संस्था आरंभ थियेटरके कलाकारों ने अपनी प्रभावशाली प्रस्तुति से दर्शकों को भावुक कर दिया। स्वर्गीय मोहन सिंह परिहार की स्मृति में आयोजित इस महोत्सव में निर्देशक सोनू कुशवाह, राइटर सोनू कुमार द्वारा लिखित नाटक लकीरें का मंचन किया गया, जिसने समाज की कठोर सच्चाई को बड़े ही मार्मिक ढंग से प्रस्तुत किया।

इस नाटक ने बताया कि लकीरें किस तरह जिंदगी में अलग-अलग रूप लेकर आती हैं। माथे पर खिंची लकीरें किस्मत तय करती हैं, जमीन पर खिंची लकीरें सरहद बन जाती हैं, शरीर पर खिंची लकीरें खून निकाल देती हैं और रिश्तों पर खिंची लकीरें अपनों को पराया कर देती हैं। इसी दर्दनाक सच्चाई को नाटक ने जीवंत किया। नाटक में दिखाया गया कि कैसे एक महिला अपने पति की शहादत और बेटे की मृत्यु का दर्द एक ही दिन झेलती है। उसका पति देश की रक्षा करते हुए शहीद हो जाता है और सेना के जवान जब उसकी पार्थिव देह लेकर आते हैं, उसी समय महिला का नवजात बेटा भी दुनिया को अलविदा कह देता है।महिला, जो पहले समाज की बनाई रूढ़ियों और रिश्तों की लकीरों में उलझी थी, अपने पति के शहीद होने के बाद उन सभी लकीरों को तोड़कर अपने बेटे और पति का साथ में अंतिम संस्कार करती है। यह दृश्य इतना भावुक था कि दर्शकों के दिलों को झकझोर कर रख दिया।

बालाघाट के नूतन कला निकेतन नाट्य महोत्सव में हुए इस नाटक के कलाकारों ने ऐसा बेहतरीन अभिनय किया कि हर किसी की आंखें नम हो गईं। कलाकारों ने बड़ी संजीदगी से अपनी भूमिकाओं को निभाया। नाटक में मुख्य किरदारों में रतन का संघर्ष दिखाया गया, जो सरहद पर देश के लिए लड़ रहा होता है, वहीं उसकी पत्नी पूजा अपने घर में समाज की बनाई हुई बंदिशों और संघर्षों से जूझ रही होती है। जब वह समाज के नियमों के खिलाफ जाकर अपने पति और बेटे का अंतिम संस्कार खुद करने का निर्णय लेती है, तो यह दृश्य हर किसी के दिल को झकझोर देता है। नाटक के अंत में जब पर्दा गिरा, तब भी दर्शकों की आंखें नम थीं। पूरा हॉल तालियों की गूंज से भर गया और लोगों ने खड़े होकर %आरंभ थियेटर% के कलाकारों का सम्मान किया। इस शानदार प्रस्तुति में बैतूल के कलाकार करण धाड़से, विष्णु धुर्वे, विक्रम पहाड़े, दिशा राठौर, प्रतिभा कसदेकर, नंदिनी मोहब्बे, ऋतिशा खड़से, माधुरी और समीर वाडिवा ने भाग लिया। सहयोगी नेताराम रावत, सुमित अहिवार, अमित अहिवार, कुंज सरले, अमोल नागले, लक्की इंग्ले, पीयूष लोनरे, रोहित कहार, अक्षय मालवी, पंकज नागले, अंकित अंबुलकर, महादेव बेठे रहे।

## केन्द्रीय कृषि मंत्री के जन्मदिन पर किया रक्तदान



**बैतूल, देशबन्धु।** हमारे रक्त से दूसरों का जीवन बचता है, रक्तदान से बढ़ा कोई दान नहीं होता है। हर व्यक्ति को जीवन में रक्तदान करना चाहिए। इसी उद्देश्य को लेकर केन्द्रीय कृषि मंत्री व पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के जन्मदिन के अवसर पर बुधवार को जिला अस्पताल में रक्तदान किया गया। साथ ही रक्तदाताओं को अनेक प्रजातियों के पौधे भेंट किए गए। रक्तदाता प्रहलाद खाकरे ने कहा कि रक्तदान करने के बाद अच्छा लगता है और वह आगे भी रक्तदान कर लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित करेंगे। इस अवसर पर किराड़ महासभा नवयुवक मंडल के जिला अध्यक्ष मदनलाल डढोरे ने कहा कि ऐसे आयोजनों से लोगों में जनजागृति आती है। इस मौके पर सीएमएचओ रविकांत उइके सिविल सर्जन डॉ.जगदीश घोरे, महासभा जिला अध्यक्ष दयाल पटेल हारोड़े, नवयुवक मंडल जिला अध्यक्ष मदनलाल डढोरे, उपाध्यक्ष डीएस पटेल, शेखर हारोड़े, धनराज नरवरे, नामदेव वर्मा, हेमराज हारोड़े, डॉ.बालाराम झाड़े, हेमराज घिड़ोड़े, किशोरीलाल नरवरे, मनोहर लिल्होरे, तेजेश डढोरे, अशोक बरोदे, महेन्द्र चौरे का सराहनीय योगदान रहा।

## लोक अदालत 8 को, 22 खंडपीठों का होगा संचालन

**बैतूल, देशबन्धु।** जिले में 8 मार्च को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में मामलों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के लिए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष दिनेश चंद्र थपलियाल द्वारा कुल 22 खंडपीठों का गठन किया गया है। इसमें जिला मुख्यालय स्थित जिला न्यायालय बैतूल में 14 खंडपीठ, सिविल न्यायालय आमला में 3, सिविल न्यायालय भैंसदेही में 2 और सिविल न्यायालय मुलताई में 3 खंडपीठ बनाई गई हैं। लोक अदालत में अधिकतम मामलों के निपटारे और उनकी समीक्षा के लिए आज दोपहर 2 बजे न्यायिक अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सिविल, आपराधिक, मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा, पारिवारिक और भरण-पोषण से जुड़े मामले, चेक बाउंस, क्रिमिनल कंपाउंडेबल मामलों समेत अन्य प्रकरणों में जारी नोटिस और पक्षकारों के साथ प्री सिटिंग बैठकों पर चर्चा हुई। तहसील स्तर पर आमला, भैंसदेही और मुलताई के न्यायिक अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संवाद किया गया। बैठक में जिला एवं सत्र न्यायाधीशगण, न्यायिक मजिस्ट्रेट, प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय शिव बालक साहू, जिला न्यायाधीश डॉ. कु. महजबीन खान, हेमंत कुमार यादव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव शर्मिला बिलवार और जिला विधिक सहायता अधिकारी सोमनाथ राय उपस्थित रहे। बैठक में लोक अदालत की सफलता के लिए रणनीति तैयार की गई, ताकि अधिकतम मामलों का समाधान जल्द से जल्द किया जा सके।



## जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक सम्पन्न

**हरदा, देशबन्धु।** जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक कलेक्टर आदित्य सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई।

बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिये कि आंगनवाड़ी केन्द्र, स्कूल व अस्पतालों में पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री पवनसुत गुप्ता को निर्देशित किया कि ग्रीष्मकाल को ध्यान में रखते हुए एक कंट्रोल रूम बना कर उसमें एक सम्पर्क अधिकारी नियुक्त करें जो कि पेयजल संबंधी समस्याओं की मॉनिटरिंग करें। श्री सिंह ने नल जल योजना का कार्य समय पर पूर्ण न करने पर निर्माण एजेन्सी भगवती इंटरप्राइजेस को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। उन्होने सभी निर्माण एजेन्सियों को समय सीमा में नल जल योजना का कार्य गुणवत्ता के साथ पूर्ण कर पंचायत को हेण्डओवर करने के निर्देश दिये। बैठक में अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रवीण इवने सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

### जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक 8 को

जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक 8 मार्च को होगी। संयुक्त कलेक्टर सतीश राय ने बताया कि यह बैठक कलेक्टर आदित्य सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में दोपहर 4 बजे से आयोजित की गई है।

## नगरीय निकायों में भैंसदेही का नाम पहले पायदान पर है




**भैंसदेही, देशबन्धु।** भैंसदेही को इस ऊंचाई पर लाने के लिए नगरपरिषद अध्यक्ष की बेहतर कार्ययोजना और पूर्व सीएमओ की शानदार कार्यप्रणाली को लोग मानते हैं। वर्तमान सीएमओ रीना राठौर द्वारा भी भैंसदेही में स्वच्छता को लेकर और बेहतर व्यवस्थाएं बनाने की दिशा में काम किया जा रहा है। वर्तमान सीएमओ का कहना है कि स्वच्छता की दिशा में बेहतर काम के लिए जनता का सहयोग भी जरूरी है। भैंसदेही के लोग भी जागरूक है और अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। यही कारण है कि भैंसदेही स्वच्छता की दिशा में आने वाले समय में और बेहतर रिजल्ट देगा। इसके लिए सभी संकल्पित है। पार्षदों की बात करें तो उनका मानना है कि नगर परिषद द्वारा स्वच्छता हो या विकास कार्य हो। बेहतर काम किए जा रहे हैं। पार्षदों का कहना है कि जनता के हित में जिस तरह से एक के बाद एक नगर परिषद द्वारा निर्णय लिए जा रहे हैं। यह आने वाले समय में भैंसदेही को नई दिशा और नई ऊंचाइयों की ओर ले जाएगा। नप अध्यक्ष और सीएमओ ने कहा भैंसदेही नगरीय निकायों में पहले पायदान पर है। भैंसदेही को और बेहतर बनाने जनता का सहयोग भी जरूरी है। इस बार भी स्वच्छता सर्वेक्षण में बेहतर काम के लिए नगर परिषद अध्यक्ष मार्गदर्शन और सीएमओ की बेहतर कार्ययोजना से भैंसदेही स्वच्छता की दिशा में नए आयम गढ़ने को तैयार है। नगर परिक्षद अध्यक्ष मनीष सोलंकी ने नगर की जनता से अपील करते कहा है कि स्वच्छता को लेकर सभी अपना अमूल्य योगदान नप को दें ताकि वे भैंसदेही को स्वच्छता की दिशा में नई ऊंचाइयों पर ले जा सके। नगर परिषद सीएमओ रीना राठौन का कहना है कि हम पूरी तरह से नगर और शासन की योजनाओं का पात्रों को लाभ दिलाने के लिए संकल्पित है।

## उच्च जोखिम गर्भावस्था वाली महिला ने स्वस्थ शिशु को दिया जन्म

**● जिला अस्पताल में हुआ सुरक्षित प्रसव**

**बैतूल, देशबन्धु।** आमला तहसील के ग्राम ससुंद्रा निवासी उच्च जोखिम वाली गर्भवती श्रीमती ज्योति पति तरूण धाकड़ ने स्वास्थ्य विभाग की निगरानी में जिला अस्पीताल में स्वस्थ शिशु को जन्म दिया है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रविकांत उइके ने बताया कि आमला तहसील के ग्राम ससुन्द्रा निवासी श्रीमती ज्योति पति तरूण धाकड़ उम्र 22 वर्ष का गर्भवती पंजीयन 16 जुलाई 2024 को उप स्वास्थ्य केन्द्र ससुन्द्रा में किया गया। इस दौरान जांच में पाया गया कि श्रीमती ज्योति का हीमोग्लोबिन 7 ग्राम है, उन्हें जिला चिकित्सालय बैतूल रैफर किया गया, किन्तु व्यक्तिगत कारणों से वह बैतूल नहीं गईं। खंड चिकित्सा अधिकारी आमला डॉ अशोक नरवरे के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य दल द्वारा हीमोग्लोबिन कम होने के खतरों से उन्हें अवगत कराते हुये पुन: समझाइश देकर 1 अगस्त 2024 को जिला चिकित्सालय बैतूल रेफर किया गया। ज्योति को जिला चिकित्सालय बैतूल में जांच में हीमोग्लोबिन 6.5 ग्राम दर्ज किये जाने पर भर्ती कर लिया गया। 13 एवं 14 अगस्त 2024 को उन्हें 2 यूनिट रक्ताधान किया गया एवं 15 अगस्त 2024 को जिला चिकित्सालय बैतूल से डिस्चार्ज कर दिया गया। स्वास्थ्य दल द्वारा श्रीमती ज्योति की निरंतर निगरानी की गई एवं उन्हें पौष्टिक आहार संबंधित सभी प्रकार की जानकारियां प्रदाय की गईं। 4 अक्टूबर 2024 को श्रीमती ज्योति का हीमोग्लोबिन 8.1 ग्राम दर्ज किया गया। सीएचओ श्रीमती लक्ष्मी पंवार द्वारा श्रीमती ज्योति को उप स्वास्थ्य केन्द्र ससुन्द्रा में लाकर 4,7,9,14 एवं 17 अक्टूबर 2024 को 5 बॉटल आयरन सुक्रोज लगाये गये। प्रतिमाह श्रीमती ज्योति की आवश्यक जांचें की गईं। इसके बाद 3 जनवरी 2025 को श्रीमती ज्योति का हीमोग्लोबिन 9.8 ग्राम दर्ज किया गया। 9 फरवरी 2025 को श्रीमती ज्योति ने जिला चिकित्सालय बैतूल में रात 9.45 मिनट पर सामान्य प्रसव से स्वस्थ शिशु को जन्म दिया। शिशु का वजन 3 किलो 300 ग्राम दर्ज किया गया। 11 फरवरी 2025 को श्रीमती ज्योति को जिला चिकित्सालय बैतूल से डिस्चार्ज कर दिया गया। स्वास्थ्य दल द्वारा की गई देखरेख से श्रीमती ज्योति एवं उनका शिशु स्वस्थ हैं। ग्राम की आशा कार्यकर्ता द्वारा एचबीएनसी (होम बेस्ड न्यू बोर्न केयर) विजिट किया जा रहा है। ज्योति के परिजन माँ एवं शिशु के जीवन रक्षक बनने के लिये स्वास्थ्य दल का आभार व्यक्त करते हैं।

नवाचार, उद्यमिता और रोजगार सृजन प्राथमिकता, मुख्यमंत्री ने कहा-

# भोपाल समिट से ग्लोबल हुआ प्रदेश का स्टार्ट-अप इको सिस्टम



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जीआईएस-भोपाल में देश के औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विज़न पर काम करते हुए मध्यप्रदेश भी तेजी के साथ एक मजबूत स्टार्ट-अप हब के रूप में उभर रहा है। प्रदेश सरकार नवाचार, उद्यमिता और रोजगार सृजन को प्राथमिकता देते हुए युवा उद्यमियों की आकांक्षाओं के अनुकूल स्टार्ट-अप कल्चर को विकसित करने की दिशा में प्रभावी रणनीति अपना रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारा प्रयास मध्यप्रदेश को स्टार्ट-अप और नवाचार का केंद्र बनाना है, जहां युवा उद्यमियों के आइडियाज को सफल व्यवसायों में बदलने के लिए अनुकूल माहौल और पूरा सहयोग मिले। जीआईएस-भोपाल में आयोजित 'फ्यूचर-फ्रंटियर ॰ स्टार्ट-अप पिचिंग' सेशन नें प्रदेश के स्टार्ट-अप्स इकोसिस्टम को पंख दे कर ग्लोबल बना दिया है। आधुनिक तकनीक के इस युग में देश के स्टार्ट-अप जगत में मध्यप्रदेश बहुत तेजी से अपनी उपस्थिति दर्ज चुका है। जीआईएस-भोपाल में 20 से अधिक यूनिकॉर्न के संस्थापकों की उपस्थिति इस बात का प्रमाण है। स्टार्ट-अप पर फोकस्ड सेशन 'फ्यूचर-फ्रंटियर ॰ स्टार्ट-अप पिचिंग' में शामिल होने के लिए कुल 180 स्टार्ट-अप्स ने पंजीकरण कराया था। इनमें से 25 हाईली पोटेंशियल स्टार्ट-अप्स ने प्रस्तुतियां दीं। प्रस्तुतियों के विश्लेषण के बाद उन्हें जरूरी मार्गदर्शन और निवेश के अवसर भी मिले। इस सेशन में कुल 47 स्टार्ट-अप शामिल हुए थे। इनमें से 19 स्टार्ट-अप्स को एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट प्राप्त हुए। आईआईसीई ने 4 स्टार्ट-अप्स में रुचि दिखाई, एसजीएसआईटीएस ने 3 स्टार्ट-अप्स में, सिल्वर नीडल वेंचर्स ने 3 स्टार्ट-अप्स में, आईटीआई ग्रोथ ने 3 स्टार्ट-अप्स में, ईज़ीसीड ने 7 स्टार्ट-अप्स में, सीफंड ने 3 स्टार्ट-अप्स में, वेंचर कैटालिस्ट्स ने 10 स्टार्ट-अप्स में, वीएएसपीएल इनिशिएटिव्स ने 4 स्टार्ट-अप्स में, एआईस-आरएनटीयू ने 5 स्टार्ट-अप्स में तथा इक्वैनिमिटी इन्वेस्टमेंट्स ने 5 स्टार्ट-अप्स में निवेश की अभिरुचि प्रदर्शित की।

**स्टार्ट-अप्स को मिल रही है वित्तीय सहायता और प्रोत्साहनः** ध्यप्रदेश में स्टार्ट-अप को बढ़ावा देने के लिये महिलाओं, अनुसूचित जाति, जनजाति के उद्यमियों के स्टार्ट-अप्स को पहले निवेश पर 18 फीसदी, अधिकतम 18 लाख रुपये तक की वित्तीय सहायता मिल रही है। अन्य स्टार्ट-अप्स को पहले निवेश पर 15 प्रतिशत सहायता, अधिकतम 15 लाख रुपये तक की वित्तीय सहायता का प्रावधान किया गया है। इसके साथ इन्क्यूबेटर विस्तार के लिए 5 लाख रुपये का एक मुश्त अनुदान, स्टार्ट-अप्स के ऑफिस किराए में 50 फीसदी राशि की वापसी (तीन वर्षों तक प्रतिमाह 5,000 रुपये) की भी व्यवस्था की गई है। नीति में पेटेंट कराने पर 5 लाख रुपये तक की सहायता और पेटेंट फाइल करने की प्रक्रिया में आवश्यक सहायता का भी प्रावधान किया गया है।

**महिला उद्यमियों के स्टार्ट-अप्स को विशेष प्रोत्साहनः** मध्यप्रदेश में इस समय 4,900 से अधिक स्टार्ट-अप संचालित हो रहे हैं। इनमें से करीब 44 प्रतिशत स्टार्ट-अप्स महिलाओं द्वारा संचालित हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारा लक्ष्य %स्टार्ट-अप इंडिया% के तहत पंजीकृत स्टार्ट-अप्स की संख्या को 100 प्रतिशत तक बढ़ाना और कृषि एवं खाद्य क्षेत्र में स्टार्ट-अप्स को 200 प्रतिशत तक बढ़ावा देना है। इसके लिए प्रदेश में 72 इनक्यूबेटर कार्यरत हैं और उत्पाद-आधारित स्टार्ट-अप्स को बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है। राज्य सरकार की स्टार्ट-अप नीति और क्रियान्वयन योजना के अंतर्गत स्टार्ट-अप्स को वित्तीय मदद, इंफ्रास्ट्रक्चर विकास में सहायता और नीतिगत मदद मुहैया कराई जा रही है। नई स्टार्ट-अप नीति के तहत वित्तीय अनुदान के पात्र स्टार्ट-अप्स को कुल निवेश का 18 फीसदी (अधिकतम 18 लाख रुपये) का अनुदान दिया जा रहा है।

वन्यजीव प्रेमियों के लिए पर्यटन का प्रमुख केंद्र बनेगा चंबल

# माधव नेशनल पार्क होगा प्रदेश का 9वां बाघ संरक्षित क्षेत्र

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भारत में टाइगर स्टेट का दर्जा हासिल कर चुके मध्यप्रदेश को जल्द ही एक नए टाइगर रिजर्व पार्क की सौगात मिलने जा रही है। शिवपुरी जिले का माधव नेशनल पार्क प्रदेश का 9वां बाघ संरक्षित क्षेत्र होगा, जो चंबल क्षेत्र में वन्य जीव प्रेमियों के लिए पर्यटन का प्रमुख केंद्र बनकर उभरेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वे स्वयं बाघों का एक जोड़ा माधव नेशनल पार्क में छोड़ेंगे। चंबल रेंज में पर्यटकों की संख्या में वृद्धि से स्थानीय युवाओं को रोजगार-स्वरोजगार के अवसर मिलेंगे। एशिया में पहली बार चीते भी चंबल के कूनो नेशनल पार्क में दिखाई दे रहे हैं। चंबल नदी क्षेत्र में घड़ियाल एवं डॉल्फिन प्रोजेक्ट पर भी कार्य चल रहा है।

मुख्यमंत्री शिवपुरी के माधव नेशनल पार्क में छोड़ेंगे बाघों का जोड़ा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुधवार को मीडिया को जारी संदेश में कहा कि देश में सबसे ज्यादा टाइगर मध्यप्रदेश में हैं, जिन्हें देखने के लिए बड़ी संख्या में पर्यटक मध्यप्रदेश आते हैं। बाघ संरक्षित क्षेत्र में जंगल सफारी का आनंद लेने के लिए सभी नेशनल पार्कों में सीजन भर पर्यटकों का आवागमन रहता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश में बाघों की संख्या और उनके संरक्षण से प्राप्त उपलब्धियों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए वन विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों सहित प्रदेशवासियों को बधाई दी।

# झाबुआ में डीजे संचालकों ने एनएच 47 पर मचाया बवाल, पुलिस पर किया पथराव

- चक्काजाम के चलते 4 घंटे तक वाहनों के पहिए थमे
- पथराव के साथ पुलिस वाहन में की तोड़फोड़



**झाबुआ, देशबन्धु।** झाबुआ में राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) 47 पर डीजे संचालकों ने जमकर बवाल मचाया। डीजे संचालक इस हद तक बेकाबू हो गए कि उन्होंने पुलिस पर पथराव तक कर दिया। बुधवार सुबह करीब 11 बजे से इंदौर-अहमदाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर करडावद के समीप जिले भर डीजे संचालक इकट्ठे होकर चक्काज़ाम करने लगे। दरअसल, जिला प्रशासन द्वारा आदिवासी समाज में कुरीतियों को दूर करने के लिए डी-3 अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें विवाह में दहेज, दारू और डीजे को प्रतिबंधित किया गया है। इसके चलते डीजे संचालकों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है।




इस खबर के बाद कोतवाली प्रभारी रमेश भास्करे दलबल के साथ पहुंचे। जहां पर बवाल कर रहे डीजे संचालकों से बातचीत चल रही थी। तभी अचानक से पुलिस पर पथराव कर दिया गया। पुलिस ने भागकर अपनी जान बचाई। इसके बाद पुलिस ने आधा दर्जन के करीब आंसू गैस के गोले भी दागे। परंतु हवा का रूख विपरीत होने से उसका असर इन बलवा करने वाले लोगों पर नहीं हुआ। इस दौरान पुलिस वाहन में तोड़फोड़ भी की गई। इस जाम में यात्री बसों सहित सैकड़ों वाहन कई किलोमीटर तक फंसे हुए रहे। गर्मी के इस मौसम में यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना भी करना पड़ा। इन सब को देखते हुए झाबुआ से एएसपी पीएल कुर्वे व अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। इन्होंने प्रदर्शन कर रहे डीजे संचालकों को समझाया। दो दिन में लिखित रूप से अपनी मांगों को प्रशासन के सामने रखने की बात को लेकर चक्काजाम को खत्म किया गया। प्रशासन के आश्वासन के बाद यह प्रदर्शन खत्म हुआ। पथराव को लेकर पुलिस का कहना है कि इस प्रदर्शन में कुछ असमाजिक तत्वों की तरफ से पथराव हुआ है। उनकी पहचान करने के बाद कार्यवाही की जाएगी।

# मंत्री पटेल के खिलाफ आज प्रदेशभर में प्रदर्शन करेगी कांग्रेस



**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश के पंचायत और ग्रामीण विकास मंत्री प्रह्लाद पटेल के बयान को लेकर कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया है। कांग्रेस ने ऐलान किया है कि जनता को भिखारी कहने वाले मंत्री का 6 मार्च को पूरे प्रदेश में पुतला दहन किया जाएगा, जिसमें ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों सहित ब्लॉक, मंडल एवं सेक्टर के पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल रहेंगे। कांग्रेस ने बुधवार को पूरे प्रदेश में पत्रकार वार्ताओं का आयोजन कर मंत्री प्रह्लाद पटेल पर जमकर हमला बोला। इस दौरान ऐलान किया गया कि पार्टी 8 मार्च को जिला मुख्यालयों पर धरना देगी और कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर मंत्री से इस्तीफे की मांग करेगी। राजधानी में कांग्रेस के प्रदेश कार्यालय में प्रदेश मीडिया अध्यक्ष मुकेश नायक, भोपाल शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रवीण सक्सेना, भोपाल ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष अनोखी मानसिंह पटेल, मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता तथा मीडिया प्रभारी (भोपाल) मिथुन अहिरवार ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार के मंत्री पटेल के बयान को जनता का अपमान बताया। नेताओं ने मंत्री और भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं से माफी मांगने की मांग की। इसके साथ ही मंत्री से इस्तीफा देने को कहा। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि चुनाव के पहले जनता को लालच देकर खरीदने की कोशिश करना और चुनाव के बाद उसी जनता को अपमानित करना भाजपा की पुरानी आदत है। अब, प्रदेश सरकार के मंत्री का बयान जनता का अपमान है। कांग्रेस नेताओं ने भाजपा के पिछड़े वर्ग के नेताओं की चुप्पी साधने पर सवाल उठाए हैं और कहा कि चुनाव के पहले इनके नेता जनता की मांगों को लेकर सड़क पर आने की बात कहते थे। अब कहते हैं कि कागज पर अपना अधिकार मांगना भीख है। नेताओं ने आगे कहा कि मंत्री जनता के सेवक हैं। उन्हें जनता के अपमान के लिए माफी मांगनी चाहिए। कांग्रेस पार्टी जनता के अधिकारों के लिए निर्णायक लड़ाई लड़ेगी।

# उत्कृष्ट कार्यों के लिए दिल्ली में 3 लाइनमैन सम्मानित



**भोपाल, देशबन्धु।।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी कार्य क्षेत्र में निर्धारित मापदंडों पर उच्च प्रदर्शन करने वाले तीन लाइनमैन का सम्मान केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण, विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा नई दिल्ली में आयोजित लाइनमैन दिवस समारोह में किया गया। सम्मानित होने वालों में कंपनी के जूनियर इंजीनियर श्री संतोष कुमार अहिरवार को नोडल अधिकारी के रूप में सम्मानित किया गया है। साथ ही कंपनी कार्य क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर हरदा वृत्त में कार्यरत वरिष्ठ लाईन अटेंडेंट श्री रामदीन सेजकर, ग्वालियर शहर वृत्त अंतर्गत कार्यरत श्री अशोक बुनकर एवं श्री अर्जुन बिनजावे को सम्मानित किया गया।

केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण, विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा इंडिया हैबिटेट सेंटर नई दिल्ली में आयोजित लाइनमैन दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सम्मान समारोह -2025 में मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के चार कार्मिकों को अवार्ड मिनले पर ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर तथा मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक श्री क्षितिज सिंघल ने सभी कार्मिकों को बधाई दी है।

गौरतलब है कि समारोह में देश की लगभग 70 डिस्कॉम, 28 ट्रांसमिशन कंपनियों तथा 25 जनरेशन कंपनियों ने भाग लिया। इसमें से मप्र मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के चार कार्मिकों को हाई परफार्मिंग डिस्कॉम का अवार्ड मिला। कंपनी के कार्मिकों को यह अवॉर्ड हमेशा सुरक्षा किट प्रयोग किए जाने, निरन्तर सुरक्षा का ध्यान रखते हुए कार्य करने, तनाव रहित सेवा कार्य करते हुए सुरक्षा मानकों को बेहतरीन ढंग से अपनाने के लिये मिला है।

प्राक्कलन समिति ने की बैठक

# स्मार्ट सिटी और मेट्रों के कार्यों की मौके पर ली जानकारी



**भोपाल, देशबन्धु।** विधानसभा परिसर में मध्य प्रदेश की प्राक्कलन समिति की बैठक संपन्न हुई, जिसमें भोपाल स्मार्ट सिटी एवं मेट्रो रेल प्रोजेक्ट के अधिकारियों ने समिति को स्मार्ट सिटी के निर्माण कार्यों एवं मेट्रो रेल परियोजना के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। बैठक में सभापति अजय बिश्नोई, सदस्य भगवानदास सबनानी, ओमप्रकाश धुर्वे, राजेश वर्मा, अभय मिश्रा , दिनेश बोस, विधानसभा के प्रमुख सचिव श्री ए पी सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के पश्चात समिति ने स्मार्ट सिटी के तहत नवनिर्मित शासकीय आवास गृह, अटल पथ, स्मार्ट रोड, दशहरा मैदान,सदर मंजिल आदि निर्माण कार्यों का अवलोकन/निरीक्षण किया तथा मेट्रो रेल ट्रायल में समिति सम्मिलित हुई

# मुख्यमंत्री के प्रस्तावित झाबुआ दौरे की तैयारी शुरु



## कलेक्टर व एसपी ने उत्कृष्ट मैदान का किया निरीक्षण

**झाबुआ, देशबन्धु।** झाबुआ भगोरिया में सम्मिलित होने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का 9 मार्च 2025 को झाबुआ दौरा प्रस्तावित है।

कलेक्टर नेहा मीना एवं पुलिस अधीक्षक पद्म विलोचन शुक्ल ने उत्कृष्ट मैदान का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। कलेक्टर नेहा मीना ने मैदान की साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था, मंच की व्यवस्था, बैरीकेडिंग, यातायात व्यवस्था, झुलों की सुरक्षा एवं उनके लगाये जाने के स्थान हेतु बैठक करने हेतु निर्देशित किया। इसी के साथ कलेक्टर ने एक दिन पूर्व मॉक ड्रिल कराये जाने, अस्थाई अस्पताल, फायर ब्रिगेड एवं एसडीईआरएफ की टुकड़ी डिप्लोयमेण्ट हेतु निर्देशित किया। पुलिस अधीक्षक पद्म विलोचन शुक्ल ने सुरक्षा एवं यातायात के लिए प्रबन्धन किये जाने के निर्देश दिये। इस दौरान प्रभारी अपर कलेक्टर जितेन्द्र सिंह चौहान, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व झाबुआ भास्कर गाचले, एसडीओपी श्रीमती रूपरेखा यादव, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी एस बघेल, कार्यपालन यंत्री पीडब्ल्यूडी आरिफ अहमद गौरी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# लिवर ट्रांसप्लांट के लिए जमा 33 लाख रुपये, डिजिटल अरेस्ट गैंग ने ठगे

**इंदौर, एजेंसी।** सेवानिवृत्त शिक्षक ने लिवर ट्रांसप्लांट कराने के लिए जो जमा पूंजी एकत्र की थी, उसे साइबर अपराधियों ने डिजिटल अरेस्ट कर ठग लिया। उन्हें मनी लांड्रिंग, ड्रग्स सप्लाई में लिप्त होने होने का आरोप लगाते हुए पूछताछ करने का झांसा दिया। साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत करने पर अपराध शाखा ने 49 खातों को फ्रीज कर बुजुर्ग के 26 लाख 45 हजार रुपये बचा लिए।

## साइबर हेल्पलाइन ने बचाए 26 लाख

एडिशनल डीसीपी (अपराध) राजेश दंडोतिया ने बताया कि घटना रवींद्र बापट के साथ हुई। 63 वर्षीय बापट के पास पिछले वर्ष नौ सितंबर को साइबर ठग का कॉल आया था। उसने फेड-एक्स कोरियर का अधिकारी बताते हुए कहा कि दिल्ली से मलेशिया भेजा पार्सल कस्टम विभाग ने दिल्ली एयरपोर्ट पर रोक लिया है। उसमें 36 फर्जी पासपोर्ट, 140 एमडी ड्रग्स सहित अन्य सामान मिला है। ठग ने बातों में उलझाया और कहा कि इसकी दिल्ली साइबर क्राइम को शिकायत करनी चाहिए। उसने लाइन ट्रांसफर भी कर दी। बात करने वाले दूसरे व्यक्ति ने दिल्ली साइबर क्राइम का अधिकारी बताया और कहा कि बयान के लिए दिल्ली आना पड़ेगा। वृद्ध द्वारा इन्कार करने पर वीडियो कॉल पर ही जानकारी लेने की अनुमति दे दी।

आधार कार्ड से बैंक खाते लिंक बताकर धमकाया आरोपित ने रवींद्र से आधार कार्ड मांगा और कहा कि इसका सत्यापन करना पड़ेगा। कुछ देर जांच का बहाना कर कहा कि इससे तो कई बैंक खाते लिंक हैं। उनमें अवैध तरीके से करोड़ों रुपयों का लेन देन (मनी लॉड्रिंग) हुआ है। आरोपितों ने कानूनी कार्रवाई का डर बताया और कहा कि कभी-कभी अपराधी दस्तावेजों का दुरुपयोग कर लेते हैं। गिरफ्तारी से बचाने के लिए आपसे वीडियो कॉल पर ही पूछताछ होगी। इस दौरान आप किसी से बात नहीं करेंगे। कार्रवाई के बारे में किसी को कुछ नहीं बता सकते हैं।

# रैम्प योजना के तहत 40 महिला उद्यमियों काआज से हैदराबाद दौरा

**भोपाल, देशबन्धु।** सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम भारत सरकार की रैम्प योजना के तहत मध्यप्रदेश की 40 मैन्युफैक्चरिंग से जुड़ी महिला उद्यमियों को हैदराबाद में 6 से 8 मार्च तक एक्सपोज़र विजिट पर भेजने की महत्वपूर्ण पहल की गयी है। मध्यप्रदेश के एमएसएमई विभाग का लघु उद्योग निगम इस महत्वपूर्ण दौरे में नोडल एजेंसी के रूप में साथ रहेगा। इस दौरान प्रदेश की महिला उद्यमी देश की प्रतिष्ठित महिला उद्योगपतियों से भी मिलेंगी और अपने व्यापार को बढ़ाने के लिए उनसे संवाद कर सकेंगी। इन महिला उद्यमियों का चयन प्रदेश के जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्रों के द्वारा किया गया है। यह 40 सदस्यीय दल 6 मार्च को भोपाल एवं इंदौर से विमान द्वारा हैदराबाद रवाना होगा। इस यात्रा का उद्देश्य महिला उद्यमियों को सफल महिला उद्यमियों से मिलने, उनके अनुभवों से सीखने और अपने व्यापार में नए विचार और तकनीक अपनाने के अवसर प्रदान करना है। पहले दिन हैदराबाद में सफल महिला उद्यमियों द्वारा अपने संघर्ष, उद्यमिता विकास और व्यवसाय में अपनाए गए नए तरीकों की जानकारी दी जाएगी। अगले दिन 7 मार्च को महिला उद्यमी फिक्की फ्लो इंडस्ट्रियल पार्क और वी-हब का दौरा करेंगी।

मायावती की भतीजे के बाद भाई पर कार्रवाई

# आनंद को राष्ट्रीय समन्वयक पद से हटाया

लखनऊ, 5 मार्च (एजेंसियां)। बसपा सुप्रीमो मायावती ने आकाश आनंद को पार्टी से निकालने के बाद अब उनके पिता आनंद कुमार को भी राष्ट्रीय समन्वयक पद से हटा दिया है। उनकी जगह रणधीर बेनीवाल को राष्ट्रीय समन्वयक बनाया गया है। मायावती ने एक्स पर बयान जारी कर कहा कि काफी लम्बे समय से निस्वार्थ सेवा व समर्पण के साथ कार्यरत बीएसपी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आनन्द कुमार, जिन्हें अभी हाल ही में राष्ट्रीय समन्वयक भी बनाया गया था, उन्होंने पार्टी व मूवमेन्ट के हित के मद्देनजर एक पद पर रहकर कार्य करने की इच्छा व्यक्त की है, जिसका स्वागत है। मायावती ने लिखा कि ऐसे में आनंद कुमार पहले की ही तरह बीएसपी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद पर रहते हुए सीधे मेरे दिशा-निर्देशन में अपनी जिम्मेदारियों को निभाते रहेंगे। अब उनकी जगह यूपी के जिला सहारनपुर के रहने वाले रणधीर बेनीवाल को नेशनल कोआर्डिनेटर की नई जिम्मेदारी दी गई है। बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष ने लिखा कि इस प्रकार, अब रामजी गौतम, राज्यसभा सांसद रणधीर बेनीवाल ये दोनों बीएसपी राष्ट्रीय समन्वयक के रूप में सीधे तौर पर मेरे दिशा-निर्देशन में देश के विभिन्न राज्यों की जिम्मेदारियों को संभालेंगे। पार्टी को उम्मीद है कि ये लोग पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ काम करेंगे।

मायावती ने सोमवार को अपने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी से निकाल दिया था। इसके पहले रविवार को उन्होंने आकाश आनंद को पार्टी के सभी पदों से हटाया था। आकाश ने सोमवार को मायावती के फैसले पर प्रतिक्रिया दी थी। इससे नाराज होकर मायावती ने उन्हें बसपा से निष्कासित करने का फैसला लिया था।

## किसानों ने भगवंत मान का पुतला जलाया

**अमृतसर, एजेंसी।** पंजाब में किसान संगठनों और राज्य सरकार के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है। इसी कड़ी में आज किसान संगठनों ने अमृतसर में मुख्यमंत्री भगवंत मान का पुतला फूंकते हुए पंजाब सरकार मुर्दाबाद के नारे लगाए। प्रदर्शन का नेतृत्व किसान नेता सरवन सिंह पंढेर ने किया। उन्होंने जेल में बंद किसानों की रिहाई की मांग की और सरकार के खिलाफ विरोध जताया। पंढेर ने कहा, भगवंत मान सरकार किसानों के साथ सही व्यवहार नहीं कर रही है। सरकार किसानों को पीट रही है और उनकी आवाज दबा रही है।

डल्लेवाल के अनशन के सौ दिन पूरे

# किसान नेता बोले, आज संसद से सड़क तक एमएसपी गारंटी कानून की गूंज

चंडीगढ़, 5 मार्च (एजेंसियां)। किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल के आमरण अनशन के बुधवार को 100 दिन पूरे हो गए हैं। देशभर में किसानों ने बड़ी संख्या में जिला और तहसील स्तर पर सांकेतिक भूख हड़ताल की। दातासिंहवाला-खनौरी किसान मोर्चे, शम्भू मोर्चे एवम रत्नपुरा मोर्चे पर सैंकड़ों किसानों सांकेतिक भूख हड़ताल पर बैठे।

इसके साथ-साथ आज पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, तमिलनाडु, कर्नाटक में भी किसानों ने व्यापक स्तर पर सांकेतिक भूख हड़ताल की। किसान नेताओं ने कहा कि 100 घंटे भूखे रहने से ही इंसान की हालत खराब हो जाती है, लेकिन जगजीत सिंह डल्लेवाल जी मजबूत इरादों के धनी हैं और परमात्मा-वाहेगुरु के आशीर्वाद से 100 दिन से आमरण अनशन पर होने के बावजूद उनके हौसले बुलंद हैं। जगजीत सिंह डल्लेवाल ने कहा कि आज सड़क से लेकर संसद तक एमएसपी गारंटी कानून की गूंज सुनाई दे रही है। यह परमात्मा-वाहेगुरु के आशीर्वाद से सम्भव हुआ है, जगजीत सिंह डल्लेवाल ने स्वयं कुछ नहीं किया। किसान नेताओं ने कहा कि यूं तो हमारे देश को दुनिया का सब से बड़ा लोकतंत्र कहा जाता है, लेकिन पिछले 100 दिनों से जगजीत सिंह डल्लेवाल का सत्याग्रह चल रहा है, उसके बावजूद केंद्र सरकार ने अब तक किसानों की मांगें पूरी नहीं की हैं और अब भी किसानों के धैर्य की परीक्षा ले रही है।

पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमिटेड फौजदार गैरेज पवारखेड़ा इटारसी रोड नर्मदापुरम से मुद्रित एवं 45, वार्ड नं. 6, कसेरा मुहल्ला नर्मदापुरम म.प्र. से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** फोन 422297। ई-मेल deshbandhuhbd1@gmail.com समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।